ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • आषाढ़ कृष्ण पक्ष 02 • विक्रम संवत 2080 • मंगलवार, 06 जून 2023 • वर्ष-24 • अंक- 123 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00



अपने पति की मौत का बदला लेने के... पेज 12 पर

## अवैध बालू कारोबार को ले धनबाद, हजारीबाग में ईडी के छापे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अवैध बालू खनन मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने धनबाद और हजारीबाग में सोमवार को छापेमारी की है। अवैध बालू खनन का यह मामला बिहार के औरंगाबाद से जुड़ा है। इसी को लेकर ईडी की टीम धनबाद में जगनारायण सिंह और हजारीबाग में बालू खनन से जुड़े लोगों के ठिकानों पर पहुंचकर छापेमारी की। बताया जा रहा है कि ब्राडसन कमोडिटी प्राइवेट लिमिटेड बालू कारोबार को संचालित कर रहा था। 2016-17 में इस कंपनी के खिलाफ शिकायत की गई थी। जांच के लिए एसआईटी गठित की गयी थी। इसके बाद यह मामला ईडी तक पहुंचा। इसके बाद इस कंपनी के निदेशक और सदस्यों के यहां ईडी ने छापेमारी की है। 12 घंटे से अधिक चले छापेमारी अभियान में ईडी को कई महत्वपूर्ण दस्तावेज हाथ लगे हैं। सोमवार सुबह धनबाद जिले के तीन अलग-अलग थाना क्षेत्र धनबाद, सिंदरी और झरिया में संबंधित बालू कारोबारियों के ठिकानों पर ईडी की टीम ने छापेमारी की। सुबह आठ बजे से पांच अलग-अलग स्थानों पर टीमें छापेमारी कर रही थीं, बालू कारोबारी जगनारायण सिंह, अशोक जिंदल, सुरेन्द्र जिंदल, टीपी सिंह और पुंज सिंह के यहां भी ईडी ने छापेमारी की। सभी जगहों पर सुरक्षा बलों के साथ ईडी ने एंट्री की। उसके बाद ईडी ने संबंधित आवासीय परिसरों को अंदर से बंद कर दिया। जानकारी के मुताबिक रांची ईडी की टीम ने छापेमारी की। धनबाद में पांच बालू कारोबारियों के ठीकानों पर ईडी की छापेमारी से शहर में हड़कंप मच गया। ईडी की छापेमारी जिन-जिन स्थानों पर हुई, उनमें पॉलीटेक्निक रोड़ स्थित जग नारायण सिंह, चंचनी कॉलोनी स्थित अशोक जिंदल और सिंदरी स्थित सुरेन्द्र जिंदल का आवास शामिल हैं।



### पूजा सिंघल सहित अन्य की न्यायिक हिरासत की अवधि 15 जून तक बढ़ी

**ईडी के** विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत ने निलंबित आईएएस पूजा सिंघल सहित अन्य की न्यायिक हिरासत अवधि 15 जून तक के लिए बढ़ा दी है। रिम्स में इलाजरत निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की पेशी सोमवार को ईडी कोर्ट में नहीं हो सकी। वहीं दूसरी ओर मामले के आरोपित सीए सुमन कुमार, खूंटी के तत्कालीन सहायक अभियंता शशि प्रकाश और पूर्व जेई राम विनोद प्रसाद सिन्हा की पेशी सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से ईडी के विशेष न्यायाधीश की कोर्ट में हुई। कोर्ट ने इन तीनों की न्यायिक हिरासत की अवधि भी 15 जून तक बढ़ा दी है। उल्लेखनीय है कि गत 10 अप्रैल को पूजा सिंघल के खिलाफ कोर्ट ने आरोप गठित कर दिया था। इसके अलावा सीए सुमन कुमार एवं खूंटी के तत्कालीन सहायक अभियंता शशि प्रकाश के खिलाफ भी आरोप गठित हुआ था। इसके अलावा इन सभी के पूर्व में चार्जशीट भी दाखिल हो चुकी है।

## क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी पहुंचे रांची

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पूर्व भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी सोमवार देर शाम रांची पहुंचे। धोनी के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर आने की खबर जैसे ही उनके फैंस को मिली, तो धोनी के टर्मिनल से बाहर निकलते ही प्रशंसकों ने उनके करीब पहुंचने की कोशिश की। एयरपोर्ट पर फैंस उनकी एक झलक पाने को बेताब दिखे। वहां सेल्फी लेने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी।

सुरक्षाकर्मियों ने धोनी को उनकी गाड़ी तक पहुंचाया। धोनी की अगुवाई वाली चेन्नई सुपर किंग आईपीएल के 16वें सीजन में गुजरात को मात देकर 5वीं बार चैंपियन बनी है। आईपीएल के दौरान अपने घुटने की परेशानी से जूझते हुए उन्होंने सीजन पूरा किया। एक मई को मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में घुटने का ऑपरेशन कराया। अब धोनी अपने घर रांची पहुंच चुके हैं। धोनी के साथ उनकी पत्नी साक्षी सिंह धोनी और बेटी जीवा भी आई हैं।



महेंद्र सिंह धोनी का मुंबई में घुटने का सफल ऑपरेशन कोकिलाबेन हॉस्पिटल के मशहूर डॉक्टर दिनेशॉ पारदीवाला ने किया था। ये वही डॉक्टर हैं, जिन्होंने सचिन और युवराज जैसे खिलाड़ियों के भी चोट का इलाज किया था। धोनी को फिट होने में कम से कम दो महीने लगेंगे। फाइनल में जीतने के बाद धोनी ने कहा था कि वह अगला सीजन खेलने की पूरी कोशिश करेंगे। बताया जाता है कि रांची से लगभग 80 किलोमीटर दूर लापुंग के गलगली धाम में धोनी वैद्य बंदन सिंह खेरवार से से भी घुटने का इलाज करा चुके हैं। वैद्य ने गाय का दूध, पेड़ छाल और कई जड़ी-बूटियों से दवाइयां बनाकर धोनी को दी थी।

## NEWS इन ब्रीफ

### झारखंड हाईकोर्ट के नए भवन में 12 जून से संचालित होंगे सभी कोर्ट

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के सभी कोर्ट 12 जून से धुर्वा स्थित नए हाई कोर्ट बिल्डिंग से संचालित होंगे। डोरंडा स्थित पुराने हाई कोर्ट की जगह अब कोर्ट की कार्यवाही धुर्वा स्थित नए भवन से संचालित किए जाएंगे। इस संबंध में झारखंड हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल मोहम्मद शाकिर ने आदेश जारी करते हुए राज्य सरकार के सभी विभागोंए केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों इत्यादि को पत्र लिखकर सूचित किया है। 600 करोड़ की लागत से बने झारखंड हाई कोर्ट के नए भवन का उद्घाटन हाल में ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया था। नए हाई कोर्ट बिल्डिंग में तमाम आधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं। पुराने हाई कोर्ट भवन से कोर्ट के सारे महत्वपूर्ण दस्तावेज इत्यादि नए हाई कोर्ट भवन में शिफ्ट भी किए जा रहे हैं।

### पलामू में जमीनी विवाद में पुत्र ने की पिता की हत्या

**मेदिनीनगर।** जिले के छत्तरपुर थाना क्षेत्र में रविवार की रात छोटे पुत्र बिन्देश्वर यादव ने अपने पिता नारायण यादव (60) को नुकीले एवं धारदार हथियार से शरीर के कई हिस्से में वारकर मार डाला। घटना अर्जुनडीह मोहल्ले में घटी। पुलिस ने सोमवार को शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद पुत्र बिन्देश्वर यादव फरार है। घटना के मूल में जमीन विवाद है। पिता का शव क्षत-विक्षत अवस्था में नवनिर्मित घर छतरपुर उदयगढ़ रोड के किनारे मिली है। यह मकान पिता द्वारा बड़े पुत्र के लिए बनाया जा रहा था। थाना प्रभारी शेखर कुमार ने बताया कि कुछ माह से पिता.पुत्र के बीच जमीनी विवाद और फोरलेन बाईपास में गई जमीन की मिली राशि का मामले को विवाद रहा था।

### अवधेश राय हत्याकांड में माफिया मुख्तार अंसारी को उम्रकैद

**वाराणसी।** माफिया मुख्तार अंसारी को सोमवार को 30 साल से अधिक पुराने वाराणसी के बहुचर्चित अवधेश राय हत्याकांड में विशेष न्यायाधीश (एमपी-एलएलए कोर्ट) अवनीश गौतम की अदालत ने माफिया मुख्तार अंसारी को उम्र कैद की सजा सुनाई है। एक लाख रुपये से अधिक का जुमार्ना भी लगा है। एक अधिवक्ता ने वाराणसी कोर्ट के बाहर पत्रकारों को बताया कि एमपी-एमएलए अदालत के विशेष न्यायाधीश अवनीश गौतम ने मामले में अंसारी को उम्रकैद की सजा सुनाई। कांग्रेस नेता अजय राय के भाई अवधेश राय की तीन अगस्त 1991 को उनके लहुराबीर आवास के दरवाजे पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में मुख्तार अंसारी व अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। बता दें बीते एक साल में मुख्तार अंसारी को चार मामलों में सजा सुनाई जा चुकी है।

## चतरा : टीएसपीसी के 3 नक्सली गिरफ्तार, जेल

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**

पांच दिन पूर्व टंडवा थाना क्षेत्र के फुलवरिया गांव में रेलवे लाइन निर्माण कार्य में लगे जेएससी कंपनी के कामगारों के साथ धमकी देने, मारपीट व पोकलेन जलाने की घटना को अंजाम देने वाले टीएसपीसी के तीन उग्रवादियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। उपरोक्त जानकारी एसडीपीओ शंभू सिंह ने प्रेस वार्ता कर देते हुवे बताया कि ठोस तकनीकी साक्ष्यों व मजबूत सूचना तंत्र के बदौलत विभिन्न जगहों से संलिप्त तीन अपराधियों की गिरफ्तारी हुई है। जिसमें टंडवा थाना क्षेत्र के मारंगलोइया टोला बड़कीतरी निवासी 19 वर्षीय मनोज गंझू पिता बासुदेव गंझू, हजारीबाग जिला के केरेडारी थाना स्थित बरवाटांड निवासी 24 वर्षीय अर्जुन भोक्ता व संजय गंझू दोनों पिता स्व. नागेश्वर गंझू को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से टीएसपीसी सबजोनल कमिटी का 6 नक्सली पर्चा, घटना में प्रयुक्त अपाची मोटरसाइकिल जेएच 13 जे 0775 तथा कांड में प्रयोग किए गए 3 मोबाइल जब्त किए गए हैं। आगे बताया कि 31 मई को देर रात रंगदारी वसूली को लेकर टीपीसी के 10-12 अज्ञात उग्रवादियों ने हथियारों से लैस होकर घटनास्थल में 4 से 5 राउंड फायरिंग कर लगभग आधा दर्जन मजदूरों की जमकर पिटाई करते हुए पोकलेन मशीन को आग के हवाले कर दिया था। मामले में पुलिस द्वारा विभिन्न धाराओं के तहत कांड संख्या 105/2023 में प्राथमिकी दर्ज कर एसपी राकेश रंजन द्वारा एसडीपीओ टंडवा के नेतृत्व में गठित एसआइटी ने अपराधियों के धरपकड़ में दिन-रात लगी हुई थी। वहीं गिरफ्तार ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर



### पीएलएफआई के दिनेश गोप की रिमांड बढ़ी

**रांची।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के सुप्रीमो दिनेश गोप की रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच सोमवार को एनआईए कोर्ट में पेश किया गया। एनआईए ने कोर्ट से दिनेश गोप से और एक दिन पूछताछ के लिए रिमांड पर लेने का आग्रह किया। इसके बाद एनआईए के विशेष न्यायाधीश मधुरेश प्रसाद वर्मा की कोर्ट ने एनआईए को दिनेश गोप से एक और दिन पूछताछ करने के लिए रिमांड पर देने का आदेश दिया। इससे पूर्व दिनेश का मेडिकल जांच कराया गया। उल्लेखनीय है कि पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप को एनआईए ने 21 मई को दिल्ली से गिरफ्तार किया था। इसके बाद ट्रांजिट रिमांड पर विमान से रांची स्थित बिरसा मुंडा एयरपोर्ट लाया गया था।

### जेसीबी को उग्रवादियों ने किया आग के हवाले

**लोहरदगा।** जिले में एक बार भाकपा माओवादियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए सड़क निर्माण में लगे जेसीबी को आग के हवाले कर दिया। इस घटना के बाद निर्माण कार्य में लगे दहशत में है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस सोमवार को घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। यह घटना जिला के सेरेंगदाग थाना क्षेत्र के मन्हेंपाट में हुई है, जहां भाकपा माओवादी के रीजनल कमांडर और 15 लाख के इनामी रविंद्र गंझू ने सड़क निर्माण कार्य में लगे जेसीबी को आग के हवाले कर एक बार फिर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। माओवादियों ने एक मिक्सर मशीन को भी क्षतिग्रस्त करने का प्रयास किया।

### नक्सली जयराम हेस्सा सहयोगी संग गिरफ्तार

**प. सिंहभूम।** नक्सल प्रभावित टोंटो थाना पुलिस ने नक्सली जराटोल मुंडासाई निवासी जयराम हेस्सा और उसके सहयोगी नाबालिग को सोमवार को हिरासत में लिया है। बाद में पुलिस ने जयराम हेस्सा के घर से जिलेटिन, तार, डेटोनेटर आदि बरामद किया है। पुलिस ने आरोपित को सोमवार को जेल और सहयोगी नाबालिग को रिमांड होम चाईबासा भेज दिया है। पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोंटो थाना अंतर्गत जराटोला मुंडासाई निवासी जयराम हेस्सा पूर्व में नक्सली मामले में 17 साल तक जेल में रह चुका है। जेल से छूटने के बाद वह फिर नक्सली गतिविधि में शामिल हो गया।

### नक्सलियों की साजिश नाकाम, दो आईईडी बम बरामद

**प.सिंहभूम।** चाईबासा जिले के गोईलकेरा थाना क्षेत्र के मारादिरी गांव से कुईड़ा के बीच जंगली-पहाड़ी क्षेत्र से पुलिस ने इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) दो बरामद किया है। बरामद आईईडी में आठ किलो का एक और पांच किलो का एक शामिल है। एसपी आशुतोष शेखर ने सोमवार को बताया कि गत 27 जून से एक अभियान टोन्टो थाना क्षेत्र के तुम्बाहाका, अंजदबेड़ा के सीमावर्ती क्षेत्र और गोईलकेरा थाना के कुईड़ा एवं मारादिरी गांव के सीमावर्ती क्षेत्र में प्रारंभ किया गया है। इसी क्रम में सोमवार को सर्च अभियान के दौरान सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के उद्देश्य से लगाए गए दो आईईडी बरामद किया। दोनों आईईडी को डिफ्यूज कर दिया गया है। इलाके में सर्च अभियान जारी है। एसपी ने बताया कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है।

## चोरी के 101 सिलिंडर बरामद, चार गिरफ्तार

**रांची।** नामकुम थाना पुलिस ने चोरी के 101 पीस गैस सिलिंडर बरामद करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में सुखेदवनगर निवासी बिट्टू कुमार, बरियातू निवासी रमेश कुमार, कोकर तिरिल निवासी निशांत कुमार और बरियातू निवासी पंकज कुमार शामिल है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने सोमवार को नामकुम थाने में प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि खरसीदाग ओपी के एचपी गैस गोदाम कुटियातू से 39 पीस गैस सिलिंडर चोरी होने पर गैस गोदाम के मालिक ने चार जून को प्राथमिकी दर्ज करायी थी। इसके पूर्व में भी सिलिंडर चोरी को लेकर मामला दर्ज कराया गया था। चोरी की घटना को लेकर थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने अनुसंधान के क्रम में मिले गुप्त सूचना के आधार पर चोरी की घटना में शामिल चार आरोपितों को गिरफ्तार किया।

## स्वास्थ्य मंत्री ने सरयू राय को भेजा नोटिस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और विधायक सरयू राय का मामला थमने का नाम ही नहीं ने ले रहा है। अब एक नया मामला सामने आया है जिसमें मंत्री बन्ना गुप्ता ने सरयू राय के खिलाफ नोटिस जारी किया है। मंत्री ने नोटिस के माध्यम से कहा है कि विधायक सरयू राय उनसे माफी मांगे, नहीं तो उनके खिलाफ 10 करोड़ के मानहानि का केस दर्ज करुंगा।

बन्ना गुप्ता ने विधायक सरयू राय के खिलाफ चाईबासा के एमपी.एमएलए कोर्ट में 10.10 करोड़ रुपये की मानहानि के दो केस दर्ज कराए हैं। अब बन्ना मानहानि का तीसरा केस करने की तैयारी में हैं। इसे लेकर बन्ना गुप्ता ने अधिवक्ता प्रकाश झा के माध्यम से सरयू राय को धारा 499,500 के तहत दोबारा 10 करोड़ के



मानहानि का नोटिस भेजा है।

उल्लेखनीय है कि सोशल मीडिया पर सरयू राय ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पर आरोप लगाया था कि राज्य में स्वास्थ्य विभाग की स्थापना समिति में एक महिला डॉक्टर की पदस्थापना की फाइल सीएम के पास मंजूरी के लिए भेजी गई है। सरयू राय ने इस मामले पर कहा है कि उस फाइल को मंत्री बन्ना गुप्ता करीब ढाई महीने तक क्यों दबाकर बैठे थे। सरयू राय ने कहा था कि इसमें नियम का उल्लंघन हो रहा है। इस पर बन्ना गुप्ता मुख्यमंत्री के अधिकार को चुनौती दे रहे हैं। साथ ही सरयू राय ने सोशल मीडिया ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### विश्व पर्यावरण दिवस पर राज्यपाल ने राज भवन में किया पौधरोपण

## झारखंड व आदिवासियों का वृक्षों से है विशिष्ट संबंधः सीपी राधाकृष्णन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि सभी को पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझना चाहिए। पर्यावरण दिवस पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूकता और प्रतिबद्धता को व्यक्त करने का अवसर है। राज्यपाल ने कहा कि झारखंड राज्य का वृक्षों से विशिष्ट संबंध रहा है। यहां हर्षोल्लास के साथ सरहुल पर्व मनाया जाता हैए जिसमें वृक्ष की पूजा की जाती है। उन्होंने एनएसएस के स्वयंसेवकों से कहा कि आज आप सभी विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण करें एवं उसके संवर्द्धन की दिशा में ध्यान दें। उन्होंने एनएसएस के ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### मुख्यमंत्री ने विश्व पर्यावरण दिवस की दी शुभकामनाएं



**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस की बधाई दी है। उन्होंने ट्वीट करते हुए कहा कि सदियों से आदिवासी जीवन मूल्यों का केंद्र रहा है। प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण इन्हीं मूल्यों को आत्मसात कर हम आने वाली पीढ़ी को बेहतर, सुंदर और स्वस्थ भविष्य दे सकते हैं। विश्व पर्यावरण दिवस की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं और जोहार।

### ट्रैफिक कंट्रोल रूम से सीधा घर जाएगा चालान, शहर में व्यवस्था लागू

## हेलमेट नहीं तो कटेगा ऑटोमैटिक चालान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अब राजधानी रांची में बिना हेलमेट के बाइक चलाने वालों का ऑटोमैटिक चालान कट रहा है। ऐसे में वैसे लोगों को चेत जाने की जरूरत है, जो बिना हेलमेट के शहर की सड़कों में फर्राटे भरते थे। रांची की ट्रैफिक पुलिस ने अपने काम करने के तरीके में कई बदलाव कर दिए हैं। विशेष रूप से वैसे लोग जो बिना हेलमेट के वाहन चलाते हैं, उनका ऑटोमैटिक चालान कट जाएगा। ट्रैफिक पुलिस वाहन चालक के पास आएगी भी नहीं। चालान कटने के बाद सीधा आपके रजिस्टर्ड पते पर पहुंच जाएगा। और यह सबकुछ होगा चौराहे पर लगे कैमरे की मदद से । शहर में यह व्यवस्था काम करना भी शुरू कर दिया है। इस सिस्टम को लागू करने के लिए शहर में 18 जगहों पर कैमरे लगाए गए हैं। ये कैमरे काम भी कर रहे हैं। इस संबंध में ट्रैफिक डीएसपी जीवाहन उरांव ने बताया कि नयी सिस्टम के तहत जब बिना हेलमेट वाले चालक इन कैमरे के दायरे में आएंगे, कैमरे उनकी गाड़ी का नंबर प्लेट रीडिंग करेगा। फिर नंबर प्लेट को स्कैन कर, उसमें दर्ज पते पर चालान भेज दिया जा रहा है। इस सिस्टम का लाभ भी देखने को मिल रहा है। यह सिस्टम शहर में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों में हुई रिकॉर्ड के आधारा पर की जाएगी। बिना हेलमेट वालों का ऑटोमैटिक चालान काटने की व्यवस्था को शहर में लागू भी कर दिया गया है।



ट्रैफिक डीएसपी जीवाहन उरांव के मुताबिक अब तक ऑटोमेटिक चालान काटने की व्यवस्था केवल वैसे लोगों पर लागू थी जो सिर्फ रेड लाइट जंप करते थे। इसके अतिरिक्त ट्रैफिक के अन्य नियम के लिए ट्रैफिक पोस्ट के पास रहने वाले अधिकारियों के जरिए पूरा होता था। ऐसे में अक्सर देखने को मिलता था कि लोगों और ट्रैफिक पुलिस के बीच बहस हो जाया करती थी।

लेकिन इस नए सिस्टम के लागू होने से ऐसा कुछ नहीं होगा। यातायात नियम तोड़ने वालों को ट्रैफिक कंट्रोल रूम से ही उनके घर पर चालान भेजा जाएगा। ट्रैफिक डीएसपी जीवाहन उरांव के मुताबिक शहर के विभिन्न जगहों पर लगे आरएलवीडी-एएनपीआर कैमरा नियम तोड़ने वाले वाहन के नंबर प्लेट को चिह्नित करेगा। हाई स्पीड कैमरे वाहन के नंबर प्लेट की फोटो भी खींचेगा। इसके बाद उसे कंट्रोल रूम भेजेगा। कंट्रोल रूम में रजिस्ट्रेशन नंबर के जरिए पुलिस चालक की डिटेल निकालेगी और डाक से उसके घर पर चालान भेजेगी। ट्रैफिक पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक इस व्यवस्था के तहत तीन माह पहले तक लगभग चार हजार लोगों को चालान भेजा गया है। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार कई चालकों ने ऑनलाइन चालान जमा कर दिया है। लेकिन जिन्होंने अब तक इसे नहीं भरा है, उन्हें रिमाइंडर भेजा जा रहा है। अभी तक सिर्फ रेड लाइट जंप करने पर ही ऑटोमेटिक चालान काटा जा रहा था। लेकिन जल्द ही रांची में ड्राइव करते समय मोबाइल पर बात करने, ट्रिपल राइड, सीट बेल्ट नहीं लगाने पर भी ऑटोमेटिक चालान कटेगा।

## साइबर ठगों से रहें सतर्क

**आरएनएम। नई दिल्ली**

साइबर ठग हर दिन लोगों को ठगने के लिए नए-नए तरीके अपना रहे हैं। अब साइबर ठगों ने लोगों को चूना लगाने के लिए दिल्ली पुलिस के नाम का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। साइबर ठग अब दिल्ली पुलिस के नाम पर लोगों को कॉल कर रहे हैं और उनसे ओटीपी मांग रहे हैं। ये ठग ओटीपी के अलावा आधार कार्ड, पैन नंबर, सीवीवी नंबर जैसी जानकारियां भी मांग रहे हैं। आइए समझते हैं पूरे मामले को और ये भी जानेंगे कि आपको कैसे सतर्क रहना चाहिए। फिल्म क्रिटिक के एक ट्वीट के मुताबिक उनके पास एक ऑटोमेटिक कॉल आया और 1 दबाने के लिए कहा गया। उन्होंने जब 1 दबाया तो कॉल को किसी राहुल सिंह के पास ट्रांसफर किया गया। बताया गया कि राहुल सिंह नई दिल्ली के कीर्ति नगर पुलिस स्टेशन में तैनात हैं। राहुल ने सुचित्रा से कहा कि उनके एटीएम कार्ड, आधार कार्ड और पैन कार्ड हाल ही में गुम हुए हैं जो कि अब पुलिस के पास हैं। बाद में सुचित्रा ने उनके एटीएम कार्ड का नंबर पूछा गया और फिर सीवीवी नंबर भी मांगा गया, हालांकि सुचित्रा को आभास हो गया था कि यह एक फ्रॉड कॉल है तो उन्होंने अपनी कोई भी निजी जानकारी साइबर ठग के साथ साझा नहीं की। सुचित्रा के ट्वीट पर दिल्ली पुलिस ने भी रिप्लाई किया है और कहा है कि इस तरह के कॉल की शिकायत दिल्ली पुलिस के ऑनलाइन पोर्टल पर करें।इस तरह के कॉल और मैसेज आजकल खूब आ रहे हैं। अतः आपको बहुत ही सतर्क रहने की जरूरत है। इस तरह के किसी भी कॉल को तुरंत कट कर दें और नंबर को ब्लॉक कर दें। यदि बार-बार इस तरह के ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर



### परिवर्तन संस्था ने 101 पौधरोपण कर मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

# दिव्यांगजनों ने सामाजिक सहभागिता बढ़ाने का दिया संदेश



**नवीन मेल संवाददपाता। रांची**
विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर परिवर्तन संस्था ने ₹शेयर द प्लांट, सेव द प्लेनेट₹ मिशन के तहत आज रांची के पवित्र और प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर की परिसर में अपने वर्ष 2023 में एक लाख वृक्षारोपण के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए 101 पौधों का पौधारोपण किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में अपनी प्रबल हिस्सेदारी निभाते हुए जन प्रतिनिधियों, समाजसेवियों, पर्यावरण प्रेमियों, आम जनों के साथ साथ दिव्यांगजनों ने भी मुख्य रूप से वृक्षारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण हेतु सामाजिक सहभागिता बढ़ाने का संदेश दिया। ऐसे कार्यक्रमों से पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, वही पहाड़ी मंदिर परिसर के संरक्षण में भी सहयोगी होगा। वृक्षारोपण के दौरान अतिविशिष्ट मान्यता रखने वाले कल्पतरू के वृक्ष का भी पौधारोपण किया गया। कल्पतरू वृक्ष का पौधारोपण अतिमहत्वपूर्ण है क्योंकि इसे हिंदू पौराणिक कथाओं में पवित्र माना जाता है और इसे सबसे प्रभावशाली औषधिय वृक्ष माना जाता है। कल्पतरू के वृक्ष को लगाने से हम एक संकल्प प्रकट कर रहे हैं कि हम पृथ्वी के प्रति सचेत रहेंगे और इसकी संरक्षण में अपना योगदान देंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवम झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सह रांची के लोकप्रिय विधायक श्री सी.पी. सिंह जी ने वृक्षारोपण कार्यक्रम में अपनी सहभागिता देते हुए कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस पर्यावरण संरक्षण और सुरक्षा को समर्पित है। यह एक महत्वपूर्ण अवसर है जब हम सभी मिलकर पृथ्वी के संरक्षण के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त कर सकते हैं। पर्यावरण हमारे सभी के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि हमारी स्वास्थ्य, सुरक्षा, और आगे की पीढ़ियों के लिए यह अनिवार्य है। पर्यावरण दिवस हमें यह समझने के लिए प्रेरित करता है कि हमारे क्रियाओं का पृथ्वी पर क्या प्रभाव हो रहा है और हम कैसे समर्थन कर सकते हैं। यह एक बात स्पष्ट करता है कि हम सब अपने संगठन, समुदाय और व्यक्तिगत स्तर पर जिम्मेदारी उठा सकते हैं और पर्यावरण के लिए सक्रिय योगदान कर सकते हैं।

### पुलिस क्वार्टर से नगदी जेवरात समेत दो लाख के सामान ले गए चोर

**रांची।** राजधानी रांची में चोरों के आतंक से अब पुलिस वाले भी सुरक्षित नहीं हैं। रांची के कांके रोड में न्यू पुलिस लाइन स्थित सिंगल क्वाटर में रहने वाले आरक्षी गुड्डू कुमार के क्वाटर का खिड़की के रास्ते से घुसकर चोरों ने नगदीए जेवरात समेत करीब दो लाख रुपए का सामान लेकर फरार हो गए। इस वारदात को चोरों ने बीते 27 मई से दो जून के बीच उस समय अंजाम दिया है। जब आरक्षी परिवार के साथ क्वाटर में ताला बंद कर अपने घर गए हुए थे। इस बात की जानकारी उन्हें तब हुई जब चार जून की सुबह उनके पुत्र क्वाटर पहुंचे थे। मामले की जानकारी मिलने के बाद आरक्षी गुड्डू ने गोंदा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग में पर्यावरण सुरक्षा प्रतियोगिता आयोजित




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
बिरसा कृषि विश्वविद्यालय अधीन संचालित कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के अधीन ऑन स्पॉट पर्यावरण सुरक्षा आधारित विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एसोसिएट डीन ई डीके रूसिया ने बताया कि नव स्थापित कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग के छात्र-छात्राओं को पर्यावरण के प्रति जागरूक और पर्यावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पहली बार प्रतियोगिता आयोजित की गयी। छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय में आयोजित ऑन स्पॉट पृथ्वी बचाओ प्रकृति बचाओ आधारित रंगोली कला, विश्व पर्यावरण दिवस पर लेख लेखन, बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन कला प्रतियोगिता, पर्यावरण बचाओ पर स्लोगन लेखन एवं एक्सटेम्पोर प्रतियोगिताओं में जोश एवं उल्लास के साथ भाग लिया। मौके पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि डीएसडब्लू डॉ बीके अग्रवाल ने विभिन्न ऑन स्पॉट प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरुस्कृत किया। अपने संबोधन में कहा कि बदलते पर्यावरण की गंभीर स्थिति में कृषि अभियंत्रण की तकनीकी की बड़ी भूमिका होगी। साथ ही मृदा, जल एवं वायु प्रदुषण की वर्त्तमान स्थिति एवं शोध परिणामों की जानकारी दी। प्रतियोगिता के आयोजन में डॉ उत्तम कुमार, डॉ मिंटू जॉब, डॉ प्रमोद राय, डॉ छाया, डॉ निती तिर्की, डॉ अल्पना दुबे, ई वंदना चौबे एवं डॉ गौरव साहू ने सहयोग दिया।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर राज्यस्तरीय समारोह का आयोजन

# मनुष्य के जीवन में पर्यावरण की अहम भूमिका रही है : श्री बादल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री श्री बादल ने कहा कि आम लोग अपने दैनिक कार्यों में पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाते हुए पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान अवश्य दें और लोगों को प्रेरित भी करें। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर छोटे कदमों और उपायों को लागू कर, हमें स्वस्थ पर्यावरण को बढ़ाना है। वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण काफी जरूरी है। श्री बादल सोमवार को वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद एवं सेन्टर फॉर एनर्जी एवं एनवायरोमेंटल डेवलपमेंट (रएएऊ) के साथ संयुक्त रूप से प्रोजेक्ट भवन में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आज के समय में पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता क्यों है, यह सर्वविदित है। परंतु इसे कैसे संरक्षित किया जाय, यह विचारणीय है। झारखंडवासी जीवन शैली में बदलाव लाकर छोटी-छोटी बातों पर ध्यान देते हुए ऊर्जा संरक्षण, जल एवं भू-संरक्षण, प्लास्टिक का बहिष्कार करते हुए पर्यावरण संरक्षण करते हुए अधिक से अधिक संख्या में पेड़-पौधे लगायें। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख डॉ. संजय श्रीवास्तव ने झारखण्ड के द्वारा पिछले एक माह से अधिक समय से मिशन लाइफ के तहत चल रहे कार्यक्रमों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में पर्यावरण, वन एवं वन्यप्राणियों के संरक्षण में निःस्वार्थ भाव से अपना बहुमूल्य योगदान देने हेतु सत्य प्रकाश (हजारीबाग), मनोज कुमार (हजारीबाग), सुरेन्द्र प्रसाद सिंह (हजारीबाग), जगदीश महतो (बोकारो) को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं ऊर्जा एवं पर्यावरण संरक्षण एवं जीवन शैली में परिर्वतन लाते हुए पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने तथा मिशन लाइफ के कार्यक्रमों पर बनी शार्ट विडियो फिल्मों का प्रदर्शन भी किया गया।

### पर्यावरण दिवस पर रूडसेट संस्थान में पौधरोपण किया गया

**सिल्ली।** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वरा शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में दिनांक 5 जून को पर्यावरण दिवस के मौके पर रांची जिला उपाध्यक्ष बीना चौधरी और राज्य निर्देशक शशि भूषण मिश्रा के द्वारा पर्यावरण के बचाव हेतु रूडसेट संस्थान सिल्ली में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बीना देवी और संस्थान में प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा संस्थान में विभिन्न प्रकार के वृक्षारोपण कर पर्यावरण के बचाव हेतु किया गया। राज्य निर्देशक ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए संदेश दिया कि प्रत्येक व्यक्ति को वृक्ष लगाना चाहिए, ताकि हम सभी एक अच्छा जीवन जी सके और पृथ्वी पर जल और हवा की कमी ना हो। मौके पर संस्थान के वरिष्ठ संकाय अनिल कुमार, जगदीश चंद्र महतो, दशरथ कुमार महतो, महेश रोहिदास, सुनील कुमार उपस्थित रहे।

### वानिकी छात्रों ने पर्यावरण सुरक्षा पर निकाली झांकी

# जंगल की आग को रोकने से ही बच सकता है पर्यावरण : डॉ. मल्लिक




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
बिरसा कृषि विश्वविद्यालय अधीन संचालित वानिकी (फॉरेस्ट्री) संकाय में डीन वानिकी डॉ. एमएस मल्लिक के नेतृत्व में 230 यूजी, पीजी एवं पीएचडी छात्र-छात्राओं के दल ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर झांकी द्वारा पर्यावरण सुरक्षा पर जागरूकता अभियान चलाया। दल के साथ डीएसडब्लू डॉ. बीके अग्रवाल के अलावा संकाय सदस्य डॉ. एस चट्टोपाध्याय, डॉ. एके चक्रवर्ती, डॉ प्रभात उरांव, डॉ.जे केरकेट्टा, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. बसंत उरांव, डॉ. आरबी साह एवं डॉ. जय कुमार आदि भी शामिल थे। छात्र दल द्वारा यह झांकी वानिकी संकाय से कृषि संकाय, विश्वविद्यालय मुख्य द्वार एवं विश्वविद्यालय मुख्यालय तक प्रदर्शित की गयी। मौके पर छात्रों ने प्लास्टिक हटाओ दुनिया बचाओ, हरे भरे पेड़ जहां धरती का स्वर्ग वहां, पेड़ पौधे मत करो नष्ट सांस लेने में होगा कष्ट, खतरे को देखें जंगल की आग को रोकें, जब तक वन सुरक्षित है तब तक कल सुरक्षित है, वानिकी बचाओं हमें बचाओं आदि नारें लगाये। झांकी में छात्रों ने विभिन्न पोस्टर के माध्यम से भी छात्रों ने पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया।

**झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग**

ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
ई–निविदा सं0 :– **RDD/SD/HZB/06/2023-24**

1. कार्य की विस्तृत विवरणीः

| ग्रुप सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RDD/SD/HZB/ 01/01/2023-24 | बरही | प्रखण्ड बरही में बी0पी0एच0यू0 का निर्माण। | 5014200.00 | 101000.00 | 10000.00 | 12 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 09.06.2023 पूर्वाहन 11:00 बजे
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 09.06.2023 पूर्वाहन 11:00 बजे से दिनांक 16.06.2023 को अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 17.06.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान एवं समय – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, हजारीबाग, 19.06.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थानः–
i) जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोशित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जाएगी।
8. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग।
9. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9431323435
10. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग के पदनाम से देय हो, देना होगा।
11. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

PR.NO.299258 Rural Development(23-24):D

### मोरहाबादी स्थित ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण

# उप निर्वाचन पदाधिकारी, रांची को उपायुक्त ने दिये आवश्यक दिशा-निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा ने बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, मोहराबादी, रांची अवस्थित ईवीएम वेयर हाउस का मासिक (बाह्य) निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी, रांची श्रीमती मेरी मड़की एवं संबंधित कर्मी उपस्थित थे। ईवीएम वेयर हाउस के निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने का निदेश दिये। आपको बताएं कि निर्धारित समय पर इवीएम वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण कर रख-रखाव, सुरक्षा एवं तकनीकी उपकरणों की स्थिति से संबंधित रिपोर्ट राज्य निर्वाचन विभाग को समर्पित करना होता है।

# गुरुद्वारा साहिब में विशेष दीवान सजाया गया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
विशेष दीवान की शुरूआत सोमवार को सुबह आठ बजे भाई महिपाल सिंह द्वारा कीर्तन से शुरूआत की गयी। गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी ज्ञानी जिवेंदर सिंह ने साध-संगत को बताया कि सिखों के छठे गुरु श्री हर गोविंदजी का जन्म बडाली (अमृतसर) में हुआ था। वे सिखों के पांचवें गुरु श्री अर्जुन देवजी के पुत्र थे। उनकी माता का नाम गंगा था। उन्होंने अपना ज्यादातर समय युद्ध प्रशिक्षण एवं युद्ध कला में लगाया तथा बाद में वे कुशल तलवारबाजी, कुश्ती व घुड़सवारी में माहिर हो गए। उन्होंने ही सिखों को अस्त्र-शस्त्र का प्रशिक्षण लेने के लिए प्रेरित किया व सिख पंथ को योद्धा चरित्र प्रदान किया। श्री हरगोविंद जी महाराज का जीवन-दर्शन जन-साधारण की कल्याण से जुड़ा हुआ था। श्री हरगोविंद जी ने अकाल तख्त का निर्माण किया था। मीरी पीरी तथा कीरतपुर साहिब की स्थापना की थी। उन्होंने रोहिला की लड़ाई, कीरतपुर की लड़ाई, हरगोविंदपुर, करतारपुर, गुरुसर तथा अमृतसर- इन लड़ाइयों में प्रमुखता से भागीदारी निभाई थी।श्री हरगोविंद जी महाराज युद्ध में शामिल होने वाले पहले गुरु थे।उन्होंने सिखों को युद्ध कलाएं सिखाने तथा सैन्य परीक्षण के लिए भी प्रेरित किया था।श्री हरगोविंदजी ने मुगलों के अत्याचारों से पीड़ित अनुयायियों में इच्छाशक्ति और आत्मविश्वास पैदा किया।मुगलों के विरोध में गुरु हरगोविंद जी ने अपनी सेना संगठित की और अपने शहरों की किलेबंदी की।उन्होंने अमृतसर में अकाल तख्त (ईश्वर का सिंहासन, स्वर्ण मंदिर के सम्मुख) का निर्माण किया। इस अवसर पर सत्संग सभा द्वारा मिस्सी रोटी एवं रायता का लंगर चलाया गया। मंच संचालन मनीष मिढ़ा ने किया। सत्संग सभा के सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने साध संगत को प्रकाश पर्व की बधाई दी। सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि स्त्री सत्संग सभा द्वारा यह प्रकाश पर्व 22 जून को दोपहर तीन बजे से शाम छह बजे तक मनाया जाएगा।इस उपलक्ष्य में 12 जून से श्री सुखमनी साहिब जी के की लड़ी शुरू होगी जिसका समापन 22 जून को होगा।

**हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग**

**कोटेशन आमंत्रण सूचना**

नगर निगम कार्यालय भण्डारगृह में सफाई कार्य में प्रयुक्त सामग्रियों की आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्म/एजेन्सी/स्थानीय दुकानदार दिनांक 12.06.2023 को अपराह्न 2:00 बजे तक निगम कार्यालय में कोटेशन जमा कर सकते है। कोटेशन उसी दिन अपराह्न 4.00 बजे खोला जायेगा। समय अवधि के पश्चात् प्राप्त कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा एवं बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा। कोटेशन सभी करो के साथ अंकित करना होगा।

| क्र. | सामग्री का नाम | दर प्रति पीस |
|---|---|---|
| 1 | बांस झाड़ू | प्रति पीस |
| 2 | फूल झाड़ू | प्रति पीस |
| 3 | कुदाल | प्रति पीस |
| 4 | गैता | प्रति पीस |
| 5 | सबल | प्रति पीस |
| 6 | बांस का डंटा | प्रति पीस |
| 7 | चूना | प्रति बैग |
| 8 | ब्लीचिंग पाउडर | प्रति बैग |
| 9 | कांटा खखोरनी (लम्बा बेट वाला) | प्रति पीस |
| 10 | प्लेन खखोरनी (लम्बा बेट वाला) | प्रति पीस |

| क्र. | सामग्री का नाम | दर प्रति पीस |
|---|---|---|
| 11 | गमला | प्रति पीस |
| 12 | फिनाईल | प्रति लीटर |
| 13 | हेन्ड वॉस | प्रति पीस |
| 14 | बडा हथोडा | प्रति पीस |
| 15 | एसिड | प्रति लीटर |
| 16 | कोल्ड फौगिंग दवा | प्रति लीटर |
| 17 | डीजल फौगिंग दवा | प्रति लीटर |
| 18 | लारवा की दवाई | प्रति लीटर |
| 19 | डस्टबीन प्लास्टिक का (छोटा) | प्रति पीस |
| 20 | डस्टबीन प्लास्टिक का (बडा) | प्रति पीस |

कार्यपालक अभियंता
नगर निगम, हजारीबाग

PR299252 (Urban Development)23-24*D

### तलाशी | बाहुबली दाहू यादव ईडी और पुलिस प्रशासन के लिए बनी चुनौती

# जंगल से लेकर पहाड़ तक की खाक छान रही पुलिस



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजेश यादव उर्फ दाहू यादव नाम का एक बाहुबली झारखंड में ईडी और पुलिस के लिए पिछले 11 महीनों से बड़ी चुनौती बना हुआ है। उसकी तलाश में पहाड़ से लेकर जंगल तक की खाक छानी जा रही है। उसे पकड़ने के लिए करीब 100 से भी ज्यादा छापामारी हो चुकी है। उसके काले कारनामों पर ईडी अदालत में चार्जशीट फाइल कर चुकी है। उसके घर की कुर्की हो चुकी है। उसके पिता गिरफ्तार कर जेले भेजे जा चुके हैं। लेकिन ईडी और पुलिस की तमाम कसरत के बावजूद वह पकड़ से दूर है। साहिबगंज के शोभनपुर भट्ठा गांव का रहने वाला दाहू यादव झारखंड के साहिबगंज में एक हजार करोड़ रूपए की अवैध माइनिंग का सबसे बड़ा सरगना है। पुलिस-प्रशासन से लेकर सरकार तक में उसकी पहुंच इस कदर रही है कि वह अवैध तरीके से पानी जहाज का संचालन करता रहा। रविवार को साहिबगंज के चार थानों की पुलिस ने उसकी तलाश में करमा पहाड़ और आसपास की पहाड़ियों पर सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस को सूचना मिली थी कि उसने अपने भाई और बेटे के साथ इन्हीं पहाड़ियों पर ठिकाना बना रखा है।

पत्थर खनन घोटाले में ईडी ने दाहू यादव एवं अन्य के खिलाफ पहली बार 8 जुलाई 2022 को छापेमारी की थी। इस दौरान साहिबगंज, राजमहल, बड़हरवा, मिजाचौकी और बरहेट में 18 ठिकानों पर दबिश दी गई। छापेमारी के दौरान 5.37 करोड़ कैश और बैंक खातों में जमा 11.88 करोड़ रुपये जब्त किए गए थे। ईडी ने 30 करोड़ रुपये की कीमत का मालवाहक पानी जहाज भी जब्त किया था, जिसका संचालन मुख्य तौर पर दाहू यादव करता था। वह मालवाहक जहाज से अवैध तरीके से पत्थर व बालू को

### छापेमारी के दौरान 5.37 करोड़ कैश और बैंक खातों में जमा 11.88 करोड़ रुपये जब्त किए गए थे

साहिबगंज से गंगा नदी के रास्ते बिहार और बंगाल भेजा करता था। दाहू यादव ईडी के समन पर आखिरी बार 18 जुलाई 2022 को रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में पेश हुआ था। अगले दिन मां की बीमारी का हवाला देकर उसने मोहलत मांगी। इसके बाद कई बार ईडी कोर्ट से समन जारी हुआ, लेकिन वह हाजिर नहीं हुआ। इधर ईडी ने जांच का दायरा बढ़ाया तो उसके अवैध कारोबार के बड़े साम्राज्य का पता चला। उसने अकूत संपत्ति अवैध तरीके से अर्जित की है। साहिबगंज बिजली घाट के सामने दो भूखंड हैं, जिसकी कीमत करीब 30 करोड़ रुपये है। उनके पास दस महंगी एसयूवी गाड़ियां हैं। जांच के दौरान ईडी ने दाहू यादव के भाई सुनील यादव, बेटे राहुल यादव और पिता पशुपति नाथ यादव को भी अभियुक्त बनाया। दाहू का भाई सुनील यादव जिला परिषद उपाध्यक्ष है। ईडी के बार-बार के समन के बाद भी जब दोनों पूछताछ के लिए हाजिर नहीं हुए तो ईडी ने कोर्ट में कुर्की जब्ती के लिए अर्जी दी। कुर्की जब्ती रुकवाने के लिए दाहू यादव ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की, लेकिन वह सामने नहीं आया। हाईकोर्ट ने उसकी याचिका खारिज कर दी। इसके बाद बीते महीने दाहू यादव और उसके छोटे भाई जिला परिषद उपाध्यक्ष सुनील यादव के घर बीते महीने कुर्की जब्ती की गई। उसके पिता पशुपति नाथ यादव को अप्रैल महीने में गिरफ्तार कर लिया गया था। ईडी जेल में दाहू यादव के पिता से घंटों पूछताछ कर चुकी है। उसके पिता ने दाहू और उसके सहयोगियों के बारे में कोई भी जानकारी देने के इनकार कर दिया। पशुपति यादव ने कहा कि उसे नहीं पता कि दाहू किन लोगों के साथ काम करता है।

**झारखण्ड सरकार**
**खान एवं भूतत्व विभाग, जिला खनन कार्यालय, कोडरमा**
Email Id- dmo-koderma@jharkhandmail.gov.in

सूचना
लघु खनिज बालू की आपूर्ति के संबंध में।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विभागीय निदेशानुसार कोडरमा जिलान्तर्गत वर्षा ऋतु में असैनिक निर्माण कार्यो में लघु खनिज की उपलब्धता सुनिश्चित बनाये रखते हेतु जिले के वैध बालू भण्डारण अनुज्ञप्तिधारियो एवं मेसर्स JSMDC द्वारा संचालित बालू स्टॉकयार्ड को पर्याप्त मात्रा में बालू का भण्डारण करने हेतु निदेशित किया गया है। वर्त्तमान में जिलान्तर्गत JSMDC के 02 एवं निजी अनुज्ञप्तिधारियो के 07 बालू स्टॉकयार्ड चालू है, जिसकी सूची JIMMS Portal पर अपलोड है।

अतएव संबंधित संवेदको/एजेन्सियो एवं आम लोगो से अनुरोध है कि वर्षा ऋतु में JSMDC के 02 बालू स्टॉकयार्डो से ऑनलाईन बालू का क्रय हेतु JSMDC के बेबासाईट– https://jsmdc-sand.jharkhand.gov.in/ से बुकिंग किया जा सकता है तथा निजी अनुज्ञप्तिधारियो से सम्पर्क कर ई–परिवहन चालान के माध्यम से बालू प्राप्त की जा सकती है। विशेष जानकारी के लिए जिला खनन कार्यालय, कोडरमा में किसी भी कार्य दिवस को सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला खनन पदाधिकारी,
कोडरमा।

PR.NO.299190 Mines and Geology(23-24):D

## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मनरेगा आयुक्त ने किया पौधरोपण

# स्वच्छ वातावरण के लिए पर्यावरण जरूरी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने सोमवार को राज्य ग्रामीण विकास संस्थान (सर्ड) के परिसर में शीशम एवं पीपल का पौधा लगाते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर मनरेगा आयुक्त ने कहा कि पर्यावरण का संबंध हमारे जीवन से है। पर्यावरण हमें बहुत कुछ देता है। हमें भी पर्यावरण को बचाने के लिए कुछ करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण काफी जरूरी है। पर्यावरण संरक्षण के लिए आम लोगों में संवेदनशीलता के साथ- साथ जागरूकता का होना जरूरी है। राजेश्वरी बी ने आम लोगों से अपील की, कि चाहे बच्चे का जन्मदिन हो या शादी समारोह या



फिर कोई विशेष अवसर, छोटे-बड़े सभी अवसरों पर पौधारोपण अवश्य करें। सभी व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली अपनायें और लोगों को प्रेरित भी करें। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर छोटे कदमों और उपायों को लागू कर हमें स्वस्थ जलवायु को बढ़ाना है। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। इस मौके पर ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव श्री अरुण कुमार सिंह, उप निदेशक अनुपम भारती, सहायक निदेशक श्री राजीव रंजन, सहायक निदेशक अनिल यादव एवं अन्य पदाधिकारीगण मौजूद थे।

### जैक 11वीं का रिजल्ट जल्द करेगा जारी

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) 11वीं का रिजल्ट जल्द ही जारी करेगा। रिजल्ट जारी होने के बाद छात्र जैक के इस आधिकारिक वेबसाइट पर रिजल्ट देख सकेंगे। जैक जल्द ही झारखंड 11वीं कक्षा के रिजल्ट 2023 के लिए रिलीज की तारीख और समय की पुष्टि करने जा रही है। जिन छात्रों ने इस साल अपनी जैक कक्षा 11वीं की परीक्षा दी है, वे अब जैक 11वीं के रिजल्ट का इंतजार कर रहे हैं, जिसकी उम्मीद की जा रही है। बताया जा रहा है 10 जून तक रिजल्ट जारी कर दिया जाएगा। लेकिन एग्जाम डिपार्टमेंट के द्वारा अभी तक रिजल्ट जारी करने के लिए ऑफिसियल तिथि को जारी नहीं किया गया है। घोषणा के बाद छात्र आधिकारिक वेबसाइट पर अपना परिणाम चेक कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि जैक की ओर से कक्षा 11वीं बोर्ड परीक्षा 17, 18 और 20 अप्रैल 2023 को आयोजित की गई थी। 11वीं की परीक्षा 40 अंकों की ली गई थी।

# हम सभी का कर्तव्य बनता है कि वनों की रक्षा करें : मधुसूदन मोदक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सोमवार को डेलीमार्केट थाना परिसर में पौधरोपण किया गया। थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मियों ने पौधरोपण किया। साथ ही सभी पुलिस कर्मियों ने पर्यावरण को संरक्षित करने का भी संकल्प लिया। इस दौरान थाना प्रभारी ने कहा कि हम सभी यह तय करें कि हर एक अवसर पर अपने आसपास पेड़ पौधे लगाएं। हम सभी का कर्तव्य बनता है कि वनों की रक्षा करें, साथ ही साथ पेड- पौधे लगाने का संदेश दूसरों को भी दें एवं प्रेरित करें। ताकि आने वाले पीढ़ी को पर्यावरणीय दृष्टि से तकलीफ ना हो। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए



वृक्षारोपण बेहद जरूरी है साथ ही साथ सभी लोग संकल्प लें कि अपने दैनिक जीवन में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करेंगे। हमारे पूर्वजों ने वृक्ष लगाए होंगे तभी आज हम सुरक्षित हैं और स्वच्छ हवा में सांस ले रहे हैं। आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ रखने के लिए हमें पौधरोपण कर उनकी देखभाल करनी होगी।

# ब्राउन शुगर और गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गोंदा थाना पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तस्कर भोलू मिर्धा को गिरफ्तार किया है। इसके पास से 13 पुड़िया ब्राउन शुगर , गांजा 600 ग्राम, 75 हजार 40 रुपये नकद और छह मोबाईल फोन बरामद किया है। सदर डीएसपी प्रभात रंजन बरवार ने सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि हातमा से भोलू मिर्धा नामक व्यक्ति अवैध ब्राउन शुगर और गांजा का खरीद बिक्री कर रहा है। सूचना के बाद थाना प्रभारी गोंदा के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने छापेमारी कर तस्कर को ब्राउन शुगर और गांजा के साथ गिरफ्तार किया।

## बाबूलाल मरांडी ने देवघर में जमीन घोटाला की जताई आशंका

# सीबीआई और ईडी से की जांच की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने रांची की तरह देवघर में भी बड़े पैमाने पर जमीन घोटाला होने की आशंका जताई है। देवघर में बड़े पैमाने पर जमीन के दस्तावेज में हेराफेरी कर बेचे जाने का आरोप लगाते हुए बाबूलाल मरांडी ने इसकी जांच सीबीआई या ईडी से करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि देवघर में एतिहासिक और धार्मिक महत्व को देखते हुए दर्जनों भूमाफियाओं द्वारा जमीन के दस्तावेज में छेड़छाड़ कर जमीन की हेराफेरी की जा रही है। अभी हाल ही में एम्स और एयरपोर्ट के बनने के बाद से सीमावर्ती राज्यों के भू माफिया सक्रिय हो गए हैं। यहां के जमीन घोटाले के कुछ मामलों की जांच सीबीआई पहले से कर रही है, फिर भी जमीन घोटाले का गोरखधंधा जोरों पर है। बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि देवघर जमीन घोटाला का संबंध रांची की तरह बंगाल से है। इस घोटाले में कई पूर्व और वर्तमान में पदस्थापित अंचल



अधिकारी और कई बड़े-बड़े पदाधिकारियों की संलिप्तता है, जिसकी जांच होनी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कोलकाता जैसे महानगर में जमीन कठ्ठा और डिसमिल के हिसाब से बिकता है, मगर देवघर एक ऐसा शहर है जहां भू माफियाओं और जमीन दलालों की वजह से जमीन स्क्वायर फीट में बिकता है। उन्होंने सीबीआई और ईडी द्वारा इस मामले में जांच करने की आवश्यकता पर जोर दिया है ताकि घोटालेबाजों को सजा मिल सके। राज्य में सबसे ज्यादा विवाद जमीन की खरीद बिक्री में होता देखा जाता है। इस वजह से कानूनी लड़ाई के अलावा आए दिन हत्याएं तक होती हैं। सरकार ने जमीन विवाद को निपटाने के लिए हर शनिवार को प्रखंड कार्यालयों में भूमि विवाद समाधान दिवस मनाने का निर्णय लिया था, जिसमें जमीन विवाद संबंधित छोटी मोटी परेशानी खासकर जमीन रसीद, म्यूटेशन, दस्तावेज में शुद्धिकरण, जैसे काम होते थे। ये कुछ दिन तक ठीक ठाक चला, मगर समय के साथ यह भी बंद हो गया। हास्यास्पद बात यह है कि जिस डीसी ने रांची में इसकी शुरूआत की वो खुद भूमि घोटाले में ईडी की कार्रवाई के बाद से जेल में हैं।

# राज्यपाल योजनाओं की समीक्षा के लिए आज जायेंगे लोहरदगा

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन मंगलवार को लोहरदगा जिले के सदर प्रखंड के दो गांव का भ्रमण करेंगे। इस दौरान राज्यपाल आम लोगों से रूबरू भी होंगे। योजनाओं का निरीक्षण करने के साथ-साथ राज्यपाल गांव के विकास से भी प्रत्यक्ष होंगे। इस दौरान राज्यपाल लोहरदगा जिले के सदर प्रखंड के भक्सो और रामपुर गांव में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। राज्यपाल सड़क मार्ग से होते हुए लोहरदगा पहुंचेंगे। इसके बाद वह सबसे पहले सदर प्रखंड के भक्सो गांव जाएंगे, जहां पर भक्सो गांव में मनरेगा अंतर्गत बागवानी स्थल का निरीक्षण करने के साथ-साथ लाभुकों से बात भी करेंगे। भक्सो के बाद राज्यपाल सदर प्रखंड के रामपुर गांव भी जाएंगे, जहां पर आंगनबाड़ी केंद्र में लाभुकों से बात करने के साथ-साथ रामपुर पंचायत भवन का निरीक्षण भी करेंगे। इसके अलावा राज्यपाल स्वयं सहायता समूह के सदस्यों से



बातचीत करेंगे। साथ ही हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का निरीक्षण भी करेंगे। राज्यपाल के कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन ने अपनी ओर से तैयारी की है। राज्यपाल का कहना है कि केन्द्र सरकार की योजनाओं से लोगों को लाभी मिलनी चाहिए और ग्रामीणों को इसका लाभ भी उठाना चाहिए। अधिकारियों को योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को अच्छी तरह से समझाने का प्रयास करना चाहिए।

# तेजस्वी डेवलपर्स के निदेशक से मांगी गयी एक करोड़ की रंगदारी




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

तेजस्वी डेवलपर्स के निदेशक मुन्ना कुमार से एक करोड़ की रंगदारी मांगने का मामला सोमवार को प्रकाश में आया है। इस संबंध में लालपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। बताया जाता है कि इस्टर्न मॉल के सातवें तल्ले पर स्थित मुन्ना कुमार के ऑफिस में पांच लोग आये और कहा कि अगर तेजस्वी रेसिडेंसी को विकसित करना है तो एक करोड़ की रंगदारी देनी होगी। पांचों लोगों ने मुन्ना कुमार को पैसे नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने कहा कि पैसा नहीं दिये तो सीसीटीवी एरिया से बाहर आते ही तुम्हारी हत्या कर दी जायेगी। दर्ज प्राथमिकी में मुन्ना कुमार ने यह भी लिखा है कि उन्हें धमकी दी गयी है कि तीन-चार लोगों की हत्या होनी तय है। इस घटना के बाद वे काफी भयभीत है। उन्होंने पुलिस को घटना वाले दिन का सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध कराया है। थाना प्रभारी ममता कुमारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। मामले में जिन पर आरोप लगाया गया है उनसे प्रॉपर्टी का विवाद पूर्व से चल रहा है। मामला कोर्ट में भी चल रहा है।

### एसआर डीएवी पुंदाग में कुशाग्र ने पर्यावरण संरक्षण किया कविता पाठ

**रांची।** पब्लिक स्कूल पुंदाग, सामाजिक और पर्यावरण अनुसंधान केंद्र तथा शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के संयुक्त तत्वावधान में विद्यालय प्रांगण में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। मौके पर छात्र कुमार कुशाग्र ने पर्यावरण संरक्षण विषय पर स्वरचित कविता का पाठ किया। प्राचार्य संजीत कुमार मिश्रा ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड जैव विविधता परिषद के सदस्य एवं केओ कॉलेज, गुमला के वॉटनी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रसनजीत मुखर्जी को पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने प्राचार्य के साथ प्रदूषण नियंत्रण हेतु विद्यालय की वाटिका में वृक्षारोपण किया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा निर्धारित विषय बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन अर्थात प्लास्टिक कचड़ा के प्रदूषण को हराना के संबंध में जानकारी साझा की।

# एचडीएफसी बैंक ने पौधरोपण अभियान के साथ विश्व पर्यावरण दिवस मनाया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एचडीएफसी बैंक ने विभिन्न सरकारी और निजी कार्यालयों और संस्थानों में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। इस दौरान एचडीएफसी बैंक ने झारखंड के विभिन्न शहरों में वृक्षारोपण अभियान चलाया और इस दिन के दौरान उन्होंने विभिन्न प्रकार की अनूठी गतिविधि किया। झारखंड के सर्कल हेड अभिषेक कुमार ने मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि हम पहले भी इस तरह की गतिविधि करते रहे हैं और हम हर साल लोगों में जागरूकता पैदा करने की कोशिश करते हैं।




इस साल हमने पेड़ की आत्मकथा के नाम पर एक अनूठी गतिविधि की है, जहां पेड़ विभिन्न ऑडियो और वीडियो के माध्यम से बताता है कि कैसे पेड़ पृथ्वी की मदद करता है और हमें पेड़ की देखभाल क्यों करनी चाहिए। इस दौरान विभिन्न सरकारी व निजी कार्यालयों के अधिकारी के अलावा विभिन्न शाखाओं की टीम भी मौजूद रही और इस दिन को सफल बनाया।

### मेकॉन में पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण

**रांची।** मेकॉन लिमिटेड और इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), राज्य केंद्र ने सोमवार को संयुक्त रूप से वृक्षारोपण कार्यक्रम, प्रतिज्ञा समारोह और बीट द प्लास्टिक पॉल्यूशन विषय पर तकनीकी वार्ता का आयोजन किया। मेकॉन लिमिटेड के निदेशक (वित्त) मुकेश कुमार, वरिष्ठ अधिकारियों और महिला कर्मचारियों ने इस मौके पर पौधरोपण किया। हरित और दीर्घकालिक पर्यावरण संरक्षण और निर्माण के लिए शपथ समारोह में कर्मचारियों ने पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए स्वयं को फिर से समर्पित करने का संकल्प लिया। मेकॉन के पर्यावरण अभियांत्रिकी विभाग और इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्लास्टिक के हानिकारक प्रभावों और पर्यावरण के संरक्षण के उपायों के बारे में चर्चा की।

## वेबिनार पर्यावरण संरक्षण में आम लोगों की सहभागिता जरूरी

# अर्थ का अनर्थ कर रहे हैं हम : कौशल किशोर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची/ मेदिनीनगर**

विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर पत्र सूचना कार्यालय, रांची एवं केंद्रीय संचार ब्यूरो, डालटनगंज के द्वारा संयुक्त रूप से वैश्विक थीम बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन एवं मिशन लाइफ विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार की शुरूआत में कार्यक्रम का संचालन कर रहे क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर के द्वारा पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से भारत के द्वारा वैश्विक स्तर पर क्लाइमेट चेंज के लिए किए जा रहे प्रयासों एवं 25 आदतों जिनसे कि हर कोई पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दे सकता है को दिखाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में वेबिनार को संबोधित करते हुए मेदिनीनगर फॉरेस्ट डिविजन के जिला वन पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला ने कहा कि आज हम 51वां विश्व पर्यावरण दिवस मना रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में मिशन लाइफ के तहत लोगों को पानी, बिजली, ईंधन




बचाने के तरीकों के लिए जागरूक किया गया। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण में आम लोगों की सहभागिता जरूरी है। बढ़ती आबादी के कारण विकास के लिए पेड़ काटे जाते हैं, लेकिन एक पेड़ काटने पर 10 पौधे लगाने का प्रावधान है। झारखंड सरकार मुख्यमंत्री जन-वन योजना एवं बिरसा हारित ग्राम योजना के तहत पौधे लगाने के लिए लोगों को जागरुक कर रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पत्र सूचना कार्यालय के अपर महानिदेशक श्री अखिल कुमार मिश्रा ने पर्यावरण संरक्षण के लिए पांच उपाए बताए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण सामूहिक प्रयासों के जरिए ही हो सकता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद वनराखी मूवमेंट के प्रणेता एवं प्रख्यात पर्यावरणविद् श्री कौशल किशोर जायसवाल ने कहा कि वनों को बचाना हमारा सामूहिक दायित्व है। हमें संकल्प लेना चाहिए कि हर खास मौके पर जैसे-शादी, जन्मदिन, श्राद्ध आदि के दिन पौधे लगाकर उत्सव मनाएं। आज हम अर्थ का अनर्थ कर रहे हैं, सिर्फ सरकार के भरोसे छोड़ने से पर्यावरण का संरक्षण नहीं हो सकता है। आज का समय वृक्षों की खेती करने का है। पत्र सूचना कार्यालय पटना से जुड़े उप निदेशक संजय कुमार ने कहा कि आज खतरे में धरती नहीं हम हैं। प्लास्टिक प्रदूषण जीव-जंतुओं को भी निगल रहा है, पक्षियों की आबादी धीरे-धीरे कम हो रही है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए गर्मियों के मौसम में घर की छतों पर दाना एवं पानी रखने की भी अपील की। ऑक्सीजन मैन के नाम से प्रख्यात एवं पर्यावरणविद् श्री दिग्विजय भारत ने कहा कि जनसंख्या वृद्धि के कारण ग्लोबल वार्मिंग हो रही जिससे पृथ्वी का तापमान बढ़ रहा है।

### हमारे देवी, देवता जंगलों और पहाड़ों में बसे हैं इन्हें बचाना जरूरी : रामेश्वर

**अनगड़ा।** बीसा पंचायत सचिवालय में सोमवार को वन पर्यावरण दिवस के मौके पर मेला लगाया गया। मुख्य अतिथि राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि हमारे देवी, देवता जंगलों और पहाड़ों पर बसे हैं। हम जिनकी पूजा करते हैं उनकी रक्षा भी करें। आदिकाल से हम प्रकृति पूजक रहे हैं। वर्तमान में अनियंत्रित वातावरण के जिम्मेवार हम स्वयं हैं। जल, जंगल और जमीन को बचाने के साथ वन्य जीवों को भी बचाने की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि सांसद संजय सेठ ने कहा कि प्रकृति से जुड़कर हम स्वस्थ रह सकते हैं। उन्होंने लोगों को एक पौधा लगाने का संकल्प दिलाया। पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा कि मानव द्वारा वन का दोहन करने से वन और वन्य जीव का अस्तित्व खतरे में है। कार्यक्रम को पूर्व विधायक राम कुमार पाहन ने भी संबोधित किया। मेला का आयोजन ग्राम प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष उमेश बड़ाइक ने किया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मुखिया सुषमा बड़ाइक और संचालन उमेश बड़ाइक ने किया। मौके पर वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह, रंधीर चौधरी, अजय महतो, प्रमोद सिंह, देवनारायण बेदिया, राजू महली और हर्षनाथ भोगता आदि मौजूद थे।

## भारतीय ट्रेड यूनियन का आज विशाल प्रदर्शन

# केंद्र सरकार की नीतियों का करेगा विरोध



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय ट्रेड यूनियन (सीटू) के आवाहन पर केंद्र और झारखंड सरकार के खिलाफ 14 सूत्री मांगों को लेकर 6 जून को मजदूरों की विशाल टोली के साथ प्रदर्शन रैली निकाली जाएगी। ट्रेड यूनियन के वरिष्ठ नेता भवन सिंह ने बताया कि केंद्र सरकार की मजदूर, किसान एवं युवा विरोधी नीतियों के खिलाफ 6 जून को राज्य के सभी वरिष्ठ मजदूर नेता राजधानी रांची के श्रम कार्यालय के सामने प्रदर्शन करेंगे। भवन सिंह ने कहा कि 6 जून को सभी मजदूर अपनी मांगों को लेकर डोरंडा स्थित कृष्णा पार्क में एकजुट होंगे। सभी मजदूर एकजुट होने के बाद पदयात्रा निकालते हुए श्रम भवन तक पहुंचेंगे और वहां पर यह रैली प्रदर्शन में तब्दील हो जाएगा। भारतीय ट्रेड यूनियन के महासचिव कॉमरेड विश्वजीत देव ने बताया कि आज जनता के साथ-साथ हमारे देश की स्थिति चिंताजनक एवं गंभीर बनी हुई है। इसके लिए केंद्र सरकार के द्वारा बनाई गईं नीतियां ही जिम्मेदार है।उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान में देश में शासन कर रही मोदी सरकार मजदूर विरोधी, किसान विरोधी ही नहीं बल्कि जन विरोधी और राष्ट्र विरोधी भी है। 6 जून को अपने प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए मजदूर नेता अनिर्बन बोस ने राज्य भर के मजदूरों को आमंत्रित करते हुए कहा कि यदि अब मजदूर अपने हक के लिए लड़ाई नहीं लड़ेंगे तो फिर उनकी आजीविका पर भी संकट आ जाएगा।उन्होंने बताया कि झारखंड के परिदृश्य में बात करें तो राज्य में काम कर रही आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका, मिड डे मील वर्कर, सहिया, कामगार संगठित एवं असंगठित मजदूर सभी को उनका हक नहीं मिलता है। जिस प्रकार से वर्तमान सरकार मजदूर के खिलाफ नीतियां ला रही है, उसे लेकर भारतीय ट्रेड यूनियन के सभी मजदूर नेताओं के द्वारा केंद्र सरकार एवं श्रम विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन जताया जाएगा।

NEWS इन ब्रीफ

### जमीन विवाद में चली गोली, तीन राउंड फायरिंग कर तोड़ दी दीवार

**गिरिडीह।** पचम्बा थाना इलाके के खावा में फायरिंग की घटना घटी है। यहां एक जमीन के लिए तीन चक्र गोली चलाई गई है। इस दौरान बाउंड्री को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है तो मौके पर मौजूद एक व्यक्ति के साथ मारपीट की गई है। घटना रविवार की रात लगभग ढाई बजे की है। क्या है पूरा मामलाः बताया जाता है कि खावा निवासी सोमर मंडल और घनश्याम मंडल के बीच जमीन विवाद चल रहा है। इस विवाद को लेकर कई दफा पंचायत भी हो चुकी है। जमीन पर बाउंड्री देने का काम सोमर मंडल कर रहा था। इस पर विपक्षी ने विरोध किया तो रविवार की शाम को काम रोक दिया गया। जबकि रविवार-सोमवार की रात को फायरिंग हो गई। सोमर मंडल का कहना है कि बीती रात घनश्याम मंडल, खूबलाल मंडल, हुलास मंडल, विकास मंडल समेत 8-10 लोग आये। पहले दरवाजा खटखटाया फिर फायरिंग की। इस दौरान उसके भाई खेमन मंडल की पिटाई भी की। सोमर के पुत्र दिनेश का कहना है कि विपक्षी ने अपने हिस्से की जमीन बेच दी है।

### एमजीएम जमशेदपुर के लिए डेड बॉडी फ्रीजर की होगी खरीदारी

**रांची।** एमजीएम मेडिकल कॉलेज अस्पताल में वित्तीय वर्ष 2023-24 राज्य स्कीम से 6 बॉक्स डेड बॉडी फ्रीजर की खरीदारी की जाएगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के द्वारा 15 लाख रुपए का आवंटन किया गया है। इसी राशि से डेड बॉडी फ्रीजर का इंस्टॉलेशन भी किया जाएगा। आवंटित राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी एमजीएम के अधीक्षक डॉ रविंद्र कुमार होंगे।

# कफ सिरप के साथ दो गिरफ्तार, वाहन जब्त




**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ पुलिस ने सिसई रोड से दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही इसमें प्रयोग किए गए स्कॉर्पियो वाहन को भी जब्त कर लिया गया है। गुमला पुलिस प्रतिबंधित नशीली कफ सिरफ के साथ दो युवक को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। गिरफ्तार युवकों के नाम अमजद और सोनू हैं। वो आजाद बस्ती के निवासी हैं। पुलिस ने इनके पास से एक स्कॉर्पियों में लगभग दो सौ से अधिक प्रतिबंधित कफ सिरफ की बोतलें बरामद किए हैं। पुलिस दोनों युवकों से पूछताछ कर रही है। अमजद पूर्व में भी नशीली दवा के कारोबार मामले में जेल जा चुका है और कुछ महीने पहले ही जेल निकला था। निकलने के बाद फिर से नशीले दवाओं का कारोबार शुरू कर दिया। इधर गुमला पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दो युवक स्कॉर्पियो से भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीली दवा लेकर रांची से गुमला आ रहे हैं। इसके बाद गुमला थाना पुलिस ने टीम का गठन कर सिसई रोड एरोड्रम के पास से स्कॉर्पियो का पीछा कर दोनों युवक को धर दबोचा। वहीं भागने के दौरान स्कॉर्पियो का अगला शीशा भी टूट गया। आरोपी सोनू नामक युवक को सिर में चोट लगी। बताया जा रहा है दोनों युवकों से पुलिस पूछताछ कर रही है। जिसके बाद सोमवार को जेल भेजा जाएगा। गौरतलब है कि गुमला में प्रतिबंधित कफ सिरप के मामले में पहले भी पुलिस कार्रवाई कर चुकी है। यहां इस तरह के मामले पहले भी मिलते रहे हैं। पुलिस की कार्रवाई के बाद भी यहां के अपराधियों का दुस्साहस कम नहीं हो रहा है।

### जीवन संरक्षित रखना है तो पेड़-पौधों और जंगलों को बचाना पड़ेगा : डॉ दीपक

**खूंटी।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर झारखंड कला सांस्कृतिक शोध संस्थान रंगमंडल एवं नाट्य अकादमी और बिरसा महाविद्यालय खूंटी के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को बिरसा महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण और संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान महाविद्यालय की प्रोफेसर इंचार्ज जेरमेन कुल्लू किड़ो ने कहा कि पर्यावरण संरक्षित करने के लिए हम सबों को सतत प्रयास करना चाहिए, जिसको लेकर हमारा महाविद्यालय लगातार प्रयासरत है। बच्चों को नए-नए कार्यक्रम द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रोत्साहित किया जाता है। संस्था के सचिव डॉ दीपक प्रसाद ने बिरसा महाविद्यालय परिसर में पौधा रोपण किया। उन्होंने कहा कि अगर जीवन संरक्षित रखना है तो पेड़, पौधे, जंगल बचाना ही पड़ेगा। जीवन बचाना है तो वृक्ष लगाना ही पड़ेगा।

### हैदराबाद पुलिस की दबिश

# गिरिडीह से दबोचा गया साइबर क्रिमिनल्स



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
मोबाइल में लिंक भेजकर बैंक खातों से डकैती करनेवाले एक शातिर को हैदराबाद की पुलिस ने पकड़ा है। पकड़ा गया आरोपी मुफस्सिल थाना इलाके के गपई निवासी महेंद्र मंडल है। महेंद्र को गिरफ्तार करने के बाद सात दिनों के ट्रांजिट रिमांड पर हैदराबाद की पुलिस अपने साथ ले गई है। यह गिरफ्तारी तीन दिनों पूर्व जामताड़ा से पकड़े गए मनोज मंडल की निशानदेही पर की गई। बताया जाता है कि हैदराबाद के साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में पिछले 27 फरवरी को मथरूश्री नगर के निथू रेसीडेंसी निवासी गंद्र गणेश कुमार रेड्डी ने शिकायत की। पुलिस को लिखित शिकायत में बताया कि 24 फरवरी 2023 को उसके मोबाइल पर एचडीएफसी बैंक से जुड़ा एक लिंक आया। मैसेज में कहा गया कि आपके बैंक खाते से पैन कार्ड लिंक नहीं है। इसलिए आपका खाता बंद कर दिया जाएगा। ऐसे में लिंक को खोलें।बताया कि मैसेज के अनुसार लिंक को टच किया। लिंक खुलते ही मुझसे इंटरनेट बैंकिंग का डिटेल मांगा गया। जिसे भरा और मैसेज में आये ओटीपी को भी इसी लिंक के फॉर्म में भर दिया। यह प्रक्रिया तीन बार की गई। जिसके बाद मेरे बैंक खाते से 2 लाख 49 हजार 8 सौ 11 रुपये की निकासी हो गई।

## एकल अभियान बेड़ो संच ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस व पुण्य तिथि



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
रातु अंचल अन्तर्गत एकल अभियान बेड़ो संच ने सोमवार को मनाया विश्व पर्यावरण दिवस एवं पुण्य तिथि। इस अवसर पर महादानी मन्दिर परिसर में वृक्षारोपण कर पेड़ों को रक्षाबंधन कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प सभी आचार्यों एवं समिति के सदस्यों ने लिया। आचार्यों को फलदार पौधा भेंटकर सम्मानित किया जाएगा। एकूल अभियान बेड़ो संच के अध्यक्ष डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता के पिता श्री का पुण्य तिथि भी मनाया गया। जहां दीप जलाकर एवं पुष्प अर्पित कर मौन श्रद्धांजलि दिया गया। कार्यक्रम में एकल अभियान समिति सदस्य रंजीत खत्री, राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, संस्कार प्रमुख मुकेश कुमार राय। आचार्य गीता देवी, रीता देवी, वर्तमान सिंह, मुनी लकड़ा, विमला टोपनो, लक्ष्मण, एलिस समेत कई लोग उपस्थित थे।

# गर्मी में ठंडक का अहसास कराता है राजभीठा झरना, लोग लेते हैं भरपूर आनंद

**नवीन मेल संवाददाता। गोड्डा**
भीषण गर्मी और गिरते जलस्तर जैसे पर्यावरणीय संकट से देश और दुनिया में त्राहिमाम है। वहीं गोड्डा में इस साल सर्वाधिक गर्मी पड़ी है, राज्य का सर्वाधिक गर्म जिला घोषित किया गया। इन सबके बीच प्रकृति ने गोड्डा को काफी प्राकृतिक सौंदर्यता नवाजा है। जिसकी जानकारी गोड्डा या अन्य दूरदराज के लोगों को कम ही है। इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सकता है। बच्चे इसका खूब मजा उठा रहे हैं। जिला मुख्यालय से लगभग 50 किमी की दूरी पर राजाभीठा थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव के पहाड़ी हिस्से से निर्मल जल की धारा पहाड़ी के चट्टानों से टकराते हुए ऊंचाई से नीचे उतरती है। जहां जाने तक का कोई रास्ता तक नहीं है। शायद ही कोई पर्यटक अथवा सैलानी इन जगहों पर पहुंचे।लेकिन बच्चों की एक टीम को जब इसका पता चला तो वो यहां पहुंचे। जो भी यहां आया उसने खूब मस्ती की। झरने से बहते पहाड़ी जल स्त्रोत का ये शीतल जल लोगो को खूब लुभा रहा था। हालांकि यहां पर पहुंचने ले कोई सही रास्ता नहीं है और ना ही कोई सरकारी प्रबंध। सबने कहा कि अगर इसे पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जाय तो निश्चित ही सैलानी यहां खींचे चले आएंगे। अभी भी इसकी जानकारी शायद ही किसी प्रशासनिक अधिकारी के पास हो, लेकिन गांव देहात से इक्के दुक्के लोग यहां प्रकृति के मनोरम दृश्य का अवलोकन करने पहुंच जाते हैं। जरूरत है ऐसे जल स्त्रोत को बचाने के साथ ही संरक्षित करने की, जिससे पर्यवारण की सुरक्षा के साथ इस अनमोल विरासत को बचाया जा सके।



# भारथी बीएड कॉलेज सभागार में लोगों का सम्मान समारोह आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर** भारथी ग्रुप ऑफ एजुकेशन्स कंदरी, मांडर के सभागार में आयोजित चान्हो मांडर विकास सम्मान समारोह में विकास के प्रति समर्पित लोगों ने लिया भाग, सभी को किया गया सम्मानित। मुख्य अतिथि भारथी ग्रुप ऑफ एजुकेशन्स कंदरी मांडर की चेयरमैन छवि सिन्हा, निदेशक नितिन पराशर, शैक्षणिक सचिव दिपाली पराशर, मांडर विधानसभा की पूर्व विधायक सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष झारखंड गंगोत्री कुजूर, चान्हो पूर्वी पूर्व जिप सदस्य सह महिला नेत्री हेमलता उरांव, बीसीईओ रंजन कुमार गुप्ता, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रौशन इमानुएल तिग्गा, ब्राम्बे कार्मेल स्कूल की प्रिंसिपल सिस्टर मनिषा बघेला ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का किया शुभारंभ, भारथी ग्रुप ऑफ एजुकेशन्स परिवार ने सभी को विभिन्न क्षेत्रों में किए गए विकास कार्य के लिए पुष्पगुच्छ व पौधा देकर सम्मानित किया।सभी समाज के विकास के प्रति समर्पित अतिथियों ने इस ऐतिहासिक पहल की सराहना करते हुए इस संस्थान परिवार एवं वरिष्ठ पत्रकार संजय प्रसाद के इस प्रयास की सराहना किया।संस्था की चैयरमैन छवि सिन्हा ने चान्हो मांडर प्रखंड में निःस्वार्थ भाव से समाज के लोगों के विकास में अहम भूमिका निभाने के लिए धन्यवाद दिया।संस्थान की शैक्षणिक सचिव दिपाली पराशर ने भी इस सम्मान समारोह में आए सभी समाजसेवियों को धन्यवाद देते हुए समाज के विकास के लिए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। मांडर विधानसभा की पूर्व विधायक सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष झारखंड गंगोत्री कुजूर, चान्हो पूर्वी पूर्व जिप सदस्य सह महिला नेत्री हेमलता उरांव, बीसीईओ रंजन कुमार गुप्ता, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रौशन इमानुएल तिग्गा,ब्राम्बे कार्मेल स्कूल की प्रिंसिपल सिस्टर मनिषा बघेला, सोशल वर्कर सिस्टर सुशिला, उप प्रमुख अमानत अंसारी,लोकप्रिय महिला समाजसेविका फ्रांसिसीया लकड़ा, प्रसिद्ध हिन्दी व नागपुरी सह 67वर्ष में एमए कविवर धनेन्द्र प्रवाही, चान्हो चोरेया मुखिया रेखा सांगा, अध्यक्षअखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा राँची दिनेश राम ने इस बढ़ते चान्हो बढ़ते मांडर विषय पर अपने विचार व्यक्त किए।

### मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा 24 जून से

**रांची।** मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा 24 जून को ली जाएगी। इसके अतिरिक्त इंदिरा गांधी आवासीय विद्यालय और नेतरहाट की तर्ज पर अन्य आवासीय विद्यालयों की प्रवेश परीक्षा का आयोजन 25 जून को होगी। इसकी तैयारी शिक्षा विभाग कर रहा है। मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना के लिए पांच जून तक और आवासीय विद्यालयों के लिए नौ जून तक आवेदन किए जा सकते हैं। हर स्कूल से कम-से-कम 15 छात्र-छात्राओं को आवेदन कराया जा रहा है। स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के सचिव के. रवि कुमार ने इसकी समीक्षा की थी। समीक्षा के दौरान कई तरह के निर्देश दिए गए थे। बताया गया कि सभी प्रवेश परीक्षा का आयोजन झारखंड एकेडमिक काउंसिल करेगा। शिक्षा सचिव ने जिलों को निर्देश दिया है कि ज्यादा से ज्यादा छात्र-छात्राओं को इसके लिए आवेदन करवाएं। जितने ज्यादा प्रतिभागी होंगे उनके बीच प्रतियोगिता उतनी ज्यादा होगी।

### तीन दिवसीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का समापन

# आठ गोल्ड मेडल के साथ टॉप पर रांची



**नवीन मेल संवाददाता। पाकुड़**
जिले में आयोजित तीन दिवसीय शिबू सोरेन एथलेटिक्स प्रतियोगिता का समापन हुआ। समापन के मौके पर मुख्य अतिथि डीसी वरुण रंजन के अलावे कोल कंपनी दिलीप बिल्डकॉन के जीएम राधा रमन राय सहित अन्य अधिकारियों ने विजेता, उपविजेता व बेहतर खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मैडल देकर सम्मानित किया। जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव रणवीर सिंह ने बताया कि राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में युवक युवतियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इन जिलों के खिलाड़ियों ने लिया भागः धनबाद, बोकारो, कोडरमा, देवघर, साहिबगंज, पलामू, रांची, हजारीबाग, गढ़वा, सिमडेगा के अलावे कई जिलों के प्रतिभागियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में गोला फेक, भाला फेक, हैमर थ्रो, डिस्कस थ्रो, रिले रेस, मिक्स रिले रेस, हाई एवं लौंग जंप, सौ से पांच हजार मीटर दौड़, 20 किलोमीटर पैदल चाल जैसे स्पर्धा शामिल थे।सचिव ने बताया कि प्रतियोगिता में ओवर ऑल चैंपियन महिला एवं पुरुष वर्ग में रांची रहा। रांची के प्रतिभागियों ने 8 स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं महिला एवं पुरुष वर्ग में बोकारो 6 स्वर्ण पदक हासिल कर उपविजेता रहा। जबकि पाकुड़ जिले को 1 गोल्ड, 2 सिल्वर एवं 1 कांस्य पदक प्राप्त हुआ। सचिव ने बताया कि इसके अलावे अन्य जिलों के प्रतिभागियों ने भी बेहतर प्रदर्शन किया है और उन्हें संघ द्वारा सम्मानित भी किया गया। इधर डीसी वरुण रंजन ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि पाकुड़ में राज्यस्तरीय प्रतियोगिता का सफल आयोजन होना यह बहुत बड़ी बात है। डीसी ने कहा कि आने वाले दिनों में इस तरह की प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाएगा। उपायुक्त ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें और बेहतर प्रदर्शन कर अपने राज्य व देश का नाम रोशन करने की अपील की।

### सीएमपीडीआई में पर्यावरण दिवस पर सीएमडी ने दिलाई शपथ

**रांची।** सीएमपीडीआई के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सोमवार को मुख्यालय परिसर में पर्यावरण झंडा फहराया। मौके पर सीएमपीडीआई के निदेशक आरएन झा, शंकर नागाचारी, क्षेत्रीय संस्थान-3 के निदेशक निदेशक जयंत चक्रवर्ती के अलावा मुख्यालय एवं क्षेत्रीय संस्थान-3 के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। मनोज कुमार ने कर्मियों को पर्यावरण शपथ दिलाई। इस अवसर पर कोल इंडिया के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल का संदेश पढ़ा गया। वहीं मनोज कुमार ने अपने संबोधन में पर्यावरण संरक्षण के महत्व एवं सतत आदतों को अपनाकर प्लास्टिक प्रदूषण को मात देने की आवश्यकता के बारे में बताया। सीएमपीडीआई ने प्लास्टिक प्रदूषण विषय पर व्याख्यान भी आयोजित किया। इसमें मुख्य अतिथि प्रो। गोपाल पाठक, कुलपति सरला बिरला विश्वविद्यालय ने पर्यावरण पर प्लास्टिक प्रदूषण के खतरे के बारे में विस्तार से बताया।

**छापेमारी** झारखंड-बिहार सीमा पर स्थित लाइन होटल में छापेमारी

# ट्रकों से अवैध वसूली से संबंधित रजिस्टर जब्त



**नवीन मेल संवाददाता। दुमका**
रविवार की शाम दुमका एसडीओ कौशल कुमार ने झारखंड-बिहार की सीमा पर हंसडीहा थाना क्षेत्र में स्थित एक लाइन होटल में छापेमारी की। इस होटल छापेमारी में काफी मात्रा में शराब तो जब्त किया ही गया। इसके साथ ही साथ कई ऐसे रजिस्टर भी बरामद हुए, जिससे इस बात का संकेत मिल रहा है कि माफियाओं द्वारा ट्रकों से इस होटल के मालिक के माध्यम से वसूली की जा रही थी। दरअसल दुमका में एक ऑडियो वायरल हुआ था जिसमें स्टोन चिप्स लदे बिहार के एक ट्रक से हंसडीहा थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह के द्वारा 40 हजार रुपये लेने की बात वायरल हो रही थी। यह बातचीत बिहार के पंकज सिंह नामक ट्रक ओनर एसोसिएशन से जुड़े व्यक्ति और हंसडीहा थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह का बताया गया था।हालांकि इस ऑडियो की जांच और आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हो पाई है पर इस ऑडियो में लाइन होटल का नाम भी लिया जा रहा था कि अवैध वसूली का तार वहां से भी जुड़ा हुआ है। ऐसे में एसडीओ ने मामले की जांच के लिए उक्त लाइन होटल में छापेमारी की। छापेमारी में काउंटर के पास ही काफी मात्रा में विदेशी शराब जब्त की गई। जबकि इस होटल को शराब रखने का कोई लाइसेंस नहीं है। होटल के सभी अलमीरा को जब खंगाला गया तो उसमें कुछ रजिस्टर बरामद हुए, जिसमें स्टोन चिप्स लदे ट्रकों से वसूली करने का लेखा-जोखा दर्ज था। एसडीएम कौशल कुमार ने जब्त किए गए सभी रजिस्टर को जांच के लिए रख लिया है।क्या कहते हैं एसडीओः इस पूरे मामले पर दुमका एसडीओ कौशल कुमार ने कहा कि स्टोन चिप्स लदे एक ट्रक से पुलिस के द्वारा जो रुपए लेने लेन-देन का वीडियो ऑडियो वायरल हुआ था, उसी में इस सिंह बिहार लाइन होटल का भी नाम लिया जा रहा था। उपायुक्त रविशंकर शुक्ला के निर्देश पर हमने यहां छापेमारी की है। जो भी रजिस्टर बरामद हुए हैं उसकी बारीकी से जांच की जाएगी और जो भी दोषी होंगे उस पर कड़ी कार्रवाई होगी। जहां तक शराब जब्ती की बात है इसके लिए उत्पाद विभाग को खबर कर दिया गया है। साथ ही होटल के भोजन की भी जांच फूड सेफ्टी ऑफिसर करेंगे। इस तरह के अनैतिक धंधे चलाने वाले इस लाइन होटल को सील करने की दिशा में भी कार्रवाई की जा सकती है।

### रातू रवि स्टील में कोंचिग संचालक की हुई पिटाई

**रातू।** रातू थाना क्षेत्र के रवि स्टील में छात्रा के साथ अश्लील हरकत करने वाले एक कोचिंग संचालक की जमकर पिटाई को गयी। पिटाई के बाद उसे थाने के हवाले कर दिया गया। बताया जा रहा है किट शिक्षक की पिटाई लड़की के साथ छेड़छाड़ के आरोप में सरेआम की गई । जानकारी के मुताबिक बिहार के सिवान जिले के रहने वाले पशुपति नाथ कुशवाहा राँची के कोकर में रहते है। वह लगभग 4 सालो से रातू रवि स्टील में कोचिंग सेंटर चलाता था। जिसमे दर्जनों बच्चियां उसके पास पढाई करती थी। शिक्षक पशुपति कई बच्चियों के साथ अश्लील हरकत व योन शोषण करता था। बच्चियों ने शिक्षक की इस हरकत की की जानकारी अपने परिजनों को दी। इसके उपरांत गुस्साये परिजनों ने शिक्षक की जमकर पिटाई कर दी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे ग्रामीणों के चंगुल से बचाकर थाना ले आयी है ।पिटाई से घायल कोचिंग संचालक का इलाज रातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया पहुंचाया गया। मामले को लेकर रातू थाने में छात्राओं के परिजनों ने पोक्सो एक्ट के तहत  मामला दर्ज किया गया है।

# इक्फाई विश्वविद्यालय ने पर्यावरण दिवस के अवसर पर अभियान चलाया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर, इक्फाई विश्वविद्यालय, झारखंड ने स्वास्थ्य विज्ञान संस्थान (आईएचएस), रांची, आई3 फाउंडेशन, रांची और हरमू हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के सहयोग से पौधरोपण कार्यक्रम 'तरु क्रांतिः एक वृक्ष आपके नाम' का आयोजन किया। वृक्षारोपण अभियान को डॉ. रमण कुमार झा, कुलपति, इक्फाई विश्वविद्यालय, डॉ. सुहास तेतरवे, अध्यक्ष, आईएचएस, डॉ. राजीव गुप्ता, संस्थापक और निदेशक, आई3 फाउंडेशन की उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न किया गया, एवं एक साल में एक लाख पौधे लगाने का संकल्प लिया गया। हरमू हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में सुबह 8 बजे, इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ साइंसेज में सुबह 9 बजे और इक्फाई विश्वविद्यालय, झारखंड कैंपस परिसर में सुबह 10 बजे कुल 150 पौधे रोपे गए। हरमु अस्पताल के डा. सुहास तेतरवे सहित अन्य स्टाफ ने उपस्थित होकर पौधरोपण किया। डॉ. रमण कुमार झा, कुलपति, इक्फाई विश्वविद्यालय, झारखंड, प्रो. अरविंद कुमार, कुलसचिव, विजय नारायण सिन्हा, सहायक कुलसचिव, डॉ. भगवत बारिक, सहायक डीन एवं अन्य संकाय सदस्य, कर्मचारी व छात्रगण भी इस अवसर पर उपस्थित थे और पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल हुए। आई3 फाउंडेशन के संस्थापक और निदेशक डॉ. राजीव गुप्ता ने भी समारोह में सक्रिय रूप से भाग लिया। आप सभी से आग्रह है कि इस मुहिम से जुड़ें।

# ‘जीवन को सुरक्षित के लिए पर्यावरण की सुरक्षा जरूरी’

## बरही : पौधरोपण कर बीडीओ ने पर्यावरण बचाओ का दिया संदेश



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** विश्व पर्यावरण दिवस पर बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदीवर ने प्रखंड परिसर में औषधीय पौधे नीम आदि का वृक्षारोपण कर प्रखंडवासियों को पौध संरक्षण का संदेश दिया । उन्होंने कहा की वृक्ष है तो कल है, आज ग्लोबल वार्मिंग का नतीजा है कि बरही जैसे शांत और स्वच्छ जगहों में भी 40 से 45 डिग्री तक का तापमान सहना पड़ रहा है । इसका मुख्य कारण वनों की अंधाधुंध कटाई है । उन्होंने आम लोगों से अपील किया कि पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के लिए पौधरोपण और संरक्षण नितांत आवश्यक है । अन्यथा भूक्षरण बढ़ेगा, वारिस नही होगी, जलवायु में परिवर्तन होगा जिसका प्रभाव सिर्फ वर्तमान ही नहीं आने वाले पीढ़ियों पर भी होगा । उन्होंने लोगो से वृक्षों की अंधाधुंध कटाई पर रोक लगाने की अपील किया । पौधरोपण करने में प्रखंड कृषि पदाधिकारी आजाद सिंह, पी एम आवास बीपीओ के के भारती, महेंद्र राम, दीपक कुमार, मो आसिफ आदि ने बीडीओ का साथ दिया ।

## बरकट्ठा : पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज में पौधरोपण कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड के कपका स्थित पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज के प्रांगण में विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यावरण के संरक्षण व इसके प्रति लोगों को जागरुक करने हेतु विभिन्न प्रकार के पौधे यथा आम,नीम , कटहल ,लीची, सहजन आदि का रोपण किया गया। मौके पर विद्यालय के निदेशक सत्येंद्र प्रसाद ने वृक्षारोपण के महत्व को बताते हुए कहा कि मनुष्य तभी तक सुरक्षित है जब तक हमारा पर्यावरण सुरक्षित है। इसके लिए कम से कम पेड़ों का कटाव के साथ साथ अत्याधिक पौधों को लगाना होगा। वहीं संस्था के प्राचार्य दिनेश कुमार भारती ने कहा कि वृक्ष हमें प्राण वायु के साथ -साथ जीवन जीने के हर प्रकार के संसाधन उपलब्ध करवाता है। संस्था के प्रबंध निदेशक वीरेंद्र प्रसाद ने कहा पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ वन्य जीवों का संरक्षण भी हम मनुष्यों के लिए अति आवश्यक है ।वहीं संस्था के प्रबंधक राजेश कुमार यादव ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को प्रत्येक वर्ष एक से पांच पौधे लगाना चाहिए और उसे अपने बच्चों के जैसा संरक्षण भी करना चाहिए। कार्यक्रम में संस्था के शिक्षक शंभू शर्मा, बैजनाथ मंडल, नंदेव कुमार, पवन कुमार, योगेश कुमार ,नेहा कुमारी, ज्योति भारद्वाज, प्रकाश कुमार ,सपना कुमारी, काजल कुमारी ,सीता कुमारी, मानती कुमारी ,आरती कुमारी का सराहनीय योगदान रहा।



## रामगढ़ में विश्व पर्यावरण दिवस पर श्रमदान-पौधरोपण कार्यक्रम



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सोमवार को नमामि गंगे योजना एवं मिशन लाइफ (लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरनमेंट) के तहत नगर परिषद वार्ड नंबर 10 अंतर्गत फुलसराय तालाब परिसर में वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार की अध्यक्षता में श्रमदान एवं पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी ने उपस्थित सभी को विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं देने के उपरांत नमामि गंगे योजना एवं मिशन लाइफ के उद्देश्यों के प्रति जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जिस प्रकार से पर्यावरण में बदलाव आ रहे हैं वैसे में हम सभी को एक साथ मिलकर प्रयास करने की जरूरत है वहीं उन्होंने सभी से सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग ना करने, ऊर्जा का इस्तेमाल आवश्यकता के अनुसार एवं सही तरीके से करने सहित अन्य जानकारियां देने के क्रम में सभी से स्वयं एवं अन्य लोगों को इसके प्रति जागरूक करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान वन प्रमंडल पदाधिकारी एवं जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में अन्य लोगों के द्वारा मनुवा तालाब परिसर में श्रमदान कर साफ सफाई की गई। वहीं, वन प्रमंडल पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, प्रशिक्षु कार्यपालक पदाधिकारी आदि ने किया।

## डीएवी में पौधरोपण और चित्रांकन प्रतियोगिता



**बरही ।** विश्व पर्यावरण दिवस पर डीएवी पब्लिक स्कूल परिसर में आम, महोगनी, कटहल, लीची, अशोक, शीशम आदि पौधो का वृक्षारोपण किया गया । जो प्राचार्य ए के सिंह, एलएमसी सदस्य डॉ निजामुद्दीन अंसारी, इंद्रदेव यादव और शिक्षको ने संयुक्त रूप से किया। अपने उद्बोधन में प्राचार्य ने बताया कि वातावरण को शुद्ध और स्वच्छ रखने के लिए सिर्फ वृक्षारोपण ही नही बल्कि प्रत्येक व्यक्ति को वृक्षों की सुरक्षा की जिम्मेवारी लेनी चाहिए। आज जिस प्रकार वृक्षों की अंधाधुंध कटाई हो रही है जो चिंतनीय है. इसके लिए वृक्षों की कटाई के दुष्परिणाम से बताते हुए लोगो के बीच जागरूकता अभियान चलाना होगा ।प्राचार्य ने कहा कि पेड़ बचेंगे तब ही हम बचेंगे अन्यथा ग्लोबल वार्मिंग से ब्रह्माण्ड को नही बचाया जा सकता है। एलएमसी सदस्यो और शिक्षको ने भी वृक्षारोपण करने और हर एक व्यक्ति से एक वृक्ष को गोद लेने की अपील किया। इसके साथ ही विद्यालय के एलकेजी व यूकेजी के बच्चो के लिए पर्यावरण संरक्षण पर आधारित चित्रकला, कक्षा एक और दो के लिए पौधरोपण और नवम से द्वादश के विद्यार्थियो के बीच वृक्षों के महत्व पर ऑनलाइन भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

## 50 हजार पौधे लगाने का आईसीएआर ने रखा लक्ष्य



**बरही ।** विश्व पर्यावरण दिवस पर आईसीएआर गौरियाकरमा ने वन विभाग के सौजन्य से 50वाँ विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। संस्थान ने आगामी मानसून में 50,000 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा। विशेष कार्य अधिकारी डॉ. विशाल नाथ ने वनों के महत्व पर चर्चा करते हुए संस्थान को सुंदर, शीतल और हरा-भरा बनाने के के लिए परिसर ने भारी संख्या में वृक्षारोपण की बात कही। जिससे सुंदरता के साथ लोगो को लू आदि से बचने के पर्यावरणीय लाभ मिल सके। कार्यक्रम के आयोजक पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ. दीपक कुमार गुप्ता ने 2023 के थीम ह्लप्लास्टिक प्रदूषण को हराएंह्व की का संदेश दिया। साथ ही लोगो से एकल प्रयोग प्लास्टिक के प्रयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने की बात कही । बताया कि प्रत्येक वर्ष दस लाख प्लास्टिक की बोतलें और लगभग पांच ट्रिलियन प्लास्टिक बैग का प्रयोग किया जाता है। दुनिया भर में हर साल लगभग 400 मिलियन टन से अधिक प्लास्टिक का उत्पादन होता है। इनमें से 19-23 मिलियन टन प्लास्टिक कचरा प्रतिवर्ष झीलों, नदियों और समुद्रों में फैल रहा है । जिससे लगभग 800 से अधिक समुद्री और तटीय प्रजातियां प्रभावित हो रहीं हैं। माइक्रोप्लास्टिक्स भोजन, पानी और हवा मे घुल चुके हैं। अनुमान के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति प्रति वर्ष 50,000 से अधिक प्लास्टिक कणों का भोजन, पानी और हवा के माध्यम से उपभोग करता है। जो मानव स्वास्थ्य और जैव विविधता को नुकसान पहुँचाते हैं । कार्यक्रम मे संस्थान के वैज्ञानिक डॉ बी एन मण्डल, डॉ मनोज चौधरी, डॉ अभय गिरी, डॉ कृष्ण प्रकाश, डॉ निरंजन, डॉ आशा, डॉ भारती, डॉ नुजाइबा एवं वन विभाग के अधिकारी शामिल अमर उज्वल आदि ने सक्रिय रूप से वृक्षारोपण मे भाग लिया ।

## डीसी ने सुनी लोगों की समस्याएं, दिए निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, रोजगार, विकास कार्यों, आवास, पेयजल, विभिन्न योजनाओं के लाभ सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### ग्रामीणों ने पेड़ों को बांधा रक्षा सूत्र

**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड अंतर्गत कुल्ही में पर्यावरण दिवस पर सोमवार को जंगल में रक्षा सूत्र बांधकर युवाओं ने पेड़ पौधे बचाने का संकल्प व शपथ लिया। मौके पर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि धरती हमारी मां है, धरती हमारी जननी है और प्रकृति हमारा जीवन है । प्रकृति के बिना मनुष्य का जीवन संभव नहीं है । लेकिन फिर भी हम विकास और आधुनिकता की दौड़ में पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे हैं । हम प्रकृति से दूर जा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि अब झरना , नदी , झील और जंगल देखने के लिए हमें बहुत दूर जाना पड़ता है। पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने का खामियाजा हम समय - समय पर भुगत भी रहे हैं। कभी बाढ़ आ जाती है तो कभी बादल फटते हैं । कहीं धरती में पानी सूख रहा है तो कहीं की जमीन आग उगल रही है। ये सब क्लाइमेट चेंज की वजह से ही हो रहा है । मौके पर रविकांत महतो,रोशन महतो,रुकेश कुमार,करमू महतो,उतम कुमार, रंजीत महतो,शुभम कुमार उपस्थित थे ।

### अज्ञात वाहन की चपेट में एक की मौत

**रामगढ़ ।** कुजू ओपी क्षेत्र के मुरपा स्थित फोरलेन एनएच 33 सड़क पर 5 जून की सुबह अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक वृद्ध की मौत हो गयी। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में कर अंत्यपरीक्षण के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया। हालांकि समाचार लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो पायी थी। पुलिस द्वारा शव को 72 घंटे के लिए शीतगृह में रखा गया है। बताया जाता है कि सोमवार की सुबह अज्ञात वाहन ने मृतक को अपनी चपेट में ले लिया था। जिससे उसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी ।

### महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव ने पौधरोपण कर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया




**रामगढ़ ।** डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सुकरीगढ़ा, लारी में सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर महाविद्यालय परिसर पर एनएसएस के तत्वाधान में वृक्षारोपण किया गया। महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय कुमार प्रभाकर ने वृक्षारोपण करते हुए सभी को पर्यावरण बचाने का संदेश दिया, साथ ही महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य नीलिमा कुमारी ने भी वृक्षारोपण किया तथा सभी को पर्यावरण से जुड़े रहने का संदेश दिया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुनीता गुप्ता ने अपने संदेश में कहा कि धरती पर जीवन बचाना है तो पेड लगाना है। वृक्षारोपण कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक रंजु वंदना होरो, राजु रंजना होरो, मो. परवेज अख्तर, नयन कुमार मिश्रा, डॉ. अशोक राम (कार्यक्रम पदाधिकारी) तथा डीएलएड के व्याख्याता मुरारी कुमार दुबे, बाबुचद प्रसाद, मुकेश कुमार, वरूण कुमार शिक्षकेतर कर्मचारियों में सुजाता कुमारी, श्रेया गुप्ता, मुनिता कुमारी, सुनीता देवी, सावित्री देवी, सुनीता नायक, पंकजा करमाली, निर्मल महतो उपस्थित रहें।

## शादी समारोह: दो पक्षों में विवाद के बाद खूनी संघर्ष

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड के ग्राम तरबेचवा में बीते रात को शादी समारोह में सामाजिक रीति रिवाज को लेकर कहासुनी के बाद ग्रामवासी आपस में उलझ गए । वहीं बराती व सराती के बीच खूनी संघर्ष में 17 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनमें छह की स्थिति अति गंभीर होने के कारण सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया। मारपीट में तरबेचवा निवासी वाहिद अली 65 वर्ष, इसाक अंसारी 45 वर्ष, जिबरैल अंसारी 30 वर्ष, उनकी पत्नी शबनम खातून 28 वर्ष, खैरुन निशा 32 वर्ष ,मुख्तार अली 55 वर्ष ,जिबराइल अंसारी 18 वर्ष, मोहम्मद उस्मान 18 वर्ष ,साजदा खातून 35 वर्ष, नाजमा खातून 40 वर्ष ,इरफान अंसारी 24 वर्ष , मजीद आलम 24 वर्ष ,अब्बास अंसारी 52 वर्ष ,मोहम्मद कासिम 61 वर्ष ,असगर अली 50 वर्ष ,सरफुद्दीन अंसारी 70 वर्ष ,मोहम्मद अनवर हुसैन 31 वर्ष घायल हो गए। वहीं घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में किया गया। जबकि चिकित्सकों ने वाहिद अली, इसाक अंसारी ,नाजमा खातून, अब्बास अंसारी ,असगर अली, सरफुद्दीन की गंभीर स्थिति को देख बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया।

### तीन दिनों से विकास लापता, परिजन परेशान



**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोनहरा कला निवासी विकास कुमार 10 वर्ष ,पिता धानो रविदास विगत तीन दिनो से लापता है जिससे परिजन काफी परेशान है। लापता युवक के भाई अशोक रविदास ने कहा तीन दिन बीत जाने के बाद भी कोई सुराग नहीं मिलने से हमलोग काफी परेशान हैं। इस बाबत लापता विकास कुमार के भाई अशोक रविदास ने बरकट्ठा थाना में आवेदन देते हुए खोजबीन के लिए सहयोग की अपील की है।

## शहीद-ए-कर्बला की जियारत के लिए दो जायरीन कोनहरा खुर्द से रवाना

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कोनहारा खुर्द से कर्बला की जियारत के लिए दो जायरीन बगदाद शरीफ के लिए रवाना हुए। जिसमें कोनहारा खुर्द निवासी हाजी गुलाम नबी एवं हाजी शफायत अली शामिल है। जायरीन के रवानगी के पूर्व ग्रामीणों ने दोनों जायरीन को फूल माला पहना कर गर्मजोशी से इस्तकबाल किया। साथ ही पूरे ग्राम में जुलूस निकालकर लोगों से मुलाकात करते हुए क्षेत्र की अमन-चैन के लिए दुआएं की ।इस अवसर पर समाजसेवी कलीम खान एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष यासीन खान, समाजसेवी मुख्तार अंसारी, निदेशक एजाज अहमद, पंचायत प्रतिनिधि रईस कौसर, सदर मोइन अंसारी, कासिम अंसारी, इदरीस अंसारी, हाजी शहजाद आलम, इमाम मुफ्ती मोहिब आलम, हाजी शमशुल, मुफ्ती शहाबुद्दीन, यूनुस अंसारी, निजामुद्दीन अंसारी, कमरुद्दीन अंसारी, समीरूद्दीन, एहान अहमद समेत अन्य लोग उपस्थित थे।



**मुख्य बातें**

### डायरिया मुक्त अभियान को लेकर आईसीडीएफ कार्यक्रम शुरू

## ओआरएस और जिंक की गोली से दें बच्चों को जीवनदान

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** डायरिया मुक्त अभियान के तहत अनुमंडलीय अस्पताल में आईसीडीएफ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, कोनरा मुखिया यासमीन तबस्सुम, उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी और सीडीपीओ नीलू देवी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में बरही और पदमा प्रखंड के सहिया और स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे। जानकारी देते हुए डीएस डॉ ज्ञानी ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र को डारिया मुक्त बनाना है। इसका मुख्य कारण डिहाइड्रेशन है, जो बच्चो में ज्यादातर देखे जाते है। ऐसे में ओआरएस के घोल अतिआवश्यक होते है। इसी उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग की ओर से दो माह से 5 वर्ष तक के बच्चो को ओआरएस और जिंक टैबलेट्स मुफ्त दिए जा रहे है। जिन्हे आधी गोली 14 दिनो तक खाना है जबकि 6 वर्ष से ऊपर वाले को 1 गोली खाना है। गर्भवती और दो माह से नीचे के बच्चो को यह दवाई नही खाना है। 36000 बच्चो को दवा देने का है लक्ष्य 5 जून से 17 जून तक 36000 बच्चो को जिंक और टैबलेट्स देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए बरही और पदमा प्रखान में कुल 16 क्लस्टर बनाए गए है। बरही ने कुल 244 सहिया अपने 8 क्लस्टर के माध्यम से घर घर दवा देने का काम करेगी। आंगनबाड़ी के सेविका और सहायिका भी करेगी मदद : इस अभियान को सफल बनाने में प्रखंड की सभी आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका अपने केंद्रों पर बच्चो को दवा खिलाने में मदद करेगी। साथ ही अभिभावकों सहित बच्चो को हैंड वाश, साफ सफाई इत्यादि की भी जानकारी देंगे।



## बरही प्रखंड सभागार में लगा विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** मन का मिलन पखवाड़ा के तहत प्रखंड सभागार में एक दिवसीय मध्यस्थता सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया. जिसका शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि डालसा के के.के वर्मा, एलएलडीसी विकास सोनी सहित प्रमुख मनोज रजक, बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, सांसद प्रतिनिधि डोमन पांडेय, पंसस जीतू ठाकुर, सीडीपीओ नीलू कुमारी, बीएओ आजाद सिंह, एमओ मुकेश कुमार सिंह आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया. कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार व संचालन बीटीएम राकेश कुमार ने किया. अपने उद्बोधन में डालसा के श्री वर्मा ने बताया कि मध्यस्थता एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें शामिल होने वाले पक्षकारों के अनुसार से ही उनके भी सुलह कराकर मामले का समाधान किया जाता है. इस प्रक्रिया के तहत पक्षकार अपने मामलें में निर्णय लेने के लिए पूरी तरह से स्वतंत्र होते है. उन पर किसी प्रकार का दबाव नही बनाया जाता है. उन्होंने कहा कि दूसरे पक्ष के हितों को समझना, सौदेबाजी की रणनीति विकसित करना और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समझौते तक पहुंचने के लिए बातचीत की तकनीकों का उपयोग करना शामिल हो सकता है. बीडीओ ने बताया कि निःशुल्क कानूनी सलाह का अपने संविधान में जिक्र है, इसी कारण लोगों को निःशुल्क कानूनी जागरूकता अभियान चलायी जा रही है. उन्होंने कहा कि मध्यस्थता न सिर्फ समय और धन को बचाती है, बल्कि साथ में न्यायिक प्रक्रिया की तुलना में शीघ्र वादों का निपटारा भी होता है।



# जिले में बढ़ रहे अपराध व हत्या के विरोध में वैश्य समाज ने निकाली रैली



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** जिला मे बढ रहे अपराध व हत्या के विरोध में वैश्य समाज के द्वारा शांतिपूर्ण रैली व एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया।साथ ही घटनाओं का उद्भेदन जल्द हो और अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा गया।रैली झुमरी तिलैया के यदूटांड से निकला जो विश्वनाथ मोदी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए कोडरमा समाहरणालय पहूंच कर सभा में तब्दील हो गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे योगी प्रदीप सुमन ने आए हुए अतिथियों व वैश्य समाज के सभी सदस्यों का स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे पूर्व डीजीपी महेंद्र मोदी,विशिष्ट अतिथि पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता,मोदी समाज के जिला अध्यक्ष रामेश्वर मोदी भदानी, उपस्थित थे। मुख्य अतिथि , विशिष्ट अतिथि के अलावा कई वक्ताओं ने अपनी बात रखी।बताते चलें कि कोडरमा के वैश्य समाज के लोगों पर लगातार हत्या, अत्याचार, जानलेवा हमला करके मारपीट किया गया ,कई बार अभीयुक्तो पर कार्रवाई गिरफ्तारी के लिए उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक कोडरमा से लिखित आवेदन देकर अभियुक्तों की गिरफ्तारी की मांग की गई परंतु अभी तक अभियुक्तों की गिरफ्तारी में विलंब करके अपराधियों को पकडा नहीं गया है।जिससे पीड़ित परिवार तो दहशत में है साथ ही समाज में रहने वाले शांतिप्रिय लोगों के बीच भी डर सा माहौल है। जिला प्रशासन से कार्रवाई करने की मांग किया जाता रहा है लेकिन अभी तो पर कार्रवाई नहीं होने से लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है जो शान्तिपूर्ण रैली व एकदिवसीय धरना देकर प्रदर्शित किया गया।सभा को संबोधित करते हुए पूर्व जिप अध्यक्ष व वैश्य समाज की जुझारू नेत्री शालिनी गुप्ता ने कहा कि इन घटनाओं से हम मर्माहत है।कोडरमा में सबसे बडी आबादी होने के वावजूद घटनाएं वैश्य समाज के साथ ही घट रही है। मैं बताना चाहती हू कि वैश्य समाज का जोर कम लग रहा है लेकिन वैश्य समाज कमजोर नहीं है। वैश्य समाज के लोगों को अपने में राजनीतिक चेतना को जागृत करने की आवश्यकता है।आज हमे कमर कसना होगा अगर कमर नहीं कसेंगे तो ऐसी घटनाओं की पुरनावृति होती रहेगी। पूर्व डीजीपी महेंद्र मोदी ने कहा कि वैश्य समाज किसी क्षेत्र में कमजोर नहीं है।धरना के बाद एक टीम बनाकर कोडरमा उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक से मिलकर जल्द अपराधियों की गिरफ्तारी का बात करेंगे।

## झुमरी तिलैया नगर परिषद क्षेत्र में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस



**झुमरी तिलैया।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर झुमरी तिलैया नगर परिषद के द्वारा बीट प्लास्टिक दिवस के रूप में रैली निकाली गई। इसमे मारवाड़ी युवा मंच के सहयोग से जुट के बने थैलों को प्लास्टिक के थैले में सामग्री ले रहे लोगों को वितरित किया गया। इससे पूर्व सफाई मित्र को नप के ईओ विनीत कुमार ने प्रमाण पत्र एवं मिठाई देकर सम्मानित किया। स्वच्छता रैली के माध्यम से प्लास्टिक का उपयोग ना करने का संदेश दिया गया। इसके साथ ही स्वच्छता शपथ भी दिलाई गई। बेस्ट आर आर आर सेंटर प्रदान करने वाले कर्मी को भी मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस रैली में प्रशासक विनीत कुमार, नगर प्रबंधक प्रशांत भारतीय, सतीश कुमार, स्वच्छता निरीक्षक राजू राम, ब्रांड एम्बेसडर एस के उजाला, मंजू सिंह विराग, मारवाड़ी युवा मंच से अध्यक्ष राज पचीसिया, सचिव आशीष जोशी, उमंग अग्रवाल, महावीर खेतान, रितेश दुग्गड, हिमांशु केडिया, अरविंद चौधरी एवं सफाई मित्र उपस्थित थे।

## कैरबेड़ा में सर्पदंश से व्यक्ति की मौत

**सिमडेगा।** पाकरटांड थाना क्षेत्र अंतर्गत कैरबेड़ा गांव में सोमवार की सुबह जहरीले सांप के डसने से 57 वर्षीय इग्नाशीयुस तिग्गा नामक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया घटना के संबंध में जानकारी देते हुए मृतक के पुत्र मनोरंजन तिग्गा ने बताया उसका पिता जमीन पर सो रहा था इसलिए बीच रात में अचानक उसे जहरीले सांप ने डसा लेकिन किसी को पता नहीं चला जब सुबह उसकी हालत बिगड़ गई तब परिवार वाले उसे हॉस्पिटल ले जाने की तैयारी किया तब तक उसकी मौत हो गई थाना प्रभारी रंजीत महतो ने लोगों से अपील की है कि लोग चारपाई का प्रयोग कर ऊपर सोये, जमीन में सोने से सांपों का खतरा मंडराता रहता है।

## नदी में डूबने से युवक की मौत

**ठेठईटांगर।** थाना क्षेत्र के छिंदा नदी नहाने के दौरान एक युवक गहरे पानी में चला गया और उसकी मौत हो गई युवक की पहचान प्रमोद कुमार के रूप में हुई इधर घटना की जानकारी पुलिस को हुई जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची वहीं इस मामले की जानकारी कोलेबिरा विधायक को भी हुई वह भी घटनास्थल पर पहुंचे और तैराकों के माध्यम से गहरी पानी में डूबे शव को निकालकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भिजवाया तथा विधायक ने शोकाकुल परिवार को सरकार की ओर से मिलने वाले सभी प्रकार की सुविधा दिलाने की बात कही। बताया गया कि प्रमोद नदी नहाने गया था और छलांग लगाई जिसके बाद वह गहरे पानी में चला गया जिसके बाद आसपास मदद नहीं मिलने की वजह से वह डूब गया बाद में स्थानीय लोगों ने नदी किनारे कपड़ा देखा और उन्हें शंका हुई जिसके बाद नदी के अंदर खोजबीन की गई तब जाकर प्रमोद का शव पाया गया पुलिस यूडी केस दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## सड़क हादसे में क्लर्क की मौत

**सिमडेगा।** सिमडेगा पथ निर्माण विभाग के कलर के रूप में कार्यरत गरजा झीमो टोली निवासी समीकांत टेटे की मौत हो गयी। बताया जा रहा है किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से सनी कांत टेटे सेवई लंगड़ा टोली के पास रविवार की शाम में घायल हो गए जिसे सदर अस्पताल सिमडेगा लाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि वह केरसई से अपने घर की ओर आ रहा था इसी क्रम में किसी अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया और माथे में गंभीर चोट लगने की वजह से उसकी मौत हो गई।

# सिमडेगा में सरना सनातन जनजागृति महासम्मेलन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** पाकरटांड प्रखंड के टकबा में में विश्व हिन्दू परिषद् की ओर से एक दिवसीय सरना सनातन जन जागृति महासम्मेलन का आयोजन किया गया कार्यक्रम में उपस्थित हुए अतिथियों का पारम्परिक रिती रिवाज और गाजे बाजे के साथ आगवानी कर कार्यक्रम स्थल तक लाया गया। सर्वप्रथम सभी अतिथियों के द्वारा सामूहिक रुप से वैदिक मंत्रो के साथ भगवान का पूजन, आरती कर पुष्प अर्पित किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि विश्व हिन्दू परिषद् के जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ने कर्मठ कार्यकताओं को अंग वस्त्र प्रदान कर उनका उत्साह बढ़ाया।इस अवसर पर सभी अतिथियों ने अपने विचारों से अपने अपने सम्बोधन में लोगों का मार्गदर्शन किये।सर्वप्रथम विहिप प्रखंड अध्यक्ष राधेश्याम प्रसाद ने मंच पर सभी अतिथियों का स्वागत कर उपस्थित ग्रामीणों से अपील की वे ग्राम, टोले से लेकर पंचायत, प्रखंड तक एकजुट होकर अपने आप को सशक्त बनाये और किसी भी परिस्थिति का डटकर मुकाबला करें जिलाध्यक्ष कौशल राज सिंहदेव ने लोगों का उत्साहवर्धन करते हुए अपने सम्बोधन में कहा



सरना सनातन धर्म को तोड़ने के लिए कई ताकतें लगी हुई है और वे अब खुलकर सामने भी आ रही हैं हमें एकजुट रहकर उनका मुहतोड़ जबाब देना है।सरना सनातन एक है, सनातन क्या है? सनातन मतलब शाश्वत जो हमेशा बने रहने वाला, जो सदा से है, जो सदा रहेगा. जिसकी उत्पति सृष्टि के प्रारम्भ से है और जिसका कोई अंत नहीं है. यही है सनातन.इसी सनातन में आरम्भ से ही, वैदिक काल से ही प्रकृति को पूजते आये हैं, जिनसे हमारा जीवन चक्र सफलता पूर्वक चलता है और प्रकृति हमारी धार्मिक सुरक्षा कवच है। वनवासी क्षेत्रों में वैदिक धर्म सनातन धर्म के अनुसार पेड़ पौधे, नदियों और पहाड़ों की पूजा करना उसके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करना है.प्राचीन काल में उस महान प्रकृति को पूजने हेतू वनो में पूजन स्थल की व्यवस्था की. सरना एक पूजा स्थल है कोई धर्म नहीं. चर्च एक पूजा स्थल है और धर्म ईसाई है. मस्जिद एक इबादत स्थल और धर्म इस्लाम है उसी प्रकार सरना पूजा स्थल है और सनातन धर्म है। लेकिन विभाजनकारी ताकतों ने जो हमारे देश, धर्म और संस्कृति के दुश्मन हैं हमें भावनाओं में बाँट कर सनातन समाज को कमजोर कर रहे हैं. ऐसे चरित्र के लोग देश के भी बड़े दुश्मन होते हैं. हमें ऐसे लोगों के बहकावे में ना आकर संगठित रहना है साथ ही धर्मान्तरण के प्रति लोगों को जागरूक भी करना होगा। मौके पर कई अन्य लोगों ने भी संबोधित किया ।इस दौरान पर विहिप प्रदेश सत्संग प्रमुख गणेश शंकर विद्यार्थी,विहिप जिला कोषाध्यक्ष मुरारी प्रसाद, जिला सह मंत्री सुबोध महतो एवं कमल सेनापति, जिला संगठन मंत्री दिलीप बड़ाईक, बजरंग दल जिला संयोजक आनंद जायसवाल भी अपने विचारों से लोगों को अवगत कराया।मंच संचालन राम कुमार सिंह ने किया।

## पेड़ में रक्षा सूत्र बांध मनाया पर्यावरण दिवस




**झुमरी तिलैया।** ग्रिजली महाविद्यालय ने गोद लिए गांव इंदरवाटाड के ग्रामीणों के साथ वृक्ष को रक्षा सूत्र बांधकर एक अनोखे अंदाज में पर्यावरण दिवस मनाया। इस अवसर पर महाविद्यालय की उपनिदेशक का डॉ. संजीता कुमारी ने ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया एवं बताया की हम किस प्रकार पेड़ पौधे का संरक्षण कर पर्यावरण को दूषित होने से बचा सकते हैं। मौके पर ग्रामीणों गांव में अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण में होने वाले नुकसान की भरपाई करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय की ओर से पौधे का वितरण किया गया। साथ ही साथ महाविद्यालय की उपनिदेशिका ने प्लास्टिक प्रदूषण पर भी ग्रामीणों को जागरूक किया एवं बताया कि प्लास्टिक बैग की जगह पेपर बैग व कपड़े के बैग का इस्तेमाल कर खुद भी पॉलिथीन के उपयोग से बचें एवं दूसरों को भी इस कार्य के लिए प्रोत्साहित करें। इस अवसर पर ग्रामीणों के बीच कपड़े के थैला एवम खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में व्याख्याता मृदुला भगत, तकनीकी सहायक नीरज कुमार, दीपक कुमार, चुन्नु कुमार, ग्रामीण मुंदरी मसोमात, चंदवा मसोमात, गंगा देवी, धनेश्वरी देवी, कविता देवी, सरजू महतो और कई बच्चे उपस्थित थे।

## मिलेट्स फूड-पर्यावरण पर गोष्ठी का आयोजन

**झुमरी तिलैया।** नेहरू युवा केंद्र कोडरमा के द्वारा कोडरमा प्रखंड के सलैया देवी मंडप प्रांगण में मिशन लाइफ कार्यक्रम के तहत मिलेट्स फूड मेला, विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में पत्थलडीहा पंचायत की मुखिया बैजंती देवी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कृषि विभाग के बीटीएम संतोष सिंह एवं किसान मित्र शंभू शरण सिंह उपस्थित थे। बीटीएम संतोष सिंह के द्वारा विभिन्न गांव से उपस्थित युवा मंडल के सदस्यों एवं किसानों को मिलेट्स फूड मेला के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। मिलेट्स फूड की विशेषताओं का वर्णन किया। साथ ही साथ इस कार्यक्रम को सफल बनाने में किसान मित्र शंभू शरण सिंह, राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक विकास कुमार यादव, करण कुमार, दीपक कुमार, रामावतार दास, नीरज कुमार, धीरज कुमार, अनीता देवी, आरती देवी, रीना देवी आदि लोगों ने यह भूमिका निभाई।

## माहुरी वैश्य नवयुवक समिति ने किया पौधरोपण




**झुमरीतिलैया।** विश्व पर्यावरण दिवस पर सोमवार को प्रखंड परिसर स्थित चिल्ड्रन पार्क में झुमरीतिलैया माहुरी वैश्य नवयुवक समिति के द्वारा पौधारोपण व वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में स्टेशन प्रबंधक संतोष कुमार, विशिष्ट अतिथि महामंडल के केंद्रीय उपाध्यक्ष रवि कपसीमे, केंद्रीय नवयुवक समिति उपाध्यक्ष रितेश लोहानी, समाजसेवी विशाल भदानी व प्रो. राखी भदानी उपस्थित थी. कार्यक्रम की अध्यक्षता नवयुवक समिति के अध्यक्ष प्रतीक बड़गवे व संचालन सचिव साहिल भदानी ने किया। मौके पर अतिथियों ने कहा कि इस विशेष दिन को लोग जनसहभागिता के रूप में मनाते हैं। इस दिन को मनाने का उद्देश्य लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करना है। हालांकि, आज के औद्योगीकरण के दौर में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई चिंता का विषय बन गया है।

# 30 जून तक वित्तीय वर्ष के लक्ष्य को करें पूरा : डीडीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** जिला के 64 बैंक शाखाओं के लिए चालु वर्ष 02023-24 के लिए 1235.77 लाख का ऋण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें लगभग 55 हजार लाभुकों के बीच ऋण 31 मार्च तक मुहैया कराना है। इसके तहत कृषि में 3665 लाभुकों के बीच 316 करोड 55 लाख छोटे लघु उद्योग के लिए 5895 लाभुकों के बीच 430 करोड 91 लाख कुल प्राथमिक क्षेत्र में 52 हजार 328 लाभुकां के बीच 808 करोड तथा शिक्षा के लिए 236 लाभुकों के बीच 3 करोड 93 लाख का लक्ष्य निर्धारित किया गया। यह जानकारी जिला अगणी पंबंधक अजय कुमार राणा ने दी। उन्होने बताया कि डीडीसी रितु राज ने वित्तीय वर्ष 2022-23में प्रधानामंत्री रोजगार सृजन में जो बैंक ऋण महैया नहीं कराये हैं वे 30 जुन तक लक्ष्य को प्राप्त करें। उन्होनें कहा कि इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र के अलावा महिला अनुसूचित जाती, अनुसूचित जनजाति व ओबीसी के लिए 35 प्रतिशत सब्सिडी तथा शहरी क्षेत्र में 25 प्रतिशत सब्सिडी दी जाती है। वित्तीय वर्ष में कोडरमा का लक्ष्य रोजगार सृजन योजना में 165 निर्धारित किया गया था जिसमें 88 लाभुक को ही इसका लाभ मिला है जो कि 53.33 प्रतिशत है। जबकि ओवरऑल 89 प्रतिशत लक्ष्य निर्धारित किया गया है। चालू वित्तीय वर्ष में इस योजना के तहत 200 का लक्ष्य दिया गया है। इस योजना के तहत सेवा क्षेत्र में 20 लाख उत्पादन क्षेत्र में 50 लाख का लक्ष्य रखा गया है। इधर डीडीसी ने बैंको को लक्ष्य पुरा करने के लिए कडे निर्देश दिये है और एलडीएम प्रखण्ड स्तरों में हो रही बैठक में बैंको के प्रतिनिधियों को बैको का लक्ष्य पुरा करने का निर्देश दे रहे है।

## चेक डैम निर्माण कार्य का कोलेबिरा विधायक ने किया शिलान्यास

**ठेठईटांगर।** प्रखंड अंतर्गत कोरोमीया जपलांगा में जल संसाधन विभाग राज्य योजना स्वीकृत चेकडैम का सोमवार को कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाडी विभाग के कार्यपालक अभियंता ने शिलान्यास किया। मौके पर उन्होंने कहा क्षेत्र में खेती किसानों का रोजगार होता है उसी को देखते हुए चेक डैम का निर्माण किया जा रहा है । झारखण्ड एक कृषि प्रधान प्रदेश है कृषि के उत्पादन हेतु जल संसाधनों का होना अति आवश्यक है परंतु यहां का मानसून अनिश्चित है झारखंड में अक्सर सूखा की संभावना बनी रहती है। जिसे देखते हुए यहां पर चेक डैम का निर्माण होगा और यहां पर पानी का ठहराव होगी।

# सफीक खान का बानो प्रखंड दौरा

## जल नल योजना एवं चेकडैम निर्माण कार्य का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** झामुमो जिला सचिव सफीक खान सोमवार को बानो प्रखंड का दौरा किया। मौके पर उकौली, डुमरिया, बड़काडुईल पंचायत पहुंच जल नल योजना का निरीक्षण किया। साथ ही जल नल योजना की स्थिति देखकर नराजगी व्यक्त की। निरीक्षण के क्रम में डुमरिया में लोग डाड़ी के पानी से प्यास बुझाते दिखे। मौके पर सफीक खान ने कहा कि सरकार जल नल योजना के माध्यम से लोगों को घर तक नल से पानी पहुंचाने के लिए करोड़ो खर्च कर रही है। लेकिन विभाग और संवेदकों की मिलीभगत से यह योजना पुरे जिले में फेल है। इसको लेकर मुख्यमंत्री से मिलेंगे। साथ ही दोषी अधिकारियों एवं संवेदकों पर कारवाई की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार किसी भी किमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इधर सफीक खान बड़काडुईल पंचायत के लोवासोकरा बांध में वन विभाग से बन रहे चेकडैम निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में कार्य घटिया किस्म के सामग्री का उपयोग करते हुए पाया गया। सफीक ने बताया कि चेकडैम निर्माण में एकदम घटिया पत्थर का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वे मामले को लेकर उच्चअधिकारी के पास जाएंगे।

## तीरंदाजी प्रशिक्षण समर कैंप में तीरंदाजी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**झुमरी तिलैया।** कोडरमा जिला तीरंदाजी संघ एवं फोकस एंड फेथ आर्चरी ट्रेनिंग सेंटर द्वारा आयोजित 16 दिवसीय तीरंदाजी प्रशिक्षण समर कैंप जो की झुमरी तिलैया शहर के सैक्रेड हार्ट स्कूल मैदान में आयोजित किया गया था, इस समर कैंप में भाग लिए प्रतिभागियों के बीच रविवार की संध्या एक तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया, प्रतियोगिता का उद्घघाटन कैलाश सत्यार्थी से आए गोविंद खनाल जी, कोडरमा जिला तीरंदाजी संघ के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह समेत कई अन्य अतिथियों ने तीर मार कर किया, एवं सभी प्रतिभागियों को अच्छा खेलने हेतु उनका मनोबल भी बढ़ाया। खिलाड़ियों के बीच प्रतियिता को सफलता पूर्वक सम्पन्न करने के बाद 90 में से 71 अंक प्राप्त कर प्रथम पुरस्कार चीकू वर्मा ने, 90 में से 67 अंक प्राप्त कर द्वितीय पुरस्कार अर्पित कुमार एवं 90 में से 61 अंक प्राप्त कर स्वरित कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को मेडल पहना कर सम्मानित किया गया एवं अन्य सभी प्रतिभागियों को संतावना पुरस्कार दिया गया। इस प्रतियोगिता को सफलता पूर्वक सम्पन्न करवाने के लिए एन आई एस क्वालीफाइ कोच विशाल सिंह ने जज एवं सीनियर खिलाड़ी आदर्श वर्मा एवं श्रेया कुमारी ने स्कोर की भूमिका निभाई।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर रेड क्रॉस सोसाइटी ने किया पौधरोपण

**सिमडेगा।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर सोमवार को सिमडेगा सदर अस्पताल के सिविल सर्जन कार्यालय प्रांगण में रेड क्रॉस सोसायटी की ओर से पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि संतोष कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त अरुण वाटर सांगा सांसद प्रतिनिधि नवीन सिंह ,सिविल सर्जन डॉक्टर नवल कुमार डीएस डॉ राजेश कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। जहां पर सभी लोगों ने बारी-बारी से पौधा रोपण करते हुए लोगों को प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। विकास आयुक्त ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधारोपण करनी चाहिए इससे प्रकृति का संतुलन बना रहता है क्योंकि मानव को जीवन जीने के लिए ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है और ऑक्सीजन पेड़ों से आते हैं ऐसे में सभी लोगों को इसे आवश्यक समझते हुए जरूर करनी चाहिए।

**मांगें पूरी हो**

## पीडीएस राशन डीलर संघ ने किया धरना प्रदर्शन

# हक अधिकार के लिए जमकर नारेबाजी

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** अपने हक अधिकार एवं विभिन्न प्रकार की मांगों को लेकर सोमवार को सिमडेगा पीडीएस राशन डीलर संघ द्वारा कचहरी के समीप एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया ।धरना प्रदर्शन में सिमडेगा जिला अंतर्गत आने वाले सभी पीडीएस डीलर संघ के पुरुष एवं महिलाएं शामिल हुए इस दौरान जमकर नारेबाजी करते हुए अपनी हक अधिकार की मांग की। जिला महामंत्री मुक्तिनाथ पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारी मांग है की प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में वितरित किये गये अनाजों के डीलर कमीशन दस माह से भुगतान नहीं किया गया वितरित




किये जा रहे अनाजों के डीलर कमीशन भी पिछले तीन माह से बकाया है।विधान सभा में दिये अश्वासन के बावजूद अनुकंपा की नीतियों में बदलाव नहीं किया जा रहा है। जिस पर राज्य सरकार कोई सुनवाई नहीं कर रही हैं। खाली जूट बोरे के मद में लाखों रुपये बकाये राशि का भुगतान अबतक नही, डीलरों को सही मात्रा में गोदाम से अनाज मिले,पोश मशीन को 2ॠ से 4ॠ बदले ताकि दिक्कत ना हो, डीलरों से अन्य कार्यों के बदले उन्हें उसका पारिश्रमिक मिले, मुख्यमंत्री द्वारा आश्वासन के बाद भी अभी तक कमिश्नरेट वृद्धि नही।उन्होंने कहा इन सभी मांगों को लेकर राज्यपाल के नाम सिमडेगा उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा जाएगा। के बाद भी सुना नहीं होती है तो जुलाई में हड़ताल की जाएगी। मौके पर जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार, सचिव मुकेश पांडा कोषाध्यक्ष मुर्तजा हुसैन, महामंत्री मुक्तिनाथ पाठक सहित जिले भर के पीडीएस डीलर संघ के सदस्य उपस्थित रहे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को किया गया पर्यावरण के प्रति जागरूक

# पर्यावरण की रक्षा के लिए पौधे रोपने-पेड़ों को बचाने का संकल्प

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी ने निर्देशानुसार स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभातफेरी अनुमंडलीय अस्पताल परिसर से निकलकर प्रखंड कार्यालय परिसर,कचहरी परिसर होते हुये पुनः अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचकर सम्पन्न हो गई। प्रभातफेरी में शामिल स्वास्थ्य कर्मी पर्यावरण बचाने को लेकर नारे लगा रहे थे- यथा -कड़ी धूप है जलते पांव-होते पेड़ तो मिलते छावं, पौधा लगावें- पर्यावरण बचावें, प्लास्टिक पर बैन लगाओ आदि नारे लगाये जा रहे थे। प्रभातफेरी समापन से पूर्व सबों ने पर्यावरण की हिफाजत के लिये पौधारोपण करने का संकल्प लिया। प्रभातफेरी में अस्पताल के सहायक विपेश राज तमांग, एमपीडब्ल्यू अशफाक अहमद, रवि कुमार सिन्हा, एसटीटी सुभाष पासवान, बिटीटी सुनीता देवी सहित सभी सहिया साथी, सहिया, बीटीटी, एमपीडब्ल्यू आदि उपस्थित थे।




## पर्यावरण प्रदूषण पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**श्री बंशीधर नगर।** राजकीय मध्य विद्यालय चितविश्राम परिसर में सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर पौधरोपण व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में अशोक, सहजन, आमला, अनार के पौधे लगाए गए। इसके बाद बच्चों में पर्यावरण व प्रकृति के प्रति संवेदना उतपन्न करने तथा बच्चों की मनोवृत्ति जागृत करने के लिये पर्यावरण प्रदूषण पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में लगभग 40 प्रतिभागी शामिल हुये। पेंटिंग प्रतियोगिता में वर्तिका ने प्रथम, शिवम पांडेय ने द्वितीय तथा साजन कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में संवेदनशील पोस्टर व्योम कृष्णा का घोषित किया गया। प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस



अवसर पर पर्यावरण जागृति के सचिव कमलेश कुमार पांडेय, वरीय उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष अखिलेश प्रसाद, रामव्यास पांडेय, उपेंद्र चौधरी, शुभम कुमार, अभिषेक कुमार आदि उपस्थित थे।

## मेराल थाना परिसर में कई प्रकार के पौधे लगाए गए

**मेराल।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मेराल थाना परिसर में फलदार सहित 51 इमारती पौधे लगाये गये। इस मौके पर डीपीसी जेवियर एक्का, पीएलए के जिला समन्वयक अजीत कुमार सिंह, डॉ संतोष मिश्रा, डॉ विजय किशोर रजक, डॉ स्नेह लता, डॉ पुष्पा शहगल, डॉक्टर निखत प्रवीण, अस्पताल प्रबंधक सच्चिदानंद पांडेय, बिमलेश कुमार, अर्बन बीटीटी सत्यनारायण मालाकार सहित सभी सहिया एवं अन्य लोग मौजूद थे। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर थाना प्रभारी नीतीश कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी और पुलिस बल ने फलदार एवं छायादार पौधा आम अमरूद जामुन पीपल बरगद सागवान शीशम शमी आंवला सहित अनेकों प्रकार के 51 पौधा थाना परिसर में लगाया। थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण से रोकथाम के लिए अधिक से अधिक पौधा सभी लोगों को लगाना चाहिए। जिससे लोगों को पर्यावरण के साथ-साथ अनेकों फायदा मिलता है । वृक्षारोपण में एसआई संजय कुशवाहा सुरजीत चौधरी संतोष कुमार सिंह, मुन्ना चौधरी, विकास दुबे सहित पुलिस बल एवं चौकीदार शामिल थे। गढ़वा सदर अस्पताल में आज डायरिया पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार डीएस डॉ अवधेश कुमार सिंह , डीपीसी जेवियर एक्का, डॉ संतोष मिश्रा, डॉ विजय किशोर रजक, डॉ स्नेह लता,



डॉ पुष्पा शहगल एवं डॉ निखत प्रवीण के द्वारा संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया गया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने कहा कि डायरिया का सीजन शुरू होने वाला है इसी को देखते हुए सभी लोग डायरिया का प्रबंधन अपने अपने क्षेत्रों में करें । इसी को लेकर ज्यादा जरूरी है कि सभी लोग स्वच्छता का ध्यान रखें अगर स्वच्छता रहेगी तो डायरिया में कमी आएगी। उन्होंने कहा कि डायरिया होने की स्थिति में लोग नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र में जाकर अपना इलाज करा सकते हैं साथ ही साथ ओआरएस एवं जिंक टेबलेट के माध्यम से भी लोग डायरिया जैसी बीमारी से बच सकते हैं । इधर डीएस डॉ अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि कोरोना के समय में डायरिया के केस में काफी कमी आई थी इसका मुख्य कारण था कि सभी लोग हाथ धुलाई के साथ-साथ स्वच्छता का भी ख्याल रख रहे थे जिसकी वजह से डायरिया के केस काफी कम हुए थे।

## पौधरोपण की ली शपथ

**भवनाथपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवनाथपुर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिनेश सिंह व कर्मियों ने 25 फलदार पौधा लगाएं। इस मौके पर पर्यावरण को संतुलित रखने के सभी लोंगो से अधिक से अधिक पौधरोपण कराने का संकल्प लिया। डॉ दिनेश सिंह ने कहा कि आज जो पर्यावरण दूषित होने से मौषम के हालात बने है उससे पूरी दुनिया चिंतित है। कहा कि हम सभी को पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आना चाहिए। जिसे हम सब मिलकर पर्यावरण का संरक्षित कर सकें कहां की हम सभी लोगों को एक-एक पौधा अपने घरों पर भी आज के दिन लगाना चाहिए, उसकी देखरेख और उससे बड़ा करना चाहिए जिससे ऑक्सीजन और ताजी हवा प्रदान करती है। इस मौके पर डॉ निशंक एवं लेखा पदाधिकारी प्रदीप कुमार पाठक ने भी पांच पांच फलदार पौधे लगाये।



## NEWS इन ब्रीफ

### डॉ. कुलदेव ने 7वीं बार किया रक्तदान

**गढ़वा।** चौधरी जेनरल हॉस्पिटल के संस्थापक सह चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुलदेव चौधरी ने ब्लड बैंक, गढ़वा में 7वीं बार रक्तदान किया। मौके पर रौशन कुमार, कॉर्डिनेटर प्रदीप कुमार, लैब टेकनीशियन अजित कुमार, रामजी राम, समाजसेवी सुनील कुमार तिवारी आदि उपस्थित थे।

### शोक सभा आयोजित

**श्री बंशीधर नगर।** पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचन्द्र केशरी के चेचरिया स्थित आवासीय कार्यालय में सोमवार को पुरैनी ग्राम निवासी शम्भू राम, नगर उंटारी निवासी विश्वनाथ साव के निधन और रेल हादसे में मारे गए लोगों के लिए शोकसभा आयोजित की गई। मौके पर सीताराम जायसवाल, अश्विनी कुमार, सलीम अंसारी,जाउल अंसारी के नाम शामिल रहे।

### बीजों की दी जानकारी

**मेराल।** माही को प्राइवेट लिमिटेड बीज कंपनी द्वारा सोमवार को मेराल सामुदायिक भवन में किसानों के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिला के समृद्ध किसान कंपनी के आरबीएम राजीव कुमार टीबीएम गोविंद कुमार प्रतिनिधि राम मणि मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर समृद्ध किसान श्याम नारायण चौबे बबल कालिया पुष्कर मिश्र अवध किशोर चौबे सत्येंद्र जयसवाल डॉक्टर फैजुल हक अंसारी आदि उपस्थित थे।

### सत्यम जयसवाल का ऑपरेशन सफल

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत क्षेत्र के स्थानीय निवाशी झारखंड वार्ता के संपादक सत्यम जायसवाल का रांची के जसलोक अस्पताल में ऑपरेशन सफल हुआ। जायसवाल को 1 जून को पैर में दर्द होने के बाद रांची के जसलोक अस्पताल में भर्ती कराया गया था,जहां आज ऑपरेशन कर उनके पैर से रॉड निकाला गया। जयसवाल 2019 में जब रांची में कार्यरत थे तभी फरवरी महीने में एक दुर्घटना में उनके हाथ और पैर की हड्डी बुरी तरह से टूट गई थी जिसके बाद उन्हें लगभग 1 साल तक बिस्तर पर रहना पड़ा था।

### हजयात्रियों के लिए की दुआ : डॉ असजद

**गढ़वा।** गढ़वा शहर के मदरसा रोड निवासी युवा समाजसेवी डॉ. असजद अंसारी ने ख्वाजा गरीब नवाज रहमतुल्लाह अलैह के मजार पर चादरपोशी की। इस अवसर पर उन्होंने गढ़वा जिला से हजयात्रा पर जाने वाले हजयात्रियों के लिए दुआ की। ताकि हजयात्री का सफर आसान हो। वहीं हजयात्री हज से संबंधित सभी अरकान पूरा कर सकें। इसके अलावा उन्होंने गढ़वा जिला की खुशहाली को लेकर दुआ मांगी।

## चिलचिलाती धूप में छोटे स्कूली बच्चों से कराया जा रहा बीड़ी पत्ता पलटने का कार्य

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**
इन दिनों क्षेत्र में केंदू पता तोड़ाई का कार्य चल रहा है, जिसमें भवनाथपुर में विभाग द्वारा घाघरा, सरैया व करमाही गांव में बीड़ी पत्ता लिया जा रहा है। करमाही बीड़ी पता खलिहान में संवेदक द्वारा छोटी उम्र के स्कूली बच्चों से कार्य कराया जा रहा है। महिलाओं के साथ बच्चे भी कड़ी धूप में पत्ता पलटने का कार्य कर रहे थे। सबसे घातक बात यह है कि उक्त बच्चों से जो पता पलटने का कार्य लिया जा रहा है उसमें दीमक मारने वाला जहरीला रसायन छिड़का गया है। ऐसे में काफी दुर्गंध के साथ बच्चों को बिना मास्क व ग्लब्स के कार्य करते देखा गया। स्कूली बच्चे मनदीप कुमार पिता रविन्द्र कोरवा,



ब्रजेश यादव पिता कमलेश यादव, गोलू कुमार पिता अनिल कोरवा, सोनू कुमार पिता जगरनाथ कोरवा, मनदीप कोरवा पिता बालेश्वर कोरवा, रंजन कुमार पिता बालम कोरवा, राजनाथ कोरवा पिता बालम कोरवा, सोनम कुमारी पिता नानकेश्वर अगरिया ने बताया कि कैलान के सुनिल यादव मुंशी के द्वारा हम लोगों को पचास रुपये प्रतिदिन पर बात हुई है, जबकि महिलाओं को 120 रुपये प्रतिदिन देने की बात हुई है। बीड़ी पत्ता तोड़कर लाने वाले मजदूरों की भी संवेदक द्वारा उनके बैंक खाता के बजाय नकद प्रति सैकड़ा 155 रुपये दिया जा रहा है। बाकी किसी भी प्रकार के केंद्र पर मजदूरों के लिए शेड अथवा अन्य सुविधा संवेदक द्वारा नहीं दी गई है। इस विषय पर संवेदक से संपर्क नहीं हो पाया, जबकि मुंशी सुनील यादव ने बताया कि बाल मजदूर से काम लेने की जानकारी नहीं है।

## महोत्सव व महायज्ञ की सभी तैयारियां पूरी

**श्री बंशीधर नगर।** भारत के महान मनीषी ब्रह्मलीन संत पूज्य श्री श्री 1008 श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के शिष्य पूज्य पाद श्री श्री 1008 श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के संकल्पित चातुर्मास व्रत एवं पूज्य पाद स्वामी जी महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित होने वाले श्री रामानुजाचार्य सहस्त्राब्दी जयंती स्मृति महा महोत्सव व श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारी पूरी कर ली गई है। आगामी 12 जून से सुबह 7 से 8 तक मंगला आरती व संध्या बेला में 5 से 6 तक स्वामी जी के श्रीमुख से प्रवचन होगा। इसके लिए श्री जीयर स्वामी जी महाराज रविवार को यज्ञ स्थल पाल्हे-जतपुरा में पधार चुके हैं यज्ञ समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र चौबे व सचिव अनीश शुक्ला ने बताया कि 12 जून से सुबह मंगला आरती व शाम में स्वामी जी महाराज के श्री मुख से कथा वाचन किया जाएगा।

## प्रचंड गर्मी में लोगों का जीना मुहाल

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी(गढ़वा)**
प्रखंड में पिछले कुछ दिनों से भगवान भाष्कर का रौद्र रूप में है। प्रखंड में सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक भगवान सूर्य आग उगल रहे है। प्रखंड का तापमान 44 डिग्री के आसपास पहुंच गया है। जिससे प्रखंड में शरीर को जला देने वाली चिलचिलाती धूप के साथ भयंकर लू चल रहा है। जिससे प्रखंड वासियो का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। लोगों को घर से निकलना मुश्किल हो गया है। दिन में 10 बजे के बाद से ही प्रखंड मुख्यालय की मुख्य सड़कों के साथ ग्रामीण क्षेत्र की सड़के सुनी हो जा रही हैं। चिलचिलाती धूप तथा लू से बचने के लिए दोपहर 9 बजे से लेकर 4 बजे तक लोग घर से काम निकल रहे है। अति आवश्यक कार्य होने



पर ही लोग घर से बाहर शरीर को ढंक कर निकल रहे है। चिलचिलाती धूप तथा लू ने प्रखंड वासियो का जीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। जिसका असर खरौंधी बाजार में रविवार को देखा गया। चिलचिलाती धूप तथा लू से खरौंधी बाजार में बहुत कम लोग पहुंचे थे। रविवार की शाम पांच बजे तक खरौंधी बाजार में एका दुक्का लोगो को देखा गया। खरौंधी बाजार की दुकानदारों ने बताया तेज धूप तथा लू की वजह से दुकानों में कम बिक्री हो गया है। प्रखंड के लोग तेज धूप तथा लू से बचने के लिए धर में ही रहना मुनासिब समझ रहे है। इसलिए खरौंधी बाजार में खरीदारी करने कम लोग पहुंच रहे है। इसका असर दुकानों पर भी पड़ा है। प्रखंड का तापमान पिछले कुछ दिनों से 44 डिग्री के आसपास पहुंच गया है। जिससे प्रखंड में शरीर को जला देने वाली चिलचिलाती धूप के साथ भयंकर लू चल रहा है।

## मनरेगा में बिना काम कराये निकाली जा रही राशि



**नवीन मेल संवाददाता मेदिनीनगर।** पलामू में संचालित मनरेगा योजना में लगातार गबन करने की खबरें सामने आ रही है। ऐसा है मामला पलामू जिला प्रखंड पांकी के पंचायत के केकरगढ गांव द्वारका मैं सामने आया है। केकरगढ़ पंचायत के ग्राम द्वारिका गांव के जामुन टोला में बिचौलियों के द्वारा काम किए बगैर हिरू भुइयां के खेत में डोभा निर्माण में 12/05/2018340550050 25/7 080901251251852 मनरेगा की राशि 60480 (साठ हजार चार सौ असी रूपया) की निकासी की गई है। मेठ कुशमरी देवी द्वारा रोजगार सेवक पंचायत से पैसा का बंदरबांट किया गया। मेठ कुशमरी देवी अभी पंचायत समिति सदस्य हैं। पलामू के प्रखंड पांकी में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना यानी मनरेगा सरकार की योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। रोजगार की गारंटी हो ना हो लेकिन भ्रष्टाचार की पूरी गारंटी है। दरअसल मनरेगा में चौंकाने वाला मामला उजागर हुआ प्रखंड पाकी के केकर गढ़ पंचायत के ग्राम द्वारका में। बिना मजदूरों द्वारा काम किए बगैर पदाधिकारी की मिलीभगत से पैसा का निकासी किया जाता है।

## 12 जून तक चलेगा चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो अभियान

### स्वच्छता रथ को किया रवाना

**नवीन मेल संवाददाता मेदिनीनगर।** पलामू जिले में 12 जून तक 'चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो' अभियान चलाया जाएगा। इसकी शुरूआत आज से हो गई है। अभियान के तहत आज पेयजल एवं स्वच्छता विभाग पलामू के अधीक्षण अभियंता राजमोहन सिंह एवं कार्यपालक अभियंता आशुतोष कुमार ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग परिसर से स्वच्छता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के प्रखंडों में पंचायत वार भ्रमण करेगी तथा महिलाओं से जुड़े हुए माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर



विशेष रुप से चर्चा कर जानकारी देगी। मौके पर सहायक अभियंता प्रेम कुमार, हरेराम सिंह, कनीय अभियंता रणबीर सिंह, ददन राम, सरयू मेहता, जल जीवन मिशन के जिला समन्वयक धर्मेंद्र दुबे, अमित कुमार, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के जिला समन्वयक मनोज कुमार तथा अन्य विभागीय कर्मी उपस्थित थे।

## सड़क निर्माण में ठेकेदार द्वारा लगाई जा रही घटिया सामग्री



**नवीन मेल संवाददाता मेदिनीनगर।** पलामू जिला के प्रखंड पांकी के ग्राम द्वारिका अमानत नदी पुल के दोनों तरफ कालीकरण रोड बन रहे द्वारिका और होटवार के रास्ते घटिया सामग्री प्रयोग करने का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार घटिया सामग्री का इस्तेमाल कर रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव कच्चे रास्ते को पाक्का कराने का काम चल रहा है। इस रास्ते में ठेकेदार ने घटिया सामग्री का प्रयोग करते हुए न नीचे रोड़ी डाली है और ना अच्छी तरह मिट्टी डाली। इस रास्ते में को यूं ही समतल करके लेंटर को फैला दिया है। आरोप है कि ये रास्ता 1- 2 महीने से ज्यादा नहीं चलेगा।

## परंपरा: पवित्र परिवार पल्ली गोठगांव में 173 बच्चों को मिला दृढ़ीकरण संस्कार

# हम डरपोक नहीं साहसी बनें : बिशप थियोडोर

**नवीन मेल संवाददता। महुआडांड़**
पवित्र परिवार पल्ली गोठगांव में 173 बच्चों को दृढ़ीकरण संस्कार दिया गया। पवित्र पल्ली गोठगांव में यह संस्कार को दिया गया। पवित्र समारोह शुरू होने के पूर्व पल्ली के पल्ली पुरोहित फादर विजय टोप्पो ने माननीय विशप थियोडोर का गर्म जोशी से स्वागत किया। फादर विजय ने कहा कि बिशप थियोडोर जमीनी तौर से हम सबों से जुड़े हुए हैं। हम सभों के लिए जी तोड़ मेहनत करते हैं। बिशप कठिन मेहनत और सेवा में समर्पित है। उनके पास सभों के लिए प्यार है। इस समारोही मिस्सा पूजा के मुख्य अनुष्ठाता विशप थियोडोर मसकरेन्हस रहे। उन्होंने अपने उपदेश में पेंटेकोस्ट के मर्म को समझते हुए कहा कि जब प्रभू येसु के शिष्य गण डर कर छुप तो पवित्र आत्मा उनपर उतर कर उन साथ रहने



लगी जिससे सभी का भय चला गया। वे निडर होकर सचाई की गवाही देते हैं। उसी प्रकार इस दृढ़ीकरण संस्कार में प्रभु येसु अपनी आत्मा को देता है, एंव हम सब पवित्र आत्मा से परिपूर्ण हो जाते हैं।अब हम हरेक जन का यह कर्तव्य है कि हम सब सत्य के साक्षी बने। जहां अन्याय है वहां न्याय की बातें करें। हम सभों को बुराई नही अपीतु अच्छाई की राहों में चलना है। विशप स्वामी ने सभी बच्चों को अपनी भविष्य को उजवल और सफल बनाने की सुझाव दी। सभों से आग्रह किया की सभी प्रभु के प्रेम संचालित हों और परिपक्व बने। बिशप थियोडोर ने सभी माता-पिताओं से बच्चों की अच्छी पढ़ाई लिखाई तथा उनकी भविष्य को सफल बनाने तक सहायता करने की गुहार की है। मिस्सा समारोह सम्पन होने के तत्पश्चात विशप स्वामी के साथ नए जीवन पाए सभी बच्चों के साथ फोटो सेशन हुआ और तुरंत ही बच्चों द्वारा विशप स्वामी का स्वागत किया गया। एवम फादर विजय टोप्पो की विदाई की गई। फादर विजय टोप्पो अपनी डॉक्टरेट की पढ़ाई हेतु रोम जा रहे हैं। रोम से वे कैनन लॉ में डॉक्टरेट की पढ़ाई करेंगे इसके लिए उन्हें शुभ कामनाएं दी गई। साथ ही नए पल्ली पुरोहित फादर मॉरिस टोप्पो का नए पल्ली पुरोहित के रूप मे स्वागत किया गया। इस मौके पर विशप थियोडोर मसकरेन्हस के साथ पवित्र परिवार पल्ली के पल्ली पुरोहित फादर मोरिस टोप्पो, सहायक पल्ली पुरोहित सहित अन्य फादर उपस्थित थे। साथ में होलीक्रॉस के धर्म बहने तथा अन्य संस्था के धर्म बहने, डाल्टनगंज धर्मप्रांत के धर्म बंधु गण और हजारों की तादात में खीस्त बिश्वासी उपस्थित थे।

# युवा राष्ट्रीय जनता दल की हुई बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। मनिका**
राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय मनिका में संपूर्ण क्रांति दिवस के अवसर पर युवा राजद प्रखंड अध्यक्ष रूपेश यादव के अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में सर्व प्रथम ओडिशा के बालासोर में रेल आदसे और मनिका प्रखंड के पत्रकार कौशल किशोर पांडे के निधन पर एक मिनट का मौन धारण किया गया। वहीं बैठक में उपस्थित जिला सचिव दामोदर यादव ने संपूर्ण क्रांति दिवस पर विशेष रूप से युवाओं पर प्रकाश डाला। प्रखंड अध्यक्ष रामसेवक उरांव ने भी संपूर्ण क्रांति दिवस पर आयोजित युवा कमेटी को बधाई दी। युवा राजद प्रखंड कमेटी के सदस्य सचिन तिवारी ने पर्यावरण दिवस पर उपस्थित युवाओं को सकल्प दिलाया कि हमें पौधे लगाने हैं और कट रहे पेड़ों को बचाना है। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मनिका विधानसभा क्षेत्र के भावी राजद प्रत्याशी गिरजानंद सिंह चेरो उर्फ गिरी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। वहीं युवा राजद प्रखंड अध्यक्ष रूपेश यादव ने संपूर्ण क्रांति दिवस पर प्रकाश डाला। मौके पर शंभू यादव, पंकज सिंह, दिनेश सिंह, मंतोष यादव, शंकर यादव, शिव चंद्र यादव, संजय यादव, कामेश्वर यादव, शिवानंद यादव, गोविंद सिंह, मुन्नी देवी, सुरेश यादव, प्रवीण उरांव विश्वनाथ राम, जगदीश सिंह, दिलीप यादव, सचिन तिवारी, बैध भुइयां रमेश मोची, शंभू राम, अफरोज अंसारी, समेत सैकड़ों राजद कार्यकर्ता मौजूद थे।

**शादी में शामिल हुए राजद कार्यकर्ता : बालूमाथ।** राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव के छोटे पुत्र के विवाह समारोह में सुरेश राम सहित कई कार्यकर्ता शामिल होकर बधाई दी।

# जवाबदेही-जिम्मेदारी तय हो

**बीते** 30 सालों में ऐसी घोर भयावह, जानलेवा, त्रासद रेल दुर्घटना नहीं देखी गई। ओडिशा के बालासोर जिले की रेल दुर्घटना अपनी किस्म की अभूतपूर्व त्रासदी है। वैसे यह तीसरा सबसे बड़ा, भयानक और त्रासद रेल हादसा है, क्योंकि तीन रेलगाड़ियों की टक्कर अभूतपूर्व और अकल्पनीय है। रेल आम आदमी का आसान और सुरक्षित सफर माना जाता रहा है। दुर्घटनाएं भी कम हुई हैं। लाखों यात्री हररोज रेल के जरिए ही आवागमन करते हैं। देश का रेल रूट 68,103 किलोमीटर लंबा है। हम विश्वस्तरीय रेलवे हैं। बालासोर हादसे में 288 मौतें हो चुकी हैं और 1116 लोग घायल हैं। अस्पतालों में उनका इलाज जारी है। करीब 56-58 यात्रियों की हालत गंभीर बताई गई है, लिहाजा मौत का आंकड़ा बढ़ सकता है। हावड़ा से चेन्नई जाने वाली कोरोमंडल एक्सप्रेस ट्रेन में और बेंगलुरू से हावड़ा जाने वाली दुरंतो सुपरफास्ट रेलगाड़ी में सवार यात्री आश्वस्त थे। कोई अपने घर, गांव जा रहा था, तो किसी को अपने गन्तव्य तक पहुंचना था। किसी के घर में समारोह था अथवा किसी को मुद्दत के बाद परिजनों से मिलना था। तीन रेलगाडि ?ों की टक्कर ने सब कुछ चकनाचूर कर दिया। किसी की बाजू रह गई, किसी की टांग ही शेष रही, तो किसी का चेहरा ही विकृत हो गया। यात्री बोगियों के बीच फंस गए, तो कुचले गए। टीवी चैनलों पर दृश्य देखे, तो मन विचलित हो उठा। वेदना ने तालू चिपका दिया। क्या भारतीय रेल इतनी असुरक्षित है? क्या किसी मानवीय चूक और मैकेनिकल नाकामी के कारण इतनी बड़ी और वीभत्स मानवीय त्रासदी हुई? क्या तकनीकी स्तर और रेलवे स्टेशन पर स्थित नियंत्रण-कक्ष की प्रौद्योगिकी में हम इतने अक्षम हैं कि रेल हादसे नहीं रोक सकते? इस हादसे पर ‘एंटी कोलिजन डिवाइस’ का मुद्दा पूर्व रेल मंत्री ममता बनर्जी ने उठाया है और विशेषज्ञ भी रेलवे के ह्यसुरक्षा कवचह्न पर सवाल कर रहे हैं। दरअसल यह ह्यकवचह्न 2020 में लागू किया गया था। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ह्यकवचह्न का परीक्षण और प्रयोग देखा था, तो खूब तालियां बजाई थीं और ह्यकवचह्न को संचालित करने वालों की पीठ थपथपाई थी। दरअसल इस ह्यकवचह्न की हकीकत यह है कि 31 दिसंबर, 2022 तक 1455 किलोमीटर रूट ही ह्यकवचह्न से कवर किया जा सका था। यानी 95 फीसदी से ज्यादा रेल रूट ह्यकवचहीनह्न है। देश में 13,215 रेल इंजन हैं। इनमें से सिर्फ 65 में ही ह्यकवचह्न की व्यवस्था है। रेल के 19 जोन में से 18 में एक भी ह्यकवचह्न सिस्टम नहीं है। विशेषज्ञ कह रहे हैं कि यदि ‘कवच’ होता, तो दूरंतो का इंजन 400 किमी पहले ही रुक जाता। रेल मंत्री के स्तर पर खूब दावे किए गए थे कि दो ट्रेन की संभावित टक्कर को यह ह्यकवचह्न रोक सकता है, क्योंकि इसकी प्रौद्योगिकी दुर्घटना को भांप लेती है और ट्रेन में स्वचालित ब्रेक लग जाते हैं। बहरहाल यह राजनीति और दोषारोपण का समय नहीं है। घोर त्रासद हादसा हुआ है।

**बीते 30 सालों में ऐसी घोर भयावह, जानलेवा रेल दुर्घटना नहीं देखी गई। ओडिशा रेल हादसा वैसे तीसरा सबसे बड़ा, भयानक और त्रासद रेल हादसा है, क्योंकि तीन रेलगाड़ियों की टक्कर अभूतपूर्व व अकल्पनीय है।**

जो जिंदा हैं, उनका बेहतर इलाज किया जाए। यदि सरकार उन्हें कुछ मुआवजा देती है, तो कमोबेश भारत सरकार के खजाने से ह्यबूंद भरह्न राशि ही निकलेगी। कितनों को संबल मिलेगा और नए सिरे से सक्रिय होने का साहस भी मिलेगा, यह अनुभव प्रधानमंत्री मोदी को है। हादसों के बाद रेल मंत्रियों ने नैतिकता के आधार पर इस्तीफे दिए हैं, लेकिन यह कोई संवैधानिक बाध्यता नहीं है। मंत्री के इस्तीफे से त्रासदी की भरपाई नहीं की जा सकती। बेहतर होगा कि उच्चस्तरीय समिति और रेल सेफ्टी कमिश्नर की अलग-अलग जांच रपटें यथाशीघ्र सामने आ जाएं, ताकि जवाबदेही और जिम्मेदारी तय की जा सके।

# क्यों बढ़ रही है स्कूल बीच में छोड़ने की प्रवृत्ति





ललित गर्ग

**भारत** में स्कूली शिक्षा में छात्र-छात्रों के ड्रॉपआउट्स की संख्या बढ़ना न केवल शिक्षा-व्यवस्था पर बल्कि स्कूल-प्रबंधकों पर एक बड़ा सवाल बनता जा रहा है। स्कूल न जाने वाले बच्चों की संख्या आठ करोड़ से भी ज्यादा है, जो यह बताने के पर्याप्त है कि स्थिति काफी गंभीर है। अब एक बार फिर केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से सन् 2022 की बोर्ड परीक्षाओं के विश्लेषण में बताया गया है कि दसवीं और बारहवीं के स्तर पर देश में लाखों बच्चे पढ़ाई छोड़ देते हैं। विश्लेषण के मुताबिक, पिछले साल पैंतीस लाख विद्यार्थी दसवीं के बाद ग्यारहवीं कक्षा में पढ़ने नहीं गए। इनमें से साढ़े सत्ताइस लाख सफल नहीं हुए और साढ़े सात लाख विद्यार्थियों ने परीक्षा नहीं दी। इसी तरह, पिछले साल बारहवीं के बाद 2.34 लाख विद्यार्थियों ने बीच में पढ़ाई छोड़ दी। इनमें से सतहत्तर फीसद ग्यारह राज्यों से थे। यानी करीब अट्ठावन लाख विद्यार्थी दसवीं और बारहवीं में पढ़ाई छोड़ देते हैं तो यह किसी भी सरकार के लिए बेहद चिंता की बात होनी चाहिए और यह समग्र शिक्षा व्यवस्था से लेकर सरकारी कल्याण कार्यक्रमों के जमीनी स्तर पर अमल पर सवालिया निशान है। किसी भी देश की शिक्षा व्यवस्था की कामयाबी इसमें है कि शुरूआती से लेकर उच्च स्तर तक की शिक्षा हासिल करने के मामले में एक निरंतरता हो। अगर किसी वजह से आगे की पढ़ाई करने में किसी विद्यार्थी के सामने अड़चनें आ रही हो तो उसे दूर करने के उपाय किये जाएं। लेकिन बीते कई दशकों से यह सवाल लगातार बना हुआ है कि एक बड़ी तादाद में विद्यार्थी स्कूल-कॉलेजों में बीच में ही पढ़ाई छोड़ देते हैं और उनकी आगे की पढ़ाई को पूरा कराने के लिए सरकार की ओर से ठोस उपाय नहीं किए जाते। इस मसले पर सरकार से लेकर शिक्षा पर काम करने वाले संगठनों की अध्ययन रपटों में अनेक बार इस चिंता को रेखांकित किया गया है, लेकिन अब तक इसका कोई सार्थक हल सामने नहीं आ सका है। तमाम सरकारी प्रयासों एवं योजनाओं के शिक्षा महंगी होती जा रही है, निजी स्कूलों में बच्चों को पढ़ाना बहुत मुश्किल होता है, कोई परिवार हिम्मत करके निजी स्कूलों में प्रवेश दिलाते भी है जो आर्थिक मजबूरी के कारण उन्हें बीच में बच्चों को स्कूल से निकाल लेने को विवश होता पड़ता है। हम और आप अपनी असल जिंदगी में रोजाना ऐसे बच्चों से मिलते होंगे जो स्कूल से बाहर होटलों में काम करते हुए, जानवरों को चराते हुए या फिर परिवार के साथ शहरों में काम करते हुए दिखाई देते हैं। वहीं बहुत से बच्चे गाँव और गली मोहल्लों में दिनभर घूमते रहते हैं, या फिर परिवार के साथ खेतों पर काम करने जाते हैं, या फिर बाजार में सब्जी बेचने या फिर जंगल में लकड़ियां काटने के लिए जाते हैं। छात्रों के फेल होने, शरारत या फीस जमा नहीं होने पर कार्रवाई के चलते बच्चों को स्कूल छोड़ने पर भी विवश होना पड़ता है। विशेषतः आदिवासी, दलित एवं अन्य पिछड़ी जाति के बच्चों को स्कूली शिक्षा बीच में छोड़ने की स्थितियां बढ़ती जा रही है, जो आजादी के अमृतकाल में चिन्ता का एक बड़ा कारण है। सरकार की बड़ी-बड़ी योजनाओं के बीच छात्रों के स्कूल छोड़ने की स्थितियों को गंभीरता से लेना होगा। शिक्षा को पेचिदा बनाने की बजाय सहज एवं रोचक बनाना होगा। ताकि कुछ बच्चों को स्कूल बोरिंग न लगे है, 9वीं और 10वीं कक्षा तक आते-आते कई बच्चों को स्कूल बोरिंग लगने लगता है। इस कारण वे स्कूल देरी से जाना चाहते हैं, क्लास बंक कर देते हैं और लंच ब्रेक में बैठे रहते हैं। पढ़ाई और स्कूल से लगाव ना होने

**विश्लेषण के मुताबिक, पिछले साल पैंतीस लाख विद्यार्थी दसवीं के बाद ग्यारहवीं कक्षा में पढ़ने नहीं गए। इनमें से साढ़े सत्ताइस लाख सफल नहीं हुए और साढ़े सात लाख विद्यार्थियों ने परीक्षा नहीं दी।**

## इन दिनों

की वजह से अक्सर बच्चे स्कूल छोड़ देते हैं। किसी भी वजह से बच्चे का स्कूल या पढ़ाई छोड़ने का मन करना, पैरेंट्स के लिए एक बड़ी परेशानी है, लेकिन यह शिक्षा की एक बड़ी कमी की ओर भी इशारा भी करता है। बच्चों को स्कूल भेजे जाने का उद्देश्य शिक्षा ग्रहण कर एक अच्छा नागरिक बनना तो है ही, शिक्षा विकोपार्जन में भी प्रमुख भूमिका निभाती है। लेकिन मौजूदा समय में ज्यादातर स्कूल प्रबंधन इसे एक व्यवसाय के रूप में देखने लगे हैं, सरकारें भी शिक्षा की जिम्मेदारी से भाग रही है, भारत में शिक्षा का अधिकार कानून लागू होने के बाद जमीनी स्तर पर बहुत सारी चीजें बदली हैं। मसलन स्कूलों में बच्चों का नामांकन बढ़ा है। हर साल आठवीं पास करने वाले बच्चों की संख्या के आँकड़े तेजी से बढ़े हैं। पर इसके साथ ही शिक्षा में गुणवत्ता और स्कूल में बच्चों के ठहराव का सवाल ज्यों का त्यों कायम है। स्कूल आने के बावजूद घरेलू आर्थिक मजबूरियों के कारण काम करने को मजबूर 78 लाख बच्चों की मौजूदगी भारत में प्राथमिक शिक्षा की बदहाली की कहानी दोहराती है। सरकारी योजनाओं एवं नीतिगत स्तर पर शिक्षा को उच्च प्राथमिकता मिलती दिखती है, बावजूद इसके स्कूली शिक्षा में बीच में पढ़ाई छोड़ने की प्रवृत्ति नीतिगत स्तर पर नाकामी या फिर उदासीनता का ही सूचक है। यह समझना मुश्किल है कि इतने लंबे वक्त से यह चिंता कायम है फिर क्यों नहीं इस मसले पर किसी हल तक पहुंचना एक ऐसा सवाल है जिस पर व्यापक चिन्तन-मंथन जरूरी है। यह जगजाहिर है कि एक ओर स्कूल-कालेज में शिक्षा पद्धति में तय मानक बहुत सारे विद्यार्थियों के लिए सहजता से ग्राह्य नहीं होते, वहीं पढ़ाई में निरंतरता नहीं रहने के पीछे सामाजिक और आर्थिक कारक भी एक बड़ी भूमिका निभाते हैं। लगातार शिक्षा मन्दिरों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव भी बच्चों को स्कूलें छोड़ने पर विवश करते हैं। शिक्षा का अधिकार कानून आने के बाद भी भारत में सिंगल टीचर स्कूलों की मौजूदगी बनी हुई है। स्कूलों में विभिन्न विषयों के अध्यापक नहीं है, इससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है। वे आठवीं के बाद आगे पढ़ने लायक क्षमता का विकास नहीं कर पाते। स्कूल आने वाले लाखों बच्चों में गणित और भाषा के बुनियादी कौशलों का विकास नहीं हो पा रहा है। इस कारण से स्कूल छोड़ने वाली स्थितियां निर्मित होती हैं। भोजन की गुणवत्ता पर ध्यान देने की जरूरत है ताकि करोड़ों बच्चों को कुपोषण से बचाया जा सके। बहुत से सरकारी स्कूलों में शौचालय की स्थिति दयनीय है, विशेषतः बालिकाओं एवं बच्चे सम्मान के साथ उनका इस्तेमाल नहीं कर सकते। गांवों एवं पिछड़े इलाकों की स्कूलों की बात छोड़िये, राजधानी दिल्ली में अव्वल शिक्षा का दावा करने वाली आप सरकार की स्कूलों में पीने का स्वच्छ पानी नहीं है, बैठने के लिये पर्याप्त साधन नहीं है, इस स्थिति में भी बदलाव की जरूरत है। बहुत से स्कूलों में शिक्षक शराब पीकर आते हैं। या फिर स्कूल में हाजिरी लगाकर स्कूल से चले जाते हैं। ऐसी स्थिति का असर भी बच्चों की पढ़ाई पर पड़ता है। शिक्षकों को बच्चों की प्रगति और पीछे रहने के लिए जिम्मेदार बनाने वाला सिस्टम नहीं बन पाया है, इस दिशा में भी गंभीर पहल की जरूरत है। आये दिन देश की शिक्षा व्यवस्था में व्यापक बदलाव करने और समावेशी बनाने को लेकर दावे किये जाते हैं, घोषणाएं की जाती हैं।

## बोधि वृक्ष

### आईये सुनें माता सती की कथा

**सती** के लिए अपने पति के विषय में अपमानजनक बातें सुनना हृदय विदारक और घोर अपमानजनक था। यह सब वह बर्दाश्त नहीं कर पाई और इस अपमान की कुंठावश उन्होंने वहीं यज्ञ कुंड में कूद कर अपने प्राण त्याग दिए। सती को दर्द इस बात का भी था कि वह अपने पति के मना करने के बावजूद इस यज्ञ में चली आई थी और अपने दस शक्तिशाली (दस महाविद्या) रूप बताकर-डराकर पति शिव को इस बात के लिए विवश कर दिया था कि उन्हें सती को वहां जाने की आज्ञा देना पड़ी। पति के प्रति खुद के द्वारा किए गया ऐसा व्यवहार और पिता द्वारा पति का किया गया अपमान सती बर्दाश्त नहीं कर पाई और यज्ञ कुंड में कूद गई। बस यहीं से सती के शक्ति बनने की कहानी शुरू होती है। इसके बाद मां के नौ जन्मों की कहानी शुरू होती है। इस खबर को सुनते ही शिव ने वीरभद्र को भेजा, जिसने दक्ष का सिर काट दिया। इसके बाद दुखी होकर सती के शरीर को अपने सिर पर धारण कर शिव ने तांडव नृत्य किया। पृथ्वी समेत तीनों लोकों को व्याकुल देख कर भगवान विष्णु ने अपने सुदर्शन चक्र द्वारा सती के शरीर के टुकड़े करने शुरू कर दिए। इस तरह सती के शरीर का जो हिस्सा और धारण किए आभूषण जहां-जहां गिरे वहां-वहां शक्तिपीठ अस्तित्व में आ गए। देवी भागवत में 108 शक्तिपीठों का जिक्र है, तो देवी गीता में 72 शक्तिपीठों का जिक्र मिलता है। देवी पुराण में 51 शक्तिपीठों की चर्चा की गई है। वर्तमान में भी 51 शक्तिपीठ ही पाए जाते हैं, लेकिन कुछ शक्तिपीठों का पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका में होने के कारण उनका अस्तित्व खतरें में है। **सती ही है शक्ति :** शक्ति से सृजन होता है और शक्ति से ही विध्वंस। वेद कहते हैं शक्ति से ही यह ब्रह्मांड चलायमान है। ...शरीर या मन में यदि शक्ति नहीं है तो शरीर और मन का क्या उपयोग।

*(क्रमशः)*

# भयावह होती रेल दुर्घटनाओं की तस्वीर


योगेश कुमार गोयल

**उड़ीसा** के बालासोर में 2 जून की शाम को हुए भीषण ट्रेन हादसे में करीब तीन सौ लोग मारे गये हैं और एक हजार से भी ज्यादा घायल हुए हैं। इस हादसे में कोलकाता से चेन्नई जाने वाली कोरोमंडल एक्सप्रेस पटरी से उतर गई थी और इसी बीच यशवंतपुर-हावड़ा एक्सप्रेस वहां आ गई और कोरोमंडल से टकराकर पलट गई। इस टक्कर के बाद कोरोमंडल एक्सप्रेस की मालगाड़ी से टक्कर हो गई, जिसमें ट्रेन का इंजन बोगी के ऊपर चढ़ गया। बालासोर के पास बाहानगा बाजार स्टेशन के नजदीक हुए हादसे में पहले कोरोमंडल एक्सप्रेस पटरी से उतरी और यह ट्रेन दूसरी तरफ से आ रही यशवंतपुर-हावड़ा एक्सप्रेस से टकरा गई, जिसके बाद कोरोमंडल एक्सप्रेस के कुछ डिब्बे पटरी से उतरे और उसी दौरान कोरोमंडल एक्सप्रेस एक मालगाड़ी से जा टकराई। यह रेल हादसा कितना भयानक था, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि रेल की पटरी सीधे ट्रेन के फर्श को चीरते हुए अंदर घुस गई और बोगी के आरपार हो गई। भारत में आजादी के बाद हुए घातक ट्रेन हादसों में यह हादसा अत्यधिक भीषण हादसा है। इस दर्दनाक हादसे के बाद दुर्घटनास्थल पर किसी का हाथ कटा पड़ा था तो किसी का पैर, किसी का सिर तो किसी का धड़। रेल सुरक्षा आयुक्त (दक्षिण पूर्व सर्किल) एएम चौधरी को इस रेल दुर्घटना की जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हालांकि प्रारंभिक संकेतों के अनुसार इस दुर्घटना के पीछे मानवीय चूक मानी जा रही है। कहा जा रहा है कि देश में 16 महीने बाद कोई ऐसा रेल हादसा हुआ है, जिसमें लोगों की जान गई है। इससे पहले 14 जनवरी 2022 को पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में दोमोहानी के पास हुए हादसे में 9 लोगों की जान चली गई थी। तब बीकानेर से गुवाहाटी जा रही बीकानेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस की 12 बोगियां पटरी से उतर गई थी। हादसे के समय ट्रेन की गति कम थी अन्यथा रेल तंत्र की लापरवाही के कारण वह दुर्घटना बहुत बड़ी हो सकती थी। उस समय कहा गया था कि वह हादसा 34 महीने बाद हुआ था। हालांकि वास्तव में ऐसा है नहीं, रेल हादसे निरन्तर होते रहे हैं और लोग ऐसे हादसों की बलि चढ़ते रहे हैं। इसी साल 2 जनवरी को राजस्थान में पाली के नजदीक बांद्रा-जोधपुर सूर्यनगरी एक्सप्रेस के 13 डिब्बे बेपटरी हो गए थे, उस हादसे में 26 यात्री घायल हुए थे। 22 अप्रैल 2021 को लखनऊ-चण्डीगढ़ एक्सप्रेस ने बरेली-शाहजहांपुर के पास क्रॉसिंग पर कुछ वाहनों को टक्कर मार दी थी, जिसमें पांच लोगों की मौत हुई थी। उससे पहले 3 फरवरी 2019 को जोगबनी से दिल्ली जा रही सीमांचल एक्सप्रेस के 11 डिब्बे पटरी से उतरने से सात से अधिक यात्रियों की मौत हुई थी। ऐसे हादसों में हर बार हताहतों की चीखें खोखले रेल तंत्र की कमियों को उजागर करते हुए समूचे रेल तंत्र को कटघरे में खड़ा करती रही हैं लेकिन उसके बावजूद रेल हादसों पर लगाम नहीं कसी जा रही। भारत का रेल तंत्र दुनिया के सबसे बड़े सार्वजनिक उपक्रमों में से एक हैं, जिसे आमजन के लिए जीवनदायी माना जाता है। भले ही देश में हवाई मार्ग और सड़क मार्गों का कितना भी विस्तार हो जाए, फिर भी देश की बहुत बड़ी

**रेल सुरक्षा आयुक्त (दक्षिण पूर्व सर्किल) एएम चौधरी को इस रेल दुर्घटना की जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हालांकि दुर्घटना के पीछे मानवीय चूक मानी जा रही है।**

## देश-दुनिया

आबादी यातायात के मामले में रेल नेटवर्क पर ही निर्भर है। रेलों के जरिये प्रतिदिन न केवल करोड़ों लोग यात्रा करते हैं बल्कि यह माल ढुलाई का भी सबसे बड़ा साधन है। इसके बावजूद इस विशालकाय तंत्र को चुस्त-दुरुस्त और सुरक्षित बनाने पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जाता और प्रायः इसी कारण रेल हादसे होते रहे हैं। इतने विशाल तंत्र को दुरुस्त रखने के लिए रेलवे को प्रतिवर्ष 20 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की जरूरत होती है लेकिन विशेषज्ञ इसके आवंटन को लेकर सवाल उठाते रहे हैं।

## फोटो की दुनिया




## फेसबुक वॉल से




# राहुल गांधी कभी पढ़ भी लेते मुस्लिम लीग का इतिहास


आर.के. सिन्हा

**राहुल** गांधी ने मुस्लिम लीग को सेक्युलर पार्टी होने का प्रमाणपत्र देकर एक बार फिर साबित कर दिया कि उनकी इतिहास की समझ एक स्कूली बच्चे से भी कमजोर है। जाहिर है कि अमेरिका की यात्रा पर गये राहुल गांधी के बयान पर हंगामा खड़ा हो गया है। अब सभी कांग्रेसी राहुल गांधी का बचाव करने में भी लगे हैं। यह भारत में ही संभव है कि मोहम्मद अली जिन्ना की जिस आल इंडिया मुस्लिम लीग ने भारत को तोड़ा था, उससे मिलते- जुलते नाम से इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) भारत के विभाजन के कुछ माह बाद ही एक राजनीतिक पार्टी के रूप में सामने आई। इसका गठन 10 मार्च 1948 को ही हुआ। ये मुख्य रूप से केरल में ही एक्टिव रही है। क्या भारतीय कांग्रेस या भारतीय समाजवादी पार्टी के नाम से कोई पार्टी पाकिस्तान में बन सकती थी? ऐसी ही एक गलती भारतीय जनता पार्टी के महा शक्तिशाली नेता और कई बार पूर्व अध्यक्ष और उप प्रधानमंत्री रहे लाल कृष्ण आडवानी ने भी किया था। वे जब पाकिस्तान के दौरे पर थे, जिन्ना की मजार अपर चले गये क तब भी पूरे देश में, खासकर भाजपा के अन्दर कोहराम मचा था क हर भाजपाई आडवानी की पद-प्रतिष्ठा की परवाह किये बिना आडवानी की आलोचना कर रहा था क स्थिति ऐसी हो गई कि भाजपा की केन्द्रीय कार्यसमिति ने एक निंदा का प्रस्ताव पास करने का निर्णय लिया क मैं भी भाजपा के 9 अशोक रोड पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में था जिस प्रेस कांफ्रेंस में यह सूचना दी जा रही थी क निंदा का प्रस्ताव स्व. अरुण जेटली जी ने ही बनाया था जो उन दिनों आडवाणी जी के प्रमुख सहायक थे क पूरा मंच ऐसे ही नेताओं से भरा पड़ा था जो सामान्यतः आडवानी के धुर प्रशंसक थे क लेकिन, यही तो होता है लोकतांत्रिक पार्टी और कभी लोकतांत्रिक रही और अब परिवारवादी पार्टी बन चुकी पार्टी का फर्क क अब जरा देख लीजिए कि जो पार्टी केरल में सक्रिय है वह मुसलमानों के लिए अंग्रेजी, अरबी, और उर्दू शिक्षा की पक्षधर है। ये केरल के मुसलमानों के लिए समृद्ध भाषा मलयालम या राष्ट्र भाषा हिंदी के महत्व को कत्तई महत्व नहीं देती। केरल के मुसलमानों को यह उर्दू की शिक्षा ग्रहण करने को लेकर क्यों दुबली हो रही है, यह समझ से परे है। शायद राहुल गांधी को पता होगा क्योंकि वे वहां से संसद रह चुके हैं क यह जम्मू - कश्मीर में धारा 370 की बहाली चाहती है। इसका लक्ष्य भारत को हिन्दू राष्ट्र बनने से रोकना और भारत को धर्म निरपेक्ष बनाये रखना भी है। ये भारत को तो धर्म निरपेक्ष रखना चाहती है पर दूसरी तरफ मुसलमानों से इस्लाम के अनुसार जीवन जीने की अपेक्षा रखती है। यानी इसका कहना है मुसलमान भारत के सॅविधान और कानून की जगह इस्लाम की जो व्याख्या मुल्ला करते हैं उसे ही मानें। यह है इसका दोहरा मापदंड। राहुल गांधी के साथ खड़े तथाकथित सेक्युलरवादी यह भी जान लें कि आल इंडिया मुस्लिम लीग भी 1906 में अपनी ढाका में स्थापना के समय पृथक राष्ट्र की मांग नहीं कर रही थी। लेकिन, आगे चलकर उसने अलग पाकिस्तान की मांग चालू कर दी और भीषण नरसंहार के बाद एक तरह से दबाव में उसकी मांग मानी

**इस्लाम के अनुसार जीवन जीने की अपेक्षा रखती है। यानी इसका कहना है मुसलमान भारत के संविधान और कानून की जगह इस्लाम की जो व्याख्या मुल्ला करते हैं उसे ही मानें।**

## दुर्घटना

भी गई। भारत के ये ही सेक्युलरवादी, जिन्ना जैसे घोर सांप्रदायिक इंसान को बेशर्मी से सेक्युलर तक बता देते हैं। दरअसल ये जिन्ना के 11 अगस्त, 1947 को दिए भाषण का हवाला देकर उन्हें (जिन्ना) सेक्युलर साबित करते हे। अंग्रेजी में दिए उस भाषण में जिन्ना कहते हैं ‘पाकिस्तान में अब सभी को अपने धर्म को मानने की स्वतंत्रता होगी। अब हिन्दू मंदिर में पूजा करने के लिए स्वतंत्र है, मुसलमान अपने इबाबतगाहों में जाने को आजाद हैं।

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

**NEWS** इन ब्रीफ

## बीजापुरः नक्सलियों के बारूदी सुरंग विस्फोट से दो जवान घायल

**बीजापुर।** जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र अंतर्गत निरोली गांव के टेकामेटा की पहाड़ी के पास नक्सलियों द्वारा लगाए गए बारूदी सुरंग विस्फोट से सीआरपीएफ 85 बटालियन के दो जवान आरक्षक अमीत केतनिया एवं विशाल बड घायल हो गए हैं। घायल जवानों का प्राथमिक उपचार जिला अस्पताल में किए जाने के बाद बेहतर उपचार के लिए हेलिकाप्टर से रायपुर रवाना किया गया है। घायल जवानों में आरक्षक अमीत केतनिया की स्थिति गंभीर हैए वहीं विशाल बड को मामूली चोटें आई हैं।

बीजापुर एसपी अंजनेय वैष्णव ने बताया कि सोमवार सुबह पुसनार कैम्प से सीआरपीएफ 85 बटालियन के जवान सर्चिंग पर निरोली गांव की ओर रवाना हुआ थाए जवान जैसे ही टेकामेटा के पहाड़ी के पास पहुंचा उसी दौरान नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से सीआरपीएफ के दो जवान घायल हो गए हैं।

## राज्यपाल के कुलपति नियुक्ति के फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट में याचिका

**कोलकाता।** राज्य के 11 विश्वविद्यालयों में अस्थायी कुलपतियों की नियुक्ति के फैसले को चुनौती देते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की गई है। उन विश्वविद्यालयों में कार्यवाहक कुलाधिपति सह राज्यपाल डॉ सीण्वीण आनंद बोस द्वारा नियुक्त किए गए थे। उन्हें भी इस मामले में पार्टी बनाया गया है। मुख्य न्यायाधीश टीण्एसण शिवगणनम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की खंडपीठ अगले सोमवार को मामले की सुनवाई कर सकती है। जनहित याचिका एक सेवानिवृत्त प्रोफेसर ने दायर की है।

पिछले बुधवार को राज्यपाल आनंद बोस ने राज्य में बिना कुलपति वाले 14 विश्वविद्यालयों के लिए अस्थायी कुलपतियों के नाम तय करने के लिए विचार.विमर्श किया था। गुरुवार को 11 विश्वविद्यालयों में अंतरिम कुलपति नियुक्त करने के लिए राजभवन से निर्देशिका जारी कर दी गई थी। जादवपुर विश्वविद्यालय, कलकत्ता विश्वविद्यालय, कल्याणी विश्वविद्यालय, बर्दवान विश्वविद्यालय, संस्कृत विश्वविद्यालय, सिदो कान्हो बिरसा विश्वविद्यालय, काजी नजरूल विश्वविद्यालय, बांकुड़ा विश्वविद्यालय, बाबासाहेब अम्बेडकर शिक्षा विश्वविद्यालय, डायमंड हार्बर महिला विश्वविद्यालय और दक्षिण दिनाजपुर विश्वविद्यालय, इन 11 विश्वविद्यालयों को अस्थायी कुलपति नियुक्त किया गया है।

## शिवपुरीः नर्मदापुरम के छात्र-छात्राओं से भरी बस पलटी,दो की मौत

**शिवपुरी।** नर्मदापुरम जिले के छात्र-छात्राओं से भरी एक बस सोमवार सुबह करीब पांच बजे ट्रक की टक्कर लगने के बाद पलट गई। इस हादसे में बस ड्राइवर और एक छात्र की मौत हो गईए जबकि 25 छात्र घायल हुए हैं। सभी घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बस में 40 छात्र.छात्रा और 10 स्टाफ के सदस्य सवार थे। देहात थाना क्षेत्र में फोरलेन पर स्थित गांव बांसखेड़ी के समीप विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक का टायर फट गया। जिसके बाद बेकाबू ट्रक बस से टकरा गया। टक्कर लगते ही बस पांच-छह पलटियां खा गई। हादसे के बाद बस में सवार बच्चों में चीख-पुकार मच गई। सभी छात्र-छात्राएं नर्मदापुरम के बताए जा रहे हैंए जो 11 जिलों में वनवासी लीला का कार्यक्रम करने के लिए निकले थे। तीन कार्यक्रम बच्चे कर चुके थे। चौथे कार्यक्रम के लिए ग्वालियर से शाजापुर के लिए जा रहे थे, तभी यह हादसा हो गया।

# किसानों के संकल्प से सार्थक हुआ विश्व पर्यावरण दिवसः शिवराज

**एजेंसी, भोपाल**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रकृति के बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। प्रकृति के साथ खिलवाड़ घातक है। हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए धरती को जीने लायक बनाए रखने के लिए हम सबको व्यक्तिगत स्तर पर पर्यावरण-संरक्षण की दिशा में कार्य करना होगा।

मुख्यमंत्री शिवराज ने कहा है कि अपने जन्म-दिन वैवाहिक वर्षगांठ परिजन की स्मृति तथा जीवन की अन्य उपलब्धियों पर पौधे लगा कर और उनकी देख.रेख की जिम्मेदारी लेकर प्रकृति को हरा-भरा बनाए रखने में अपना योगदान दे सकते हैं। किसान भाई धरती पुत्र हैं, धरती को बचाने की सबसे अधिक जिम्मेदारी उन पर है। विश्व



पर्यावरण दिवस पर एक करोड़ 20 लाख पौधे लगाने का अभियान आरंभ कर किसानों ने इस दिवस को सार्थक कर दिया है।

मुख्यमंत्री चौहान ने सोमवार को निवास कार्यालय से विश्व पर्यावरण दिवस पर नर्मदापुरम जिले के सिवनीमालवा के आवली घाट में रुपई एग्रो फाउंडेशन प्राइवेट लिमिटेड के विशाल कृषक एवं नर्मदा संरक्षण संकल्प अभियान का वर्चुअल शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि पौधरोपण के इस अभियान से जुड़ी संस्थाओं और 22 हजार किसानों का यह प्रयास अभिनंदनीय हैं। उन्होंने रूपई एग्री फॉरेस्ट के संचालक गौरीशंकर मुकाती की तुम मुझे मेढ़ दो मैं तुम्हें पेड़ दूँगा की पहल की सराहना कर उन्हें पेड़ बाबा की उपाधि दी। उन्होंने कहा कि हमें प्रकृति के शोषण नहीं दोहन का दृष्टिकोण अपनाना होगा। मुख्यमंत्री ने दैनिक अनोखा तीर समाचारपत्र के विशेषांक तपती धरती का विमोचन भी किया।

उल्लेखनीय है कि माखन नगर, इटारसी,डोलरिया, नर्मदापुरम, सीहोर, रेहटी और भैरूंदा के 22 हजार किसानों द्वारा अपने खेतों में अभियान चला कर पौधरोपण किया जाएगा। इस अवसर पर कृषि मंत्री कमल पटेल ने पौधरोपण के अभियान से जुड़े प्रेरक किसानों को जैविक मूंग वितरित कर सम्मानित किया और दुर्घटना बीमा भी प्रदान किया। मंत्री पटेल ने पौधरोपण कर सभी को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया।

वहीं, श्री मुकाती ने बताया कि वर्ष 2030 तक 50 करोड़ पौधे लगाने का संकल्प है। इस कार्य में जुड़े सभी किसानों को दुर्घटना बीमा भी प्रदान किया जाएगा। मप्र पर्यटन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष तपन भौमिक ने कहा कि मुख्यमंत्री चौहान प्रतिदिन पौधा लगा कर पर्यावरण संरक्षण के लिए व्यक्तिगत स्तर पर सार्थक प्रयास का श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। प्रदेशवासियों को भी मुख्यमंत्री चौहान से प्रेरणा लेकर विशेष अवसरों पर पौधरोपण अवश्य करना चाहिए। विशेषज्ञ संदीप राय ने कार्बन क्रेडिट के महत्व और डायरेक्टर आईएमपीसी विक्रांत तिवारी ने पौधरोपण से पर्यावरण तथा जैव विविधता के सरंक्षण संबंधी जानकारी दी। वहीं, विधायक प्रेम शंकर वर्मा ने भी संबोधित किया। इस दौरान धमाचार्य, संत एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

# ट्रेन हादसाः बंगाल से मरने वालों की संख्या 81 पहुंची

**एजेंसी, कोलकता**

पश्चिम बंगाल सरकार के अनुसारए ओडिशा ट्रेन त्रासदी में राज्य से मरने वालों की संख्या बढ़कर 81 हो गई है। रविवार शाम को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने यह आंकड़ा 62 बताते हुए आशंका जताई थी कि और शवों की पहचान होने पर यह संख्या बढ़ सकती है। उन्होंने संदेह व्यक्त किया था कि अनारक्षित डिब्बों में यात्रा करने वालों के नाम रेलवे विभाग के पास आसानी से उपलब्ध नहीं होते हैं। उन्होंने कहाए वह सूची अभी राज्य सरकार तक नहीं पहुंची है। इसलिए बंगाल में मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। सोमवार को राज्य सरकार ने मरने वालों का आंकड़ा 81 बताया।राज्य सरकार के सूत्रों ने बताया कि सबसे अधिक 31 दक्षिण 24 परगना जिले से मौतें हुई हैं।इस बीच, तृणमूल कांग्रेस ने छह सदस्यीय समिति के गठन की घोषणा की हैए जिसके सदस्य ट्रेन और दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिवारों के पास जाएंगे और पार्टी की ओर से हर परिवार को 2,00,000 रुपये मुआवजे का चेक सौंपेंगे।

तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने घोषणा की थी कि प्रत्येक मृतक के परिवार को 2,00,000 रुपये का मुआवजा राज्य सरकार की ओर से घोषित 5,00,000 रुपये से अलग होगा। बालासोर ट्रेन हादसे की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की रेलवे बोर्ड की सिफारिश को लेकर राज्य में पहले से ही राजनीतिक खींचतान शुरू हो गई है।

तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य डॉ सांतनु सेन ने कहा, सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों की विश्वसनीयता अब बहुत कम हो गई है। केंद्र सरकार द्वारा विपक्षी दलों के खिलाफ उसका इस्तेमाल किया जा रहा है। इसलिए हमें सीबीआई जांच में कोई विश्वास नहीं है।

# जदयू के एमएलसी राधाचरण सेठ के कई ठिकानों पर रेड

**एजेंसी, पटना**

जदयू के एमएलसी राधाचरण सेठ और उनके पार्टनर अशोक प्रसाद के 24 से अधिक ठिकानों पर ईडी ने सोमवार सुबह छापेमारी की है। छापेमारी जारी है।

राधाचरण सेठ के बिहार के भोजपुर में बाबू बाजार स्थित आवास पर ईडी की टीम ने छापेमारी की है। जहां सीआरपीएफ के जवानों को तैनात किया गया है। राधाचरण सेठ के बिहार के आराएऔरंगाबादए डेहरी ऑन सोन समेत कई जिलों में बालू कारोबार को लेकर छापामारी की गई है। ईडी की टीम पूरे घर की तलाशी ले रही है।

बताया जा रहा कि बालू से जुड़े मामले में छापेमारी की जा रही है। इसके साथ ही लालू यादव के



करीबी माने जाने वाले सुभाष यादव के पटना के दानापुर के नारियल के आवास पर छापेमारी चल रही है। यह चतरा लोकसभा से सांसद का चुनाव भी लड़ चुके हैं।

राधाचरण सेठ के घर इससे पहले भी इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की टीम ने फरवरी में भी पटना से लेकर दिल्ली तक के कई ठिकानों पर अचल संपत्ति को लेकर छापेमारी की थी।इस दौरान पांच दिनों तक इनके और करीबियों के यहां पूछताछ हुई थी। इस दौरान 200 करोड़ से अधिक की गड़बड़ी का आयकर विभाग ने खुलासा किया था। राधा चरण सेठ लंबे समय से बालू सिंडिकेट से जुड़े रहे हैं।

जदयू एमएलसी के मुताबिकए 1971 में जलेबी बेचने का काम करते थे। यह काम पहले उनके पिता संभालते थे। इसके बाद होटल धीरे.धीरे शुरू किया। इस समय एमएलसी के पास दुकानए राइस मिलए कोल्ड स्टोर आदि हैं। मनाली में ही उनका रिसॉर्ट है। राधाचरण के मुताबिकए मेहनत और ईमानदारी के बल पर यहां तक पहुंचे हैं। स्टेट बैंकए ग्रामीण बैंकए पीएनबी बैंक से उन्होंने लोन लिया है। राधा चरण सेठ लंबे समय तक लालू प्रसाद की पार्टी राजद में रहेए लेकिन तीन वर्षों पूर्व वे जेडीयू में आ गए।

# ईडी ने अभिषेक बनर्जी की पत्नी, बंगाल के मंत्री को समन किया

**एजेंसी, कोलकता**

पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के कोयला तस्करी मामले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और पार्टी के लोकसभा सांसद अभिषेक बनर्जी की पत्नी रूजीरा नरूला बनर्जी को समन जारी किया। उन्हें 8 जून को कोलकाता के उत्तरी बाहरी इलाके के सॉल्ट लेक में सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित ईडी के कार्यालय में 8 जून को सुबह 11 बजे उपस्थित रहने के लिए कहा गया है। सोमवार की सुबह कोलकाता में नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आव्रजन विभाग ने ईडी द्वारा लुकआउट नोटिस का हवाला देते हुए रुजिरा



और उनके दो बच्चों को दुबई जाने वाली उड़ान में सवार होने से रोक दिया। सूत्रों ने कहा कि इसके तुरंत बाद उन्हें नोटिस जारी किया गया। इस सिलसिले में ईडी उनसे पहले भी पूछताछ कर चुकी है।

ईडी ने कोयला तस्करी मामले में पश्चिम बंगाल के कानून मंत्री मोलोय घटक को भी सोमवार को तलब किया और उनसे 19 जून को नई दिल्ली में केंद्रीय एजेंसी के मुख्यालय में पेश होने के लिए कहा। ईडी के सूत्रों ने कहा कि पहले घटक ने दो बार उनके समन को इस आधार पर टाल दिया था कि उन्हें शॉर्ट नोटिस पर समन किया गया था। इसलिए इस बार ईडी के अधिकारियों ने उन्हें करीब दो सप्ताह का समय देते हुए समन भेजा है। ईडी के निदेशक संजय कुमार मिश्रा पिछले सप्ताह कोलकाता में थे और उन्होंने केंद्रीय एजेंसी के शीर्ष अधिकारियों के साथ-साथ अदालत में एजेंसी का प्रतिनिधित्व करने वाले कानूनी जानकारों के साथ बैठकें कीं।

मिश्रा ने अधिकारियों को भ्रष्टाचार के विभिन्न मामलों जैसे शिक्षक भर्ती मामलेए मवेशी तस्करी मामले और कोयला तस्करी मामले की जांच के अगले चरण के बारे में कुछ निर्देश दिए। पर्यवेक्षकों का मानना है कि मिश्रा की कोलकाता यात्रा के तुरंत बाद एजेंसी की गतिविधियों में तेजी काफी पेचीदा है और आने वाले दिनों में और अधिक रोमांचक घटनाक्रम की उम्मीद है। खबर लिखे जाने तक यह जानकारी नहीं थी कि बनर्जी या घटक पूछताछ के लिए पेश होंगे या नहीं। समन को लेकर सियासी घमासान शुरू हो चुका है। तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व ने दावा किया है कि ये घटनाक्रम देश में सत्ताधारी दल द्वारा राजनीतिक प्रतिशोध का प्रतिबिंब हैं। वहीं प्रदेश भाजपा के नेताओं ने घटनाक्रम को केंद्रीय एजेंसियों की जांच का हिस्सा बताया।

# किसान जैविक खाद का करें उपयोगः भूपेश

**एजेंसी, रायपुर**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किसानों से आगामी खरीफ सीजन में खेती-किसानी में जैविक खाद और जैविक कीटनाशक का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने की अपील करते हुए कहा कि गोधन न्याय योजना के तहत गौठनों में जैविक खाद और जैविक कीटनाशक महिला समूहों द्वारा तैयार किए जा रहे हैं। गौठनों में ये उत्पाद भरपूर मात्रा में उपलब्ध है। इनके उपयोग से जमीन की उर्वरता बढ़ेगी और खेती की लागत भी कम होगी।

मुख्यमंत्री सोमवार को अपने निवास कार्यालय में गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को राशि के ऑनलाइन अंतरण के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने विश्व पर्यावरण दिवस की प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि आने वाले मानसून में ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करें और अपने गांवए गौठानए खेतों और जंगलों को खूब हरा-भरा बनाएं। मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्माए अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ कमलप्रीत सिंह, नरवा, गरूवा, घुरवा, बाड़ी योजना के नोडल अधिकारी डॉ अयाज तंबोली, संचालक कृषि रानू साहू भी कार्यक्रम में उपस्थित थीं।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में गोधन योजना के हितग्राहियों के खाते में ऑनलाईन 21.31 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की। इस राशि में 16 मई से 31 मई तक गौठानों में क्रय किए गए गोबर के एवज में ग्रामीण पशुपालकों 4०91 करोड़ रुपये तथा गौठान समितियों को 8.98 करोड़ एवं स्व-सहायता समूहों को 6.29 करोड़ रुपये की लाभांश राशि तथा गौठान समितियों ने अध्यक्षों और सदस्यों के मानदेय की 1.13 करोड़ रुपये की राशि शामिल है।



उल्लेखनीय है कि गोबर विक्रेताओं, गौठान समितियों एवं महिला स्व-सहायता समूहों को आज वितरित की गई राशि को मिलाकर अब तक हितग्राहियों को 538 करोड़ 89 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है। इसमें से योजना के प्रारंभ होने के बाद से अब तक गोबर विक्रेताओं को 237.28 करोड़ रुपये तथा स्व. सहायता समूहों एवं गौठान समितियों को 223.60 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में स्वावलंबी गौठान समिति के अध्यक्षों और सदस्यों को मिलाकर समिति के कुल 21 हजार 360 सदस्यों की मानदेय की 1.13 करोड़ रुपये की राशि जारी की। स्वावलंबी गौठान समिति के अध्यक्ष को 750 रुपये और अशासकीय सदस्यों को 500 रुपये का मानदेय दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में कहा कि प्रदेश में 10 हजार 409 गौठानों के निर्माण की स्वीकृति दी गई है, इनमें से 98 प्रतिशतए 10 हजार 235 गौठानों का निर्माण पूरा हो गया है। 4 हजार 584 गौठान ऐसे हैं, जिन्होंने पिछले 15 दिनों में 30 क्विंटल या उससे अधिक गोबर की खरीद की है। इससे पूर्व के पखवाड़े की तुलना में इतनी अधिक मात्रा में गोबर खरीदने वाले गौठानों की संख्या में 22 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

## विश्वविद्यालयों में 16 जून से प्रवेश शुरू

**एजेंसी, जगदलपुर**

उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के लिए शैक्षणिक कैलेंडर जारी कर दिया है। नये शैक्षणिक कैलेंडर के हिसाब से 16 जून से सभी कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जानी है और 01 जुलाई से कॉलेजों में अध्यापन शुरू करना है। उच्च शिक्षा विभाग से शैक्षणिक कैलेंडर जारी होने के बाद अब इसके पालन में बस्तर विश्वविद्यालय जुट गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बस्तर विश्वविद्यालय के कॉलेजों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन व्यवस्था ही रखी जाएगी। छात्र कॉलेजों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन देंगे और इसके बाद कॉलेज सीटों के आधार पर मैरिट लिस्ट जारी करेगाए 16 जून से 12 वीं उत्तीर्ण करने वाले छात्र अपने पसंद के कॉलेज और पसंदीदा विषय में दाखिले के लिए आवेदन कर सकेंगे।

# बायरन बिस्वास की विधायकी रद्द करने के लिए हाईकोर्ट में पीआईएल

**एजेंसी, कोलकता**

कलकत्ता उच्च न्यायालय में सोमवार को एक जनहित याचिका दायर कर विधायक बायरन बिस्वास की विधायकी तत्काल रद्द करने की मांग की गई। उन्होंने हाल ही में कांग्रेस पार्टी छोड़कर तृणमूल कांग्रेस का दामन थामा है। तीन महीने पहले मुर्शिदाबाद जिले के सागरदिघी विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में बिस्वास को वाम मोर्चा समर्थित कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में चुना गया था। हालांकिए पिछले सप्ताह ही वह पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और लोकसभा सांसद अभिषेक बनर्जी की मौजूदगी में तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए थे।जनहित याचिका कलकत्ता उच्च न्यायालय की वरिष्ठ वकील सौम्या शुभ्रा रॉय ने दायर की है। उन्होंने इसी मांग के साथ 1 जून को पश्चिम बंगाल विधानसभा अध्यक्ष बिमन बंदोपाध्याय और भारत के मुख्य



चुनाव आयुक्त के कार्यालयों को पत्र भेजा था। अंत में दोनों कार्यालयों में से किसी से कोई जवाब नहीं मिलने के बाद रॉय ने कलकत्ता उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर की। जनहित याचिका में रॉय ने तर्क दिया है कि चूंकि सागरदिघी के अधिकांश मतदाताओं ने बिस्वास को कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में चुना थाए इसलिए उन्होंने तृणमूल में शामिल होकर उनकी भावनाओं को धोखा दिया और इसलिए उनके विधायक बने रहने का कोई आधार नहीं है।

**प्रोजेक्ट टाइगर**

## निर्माणाधीन पुल के गिरने के बाद विपक्ष के हमले पर सीएम ने कहा

# हमने जांच के आदेश दे दिए हैंः नीतीश

**एजेंसी, पटना**

सम्पूर्ण क्रान्ति दिवस पर पटना के गांधी मैदान में स्थापित स्व जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा स्थल पर राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। खगड़िया-अगवानी-सुल्तानगंज के बीच बन रहे पुल के ऊपरी हिस्से के गिरने पर विपक्षी पार्टियों द्वारा सरकार पर लगाए जा रहे आरोप से संबंधित सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वे लोग कुछ भी बोलते रहते हैं। उनका काम सिर्फ बोलना है। हमने जांच के आदेश दे दिए हैं। सीएम ने कहा कि जो हमारे साथ पहले उप मुख्यमंत्री थे, उनको पार्टी ने कोई जगह नहीं दिया है तो कुछ न कुछ तो बोलना ही है। आज के कार्यक्रम में उनलोगों को भी आना चाहिए था। वे लोग भी जेपी मूवमेंट से जुड़े हुए हैं। निमार्णाधीन पुल के स्ट्रक्चर गिरने से संबंधित सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि इस निमार्णाधीन पुल का स्ट्रक्चर एकबार पहले और गिरा था उस समय भी हमने पूछा था कि ऐसा क्यों हुआ है। वर्ष 2012 में ही इस पुल के निर्माण करने का निर्णय किया गया था और वर्ष 2014 में इसकी शुरूआत हुई। कल ही जानकारी मिली है कि फिर से इसका स्ट्रक्चर गिरा हैए तुरंत हमने विभाग के सभी अधिकारियों को कहा कि जाकर देखिए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई कीजिए। पुल का निर्माण कार्य मजबूत तरीके से होए इसको लेकर भी हमने अधिकारियों को निर्देश दिया है।

ओड़िशा में हुए रेल दुर्घटना से संबंधित प्रश्न के जवाब में




मुख्यमंत्री ने कहा कि यह घटना दुखद है। हमने इस पर दुख व्यक्त किया है। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार में जब हम रेल मंत्री थे उस समय रेल हादसा हुआ था। हमने घटनास्थल पर जाकर मृतकों को देखा तो काफी तकलीफ हुई थी तो हमने रेल मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था लेकिन श्रद्धेय अटल जी ने उसे स्वीकार नहीं किया था।हमने उनसे आग्रह कर दोबारा इस्तीफा दियाए उसके बाद उन्होंने मेरा इस्तीफा स्वीकार किया था। डेढ़ साल के बाद जब पुनः मुझे रेल मंत्री बनाया गया तो मैंने प्रधानमंत्री जी से कहा था कि रेलवे सुरक्षा की दृष्टि से जो तय हुआ है उस पर काम किया जाए। उसके चलते रेलवे की स्थिति बेहतर हुई।

ओडिशा में जो रेल हादसा हुआ है इसको ठीक से देखना चाहिए कि घटना का कारण क्या है। पहले रेलवे का बजट अलग से पेश होता था। लोकसभा और राज्यसभा में रेल बजट पर विस्तृत चर्चा होती थी। सांसदों की बात सुनी जाती थी और उनकी समस्याओं का निदान भी होता था। रेल बजट को इस सरकार ने खत्म कर दिया। रेल हादसा को लेकर पहले भी एक.दो मंत्रियों ने रिजाइन किया है। रेल मंत्रालय पुराना मंत्रालय है, लोगों की सुरक्षा और सुविधा का ध्यान रखना जरूरी है लेकिन रेल बजट को हटाकर सब अपने तरीके से किया जा रहा है।

12 जून को पटना में विपक्षी एकता की बैठक होने से संबंधित प्रश्न का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 12 जून को होने वाली विपक्षी एकता की बैठक के लिए अधिकतर लोगों का समर्थन आ गया था। 12 तारीख होने वाले कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है।

हमने कांग्रेस पार्टी से कहा है कि आपलोग भी बैठक के लिए आगे की तिथि को लेकर बात कर लीजिए। सभी पार्टी के अध्यक्ष को आना हैए इसमें कोई दूसरा आएगा तो अच्छा नहीं लगेगा। आगे इसकी तिथि तय होगी और उसके बारे में आपलोगों को बता दिया जाएगा।

## बिहारः 8 जिलों में लू का ऑरेंज अलर्ट जारी

**एजेंसी, पटना**

राजधानी पटना सहित राज्य के सभी जिले भीषण गर्मी की चपेट में हैं। मौसम विभाग ने अब लू का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। पटना में पिछले पांच दिनों से लगातार पारा चढ़ने से पिछले चार सालों में अधिकतम तापमान का नया रिकॉर्ड कायम किया है। सोमवार सुबह से ही तेज धूप के कारण भीषण गर्मी का एहसास हो रहा है।

मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में पटना समेत राज्य के नौ जिलों मुजफ्फरपुरए शेखपुरा, जमुई, बांका, नालंदा, सीवान, मधुबनी, सारण, नवादा में हीट वेव का प्रभाव बने रहने की संभावना जतायी है। जबकि राज्य के आठ जिलों पूर्णिया, अररिया, भागलपुर, सुपौल, कटिहार, पश्चिमी चंपारण, खगड़िया, पूर्वी चंपारण में भीषण उष्ण लहर का अलर्ट है।

# शास्त्री, पोंटिंग व अकरम ऑस्ट्रेलिया को भारत की तुलना में मानते हैं मजबूत



**एजेंसी। लंदन**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि परिस्थितियां ऑस्ट्रेलिया की पसंद के करीब हैं, इसलिए पैट कमिंस की अगुआई वाली टीम को बुधवार से ओवल में शुरू हो रहे विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल से पहले भारत पर थोड़ी बढ़त रहेगी। यदि आप इस स्थान को देखते हैं तो आपको लगता है कि यह भारतीय स्थल की तुलना में ऑस्ट्रेलियाई स्थल की तरह कुछ अधिक है। वास्तव में अच्छा, है ना?

आईसीसी द्वारा आयोजित प्री-गेम लाइव इवेंट में पोंटिंग ने कहा, आप केवल परिस्थितियों के आधार पर सोचेंगे, यह थोड़ा ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में है, लेकिन ये दो टीमें हैं, जो पूरी तरह से वहां होने के लायक हैं। जो भी हर दिन के खेल के दौरान आधे घंटे के स्पेल या स्टेंट में सर्वश्रेष्ठ खेलता है, वह अच्छी तरह से चलता है। फाइनल जीतने के लिए अपने पसंदीदा टीम के बारे में पूछे जाने पर, पोंटिंग ऑस्ट्रेलिया पर दांव लगाते हैं, लेकिन लेकिन केवल मामूली रूप से।

उन्होंने कहा,ऑस्ट्रेलिया को मामूली रूप से बढ़त है। पोंटिंग ने कहा, दोनों टीमें पहले और दूसरे स्थान पर रहने की हकदार हैं। जहां तक तैयारी की बात है, तो दिलचस्प बात यह है कि कुछ ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने कुछ नहीं किया है, उन्होंने बिल्कुल भी क्रिकेट नहीं खेला है। जबकि भारतीय खिलाड़ी आईपीएल में बहुत प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेल रहे हैं। इसलिए बिना किसी क्रिकेट के नए सिरे से आना, क्या यह बेहतर है या यह आईपीएल कारण थोड़ा थके हुए हुए आ रहे हैं, लेकिन क्रिकेट आगे बढ़ रहा है? इसलिए बहुत सारे कारक हैं जो इस सप्ताह के दौरान दिखाई दे सकते हैं। पाकिस्तान के दिग्गज तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने भी ऑस्ट्रेलिया की टीम को भारत से थोड़ा आगे बताया। लेकिन वह यह भी मानते हैं कि टॉस और मौसम खेल में महत्वपूर्ण कारक होंगे।

उन्होंने कहा, मैं रिकी से सहमत हूं। ऑस्ट्रेलिया थोड़ा पसंदीदा है। यह मौसम पर भी निर्भर करता है और टॉस भी महत्वपूर्ण है। और पिच भी मायने रखती है। फाइनल में, भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने भी महसूस किया कि ऑस्ट्रेलिया कागज पर कुछ मजबूत है, लेकिन फिटनेस एक निर्णायक कारक हो सकता है। मुझे लगता है कि मैच फिटनेस खेल में आ सकता है। जैसा कि वाज ने कहा, रिकी ने कहा, आपको कुछ क्रिकेट खेलने की जरूरत है। यह सिर्फ नेट्स में दो घंटे, चार या पांच दिन, छह दिन गेंदबाजी करने से बिल्कुल अलग है। इसलिए यह निर्भर करता है कि उन्होंने कैसे अभ्यास किया है, उन्होंने कैसे तैयार किया है। ऑस्ट्रेलिया को थोड़ी बढ़त है, लेकिन वह मैच फिटनेस कुंजी हो सकती है। उन्होंने कहा, शमी पहले आधे घंटे में नुकसान कर सकता है, क्योंकि वह बहुत अधिक खेल रहा है।

# पहलवानों ने रेलवे की ड्यूटी ज्वाइन की

## साक्षी ने प्रदर्शन से हटने की खबरों का खंडन किया



**एजेंसी। नई दिल्ली**

जंतर-मंतर से 28 मई को हटाए जाने के बाद शीर्ष पहलवान बजरंग पुनिया, साक्षी मलिक और विनेश फोगट ने रेलवे में अपनी ड्यूटी फिर से ज्वाइन कर ली है। रिपोर्टें के अनुसार, उत्तर रेलवे मुख्यालय के रिकॉर्ड से पता चलता है कि रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साक्षी मलिक 31 मई को अपने बड़ौदा हाउस कार्यालय में ड्यूटी पर उपस्थित हुईं। इससे एक दिन पहले तीनों गंगा में अपने अंतर्राष्ट्रीय पदकों को विसर्जित करने पहुंचे थे, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। कई लोगों के अनुरोध पर उन्होंने इसकी बजाय किसान नेताओं को अपने पदक सौंप दिए।

सोमवार को साक्षी ने भी ड्यूटी ज्वाइन करने की पुष्टि की। इस बीच, उन्होंने अफवाहों का खंडन किया कि वह आंदोलन से हट गई हैं। उन्होंने कहा, खबर पूरी तरह से गलत है। हममें से कोई भी पीछे नहीं हटा है। हम न्याय के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेंगे और इस बीच मैं रेलवे में अपनी जिम्मेदारी निभा रही हूं।

इससे पहले, बजरंग, साक्षी और विनेश ने भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ अपने विरोध से संबंधित मामले पर चर्चा करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से उनके आवास पर मुलाकात की।

पहलवानों के एक करीबी सूत्र ने बताया, उन्होंने गृह मंत्री के साथ अपनी चिंता साझा की। बैठक लंबी थी और उन्होंने सब कुछ सुना। लेकिन 'अभी तक कोई फैसला नहीं हुआ'। बजरंग, साक्षी और विनेश अप्रैल से ही पहलवानों के विरोध का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर एक नाबालिग सहित कई पहलवानों के यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। विरोध करने वाले पहलवानों को दिल्ली पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया और विरोध स्थल जंतर मंतर पर उनकी विरोध-प्रदर्शन की व्यवस्था को ध्वस्त कर दिया गया।

## NEWS इन ब्रीफ

### रिकाडरे गारेका ने वेलेज सार्सफील्ड से नाता तोड़ा

**ब्यूनस आयर्स।** रिकाडरे गारेका ने अर्जेंटीना के वेलेज सार्सफील्ड के प्रबंधक के रूप में अपना दूसरा कार्यकाल समाप्त कर लिया है। वो इस भूमिका में तीन महीने से भी कम समय रहे। सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, बेलग्रानो में 1-0 की हार के एक दिन बाद 65 वर्षीय ने अपना इस्तीफा दे दिया, जिसके चलते ब्यूनस आयर्स क्लब 28-टीम प्राइमेरा डिवीजन स्टैंडिंग में 18 मैचों में सिर्फ तीन जीत के साथ 22वें स्थान पर रहा। गारेका ने रविवार को एक संक्षिप्त सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, मैंने कोशिश की। आप सभी का धन्यवाद। मार्च में वेलेज के मुख्य कोच के रूप में अलेक्जेंडर मदीना की जगह लेने के बाद गारेका के नेतृत्व में एक जीत, सात ड्रॉ और चार हार मिली।

### इब्राहिमोविच ने की फुटबॉल से संन्यास की घोषणा



**रोम।** 2022-2023 सीजन के एसी मिलान के अंतिम मैच के बाद ज्लाटन इब्राहिमोविच, जिन्हें इब्रा के नाम से भी जाना जाता है, ने फुटबॉल से संन्यास की घोषणा कर दी है। अक्टूबर में 42 साल के होने वाले इब्राहिमोविच ने मिलान को छोड़ने का फैसला किया। उनका कॉन्ट्रैक्ट खत्म हो रहा था। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, रविवार का खेल शुरू होने से पहले, स्टैंड में प्रशंसकों ने उत्साहपूर्वक उनका नाम लिया और गुडबाय बैनर दिखाया, जिसे देखकर इब्रा की आंखों में आंसू आ गए। स्वीडिश दिग्गज खिलाड़ी, जिनकी पिछली टीमों में माल्मो, अजाक्स, जुवेंटस, इंटर मिलान, बार्सिलोना, पेरिस सेंट-जर्मेन, मैनचेस्टर यूनाइटेड और एलए गैलेक्सी शामिल हैं, ने जनवरी 2020 में मिलानेलो में अपना दूसरा स्पेल शुरू किया था।

## डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले बोले शेन वॉटसन

# यह मैच रोमांचक होने वाला है



**एजेंसी। लंदन**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी शेन वॉटसन का मानना है कि बुधवार से द ओवल में शुरू होने वाली विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल से पहले भारत और ऑस्ट्रेलिया दोनों के खिलाड़ियों के लिए बदलाव का दौर चरम पर होने वाला है। ऑस्ट्रेलिया की टीम के केवल 2 सदस्य डेविड वार्नर और कैमरन ग्रीन आईपीएल 2023 में शामिल हुए, जबकि माइकल नेसर, स्टीवन स्मिथ, मार्कस हैरिस और मारनस लेबुस्चगने ने काउंटी चैम्पियनशिप मैच खेले। इसका मतलब यह है कि ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस सहित डब्ल्यूटीसी फाइनल टीम में अधिकांश खिलाड़ियों ने भारत में मार्च की शुरूआत में 'ईयर' बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला समाप्त होने के बाद से बहुत अधिक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है। भारतीय दृष्टिकोण से चेतेश्वर पुजारा काउंटी चैम्पियनशिप में ससेक्स के लिए खेल रहे थे जबकि बाकी 14 सदस्य आईपीएल 2023 में खेले थे जोकि निस्संदेह एक बड़ी चुनौती होगी।

वॉटसन ने कहा, 'इसमें कोई संदेह नहीं है कि मुझे लगता है कि लोगों के लिए यह मैच रोमांचक होने वाला है। जितना संभव हो उतना अधिक मात्रा में नई गेंदों का सामना करें, जितना संभव हो उतना नेट्स को मसालेदार बनाने की कोशिश करें।' उन्होंने कहा, 'यही एकमात्र तरीका है जिससे आप अपने खेल को वापस अपनी आंखों के नीचे गेंद को हिट करने के लिए प्राप्त कर सकते हैं। हां, आपको उस सकारात्मक, आक्रामक इरादे की जरूरत है लेकिन फिर भी यह समझना होगा कि आप किन गेंदों पर रन बना सकते हैं और कौन सी गेंदें अधिक जोखिम वाली हैं।'

वॉटसन इंग्लैंड में एशेज खेलने के लिए प्रारूप बदलने से पहले आईपीएल 2013 और 2015 में खेले थे, उनका यह भी मानना है कि मार्की फाइनल से पहले खिलाड़ियों के पास जो भी प्रशिक्षण के दिन हैं उन्हें बर्बाद करने के लिए बहुत कम समय है। उन्होंने कहा, 'मेरे पास इतनी जल्दी वापसी नहीं थी। यह हमेशा एक चुनौती थी। चाहे वह शीतकालीन एशेज श्रृंखला में जा रही हो या चाहे वह ऑस्ट्रेलिया में टी20 श्रृंखला से जा रही हो, उड़ान भरना और सीधे टेस्ट मैच खेलना एक बड़ी चुनौती है।' आपको यह समझने की जरूरत है कि अगर आपके पास केवल कुछ दिन हैं तो आपको वास्तव में किस पर काम करने की जरूरत है।'

वॉटसन को लगा कि डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले टूर मैच नहीं होने से इंग्लैंड की परिस्थितियों से तालमेल बिठाने में मुश्किलें आएंगी। उन्होंने कहा, यही वह जगह है जहां कुछ दौरे के मैच होते हैं, विशेष रूप से, गेंद को लगातार स्विंग करने और कुछ करने के लिए अभ्यस्त होने के लिए आपको वास्तव में इसके चारों ओर अपना ध्यान लगाने की आवश्यकता होती है।' 'तो इन लोगों के लिए इतनी जल्दी टर्नअराउंड होना और टूर मैच नहीं होना, यह एक बड़ी चुनौती होने वाली है। बस अपने गेम प्लान को वास्तव में लॉक करने में सक्षम होने के लिए और फिर गेंद के बाद गेंद को लंबे समय तक खेलने में सक्षम होने के लिए।'

## एशेज के लिए हम तैयार हैं : जो रूट



**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में ज्यादा मौका न मिलने के बावजूद आगामी एशेज श्रृंखला के लिए अपनी तैयारियों की पुष्टि की है। रूट, जिन्हें राजस्थान रॉयल्स ने 1 करोड़ में साइन किया था, रॉयल्स के लिए सिर्फ तीन बार खेले और केवल एक बार बल्लेबाजी करते हुए 15 गेंदों पर 10 रन बनाए।

हालांकि, उन्होंने शनिवार को लॉर्डस में आयरलैंड पर इंग्लैंड की 10 विकेट की जीत के दौरान 56 रन बनाए, जो फरवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ वेलिंगटन टेस्ट के बाद उनकी पहली रेड-बॉल पारी थी। वह आयरलैंड के खिलाफ अपनी 56 रन की पारी के बाद 11,000 टेस्ट रन के मील के पत्थर को पार करने वाले इंग्लैंड के केवल दूसरे खिलाड़ी के रूप में एलेस्टेयर कुक की सम्मानित कंपनी में शामिल हो गए। रूट का मानना है कि उन्होंने यॉर्कशायर के लिए डिवीजन टू चैंपियनशिप क्रिकेट खेलने की तुलना में भारत में रहने से अधिक सीखा है। चैंपियनशिप क्रिकेट हमारे घरेलू खेल का आधार है और मैं यहां जो कह रहा हूं उसके साथ इसे हासिल करने की कोशिश नहीं कर रहा हूं। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि यह महत्वपूर्ण या अच्छा मानक नहीं है। लेकिन मैं अपने करियर में जहां हूं, क्या मैं सीखने जा रहा हूं।

रूट ने डेली मेल को बताया, क्या मैं वास्तव में एशेज सीरीज के लिए बेहतर तरीके से तैयार होने जा रहा हूं, जिसमें कुछ तेज विकेटों पर कम गति की गेंदबाजी का सामना करना पड़ेगा, जब उम्मीद है कि हम उच्च गति और उच्च गुणवत्ता वाले स्पिनर के खिलाफ अच्छी पिचों पर खेलेंगे? मुझे ऐसा नहीं लगता। 32 वर्षीय रूट को यह भी लगता है कि उन्होंने भारत में अपने आईपीएल कार्यकाल के दौरान कुमार संगकारा और ब्रायन लारा जैसे दिग्गजों से अमूल्य ज्ञान प्राप्त किया और खुद को एक चुनौतीपूर्ण गर्मी के लिए अच्छी तरह से तैयार पाया।

रूट ने कहा,भारत जाकर, कुछ नया सीखने और अनुभव करने से, कुमार संगकारा और ब्रायन लारा जैसे कुछ महान खिलाड़ियों के साथ खेल पर बात करने और चर्चा करने से - मैंने सोचा कि यह मुझे अच्छा प्रदर्शन करने और खुद से सर्वश्रेष्ठ प्राप्त करने के लिए तैयार करेगा। मेरे पास एक और सप्ताह की तैयारी और एक टीम के रूप में काम करने का समय है।

अब जब रूट अपनी सातवीं एशेज श्रृंखला के लिए तैयार हो रहे हैं, तो उन्होंने अपने साथियों को संयम और स्थिरता बनाए रखने की सलाह दी। रूट ने कहा, अगर आप एशेज क्रिकेट में सफल होते हैं तो यह आपको जीवन के लिए स्थापित कर सकता है, न केवल आपके करियर के बाकी हिस्सों में बल्कि इससे आगे भी। यह जाने और इतिहास बनाने और एक समूह के रूप में अविश्वसनीय दो महीने का अवसर है।

## जूनियर महिला हॉकी एशिया कप : भारत ने मलेशिया को 2-1 से हराया

**नई दिल्ली।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने सोमवार को जापान में चल रहे महिला जूनियर एशिया कप 2023 के अपने दूसरे मैच में मलेशिया को 2-1 से हरा दिया। मैच में भारत के लिए मुमताज खान (10') और दीपिका (26') ने एक-एक गोल किया, जबकि मलेशिया के लिए डियान नाजेरी (6') ने एकमात्र गोल किया। मलेशिया ने मैच में अच्छी शुरूआत की और उनका ध्यान गेंद पर कब्जा बनाए रखना था, जिसका उन्हें फायदा भी मिला। मैच के छठें मिनट में डियान नाजेरी ने गोल कर मलेशिया को 1-0 से आगे कर दिया, हालांकि इस गोल के 4 मिनट बाद ही मैच के 10वें मिनट में मुमताज खान ने पेनल्टी कार्नर के जरिए गोल कर भारत को 1-1 से बराबरी दिला दी। पहले क्वार्टर की समाप्ती पर दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर रहीं। भारत ने दूसरे क्वार्टर में पूरी ताकत झोंक दी और योजना काम कर गई। दीपिका ने मैच के 26वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदल कर भारत को 2-1 से आगे कर दिया।

## सिंगापुर ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट

# भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे पीवी सिंधु और प्रणय



**एजेंसी। सिंगापुर**

गत चैंपियन पीवी सिंधु और एचएस प्रणय सिंगापुर ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। सिंधु जहां थाईलैंड में खराब प्रदर्शन के बाद वापसी करना चाहेंगी, वहीं फार्म में चल रहे प्रणय आत्मविश्वास से लबरेज होंगे। सिंधु के लिए चीजें पहले जैसी नहीं रही हैं क्योंकि उन्हें पिछले साल अगस्त में टखने में चोट लगी थी। वह धीरे-धीरे मैड्रिड स्पेन मास्टर्स और मलेशिया मास्टर्स में फाइनल और सेमी-फाइनल के साथ अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर वापस आ रही है, जो इस सीजन में उनका सर्वश्रेष्ठ परिणाम है।

सिंगापुर ओपन के पहले दौर में सिंधु का सामना जापान की दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी अकाने यामागुची से होगा, जिनके खिलाफ सिंधु का प्रदर्शन कुछ खास नहीं है। सिंधु का यामागुची के खिलाफ 14-9 का हेड-टू-हेड जीत का रिकॉर्ड है, लेकिन पिछले साल थाईलैंड में दोनों के आमने-सामने होने के बाद से बहुत कुछ बदल गया है और अब सिंधु को यामागुची के खिलाफ कुछ बेहतर करना होगा।

दूसरी ओर, प्रणय छह साल के खिताबी सूखे को खत्म करते हुए मलेशिया मास्टर्स में अपना पहला बीडब्ल्यूएफ खिताब जीतने के बाद टूर्नामेंट में उतर रहे हैं। इस मनोबल बढ़ाने वाली जीत ने प्रणय के लिए भूख बढ़ा दी होगी, जो इस समय भारत के सबसे बेहतरीन एकल खिलाड़ी हैं। हालाँकि, चीजें उसके लिए आसान नहीं होंगी क्योंकि वह सर्किट में सबसे रोमांचक प्रतिभाओं में से एक - जापान की तीसरी वरीयता प्राप्त कोडाई नारोका के खिलाफ पहला मैच खेलेंगे।

## अंडर-20 विश्व कप | उरुग्वे-दक्षिण कोरिया पहुंची सेमीफाइनल में

# उरुग्वे-इजराइल व द.कोरिया-इटली में टक्कर



**एजेंसी। ब्यूनर्स आयर्स**

अंडर-20 फुटबॉल विश्व कप अंतिम पड़ाव पर है। सेमीफाइनल लाइनअप तैयार हो गया है। कई दिग्गज टीम बाहर हो गई है। कई मैच में उलटफेर देखने को मिला है। गुरुवार (8 जून) को उरुग्वे के सामने इजराइल है और दक्षिण कोरिया और इटली की टीम में टक्कर होगी।

उरुग्वे और दक्षिण कोरिया ने रविवार को यहां अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीतकर अंडर-20 फुटबॉल विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाई। उरुग्वे ने अमेरिका के खिलाफ पूरे मैच के दौरान दबदबा बनाते हुए 2-0 से जीत दर्ज की।

उरुग्वे को 21वें मिनट में एंडरसन दुराते ने बढ़त दिलाई जबकि 56वें मिनट में जोशुआ विंडर ने आत्मघाती गोल दागकर उरूग्वे की जीत सुनिश्चित की। पिछले टूर्नामेंट के उप विजेता दक्षिण कोरिया ने अतिरिक्त समय में दागे गोल की मदद से नाइजीरिया को 1-0 से हराया।

दक्षिण कोरिया के लिए मैच का एकमात्र गोल सियोक ह्युन चोई ने हेडर के जरिए किया। उरुग्वे की टीम सेमीफाइनल में गुरुवार को इजराइल से भिड़ेगी जबकि इसी दिन दक्षिण कोरिया को फाइनल में जगह बनाने के लिए इटली का सामना करना है। यह लगातार तीसरा अवसर है जबकि इटली ने अंडर-20 विश्वकप के सेमीफाइनल में जगह बनाई है।

इजराइल ने टूर्नामेंट का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए खिताब के प्रबल दावेदार ब्राजील को 3-2 से हराकर अंडर-20 विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सैन जुआन में खेले गए इस मैच में इजराइल ने अतिरिक्त समय में विजयी गोल किया। इजराइल ने दो पेनल्टी को भी बर्बाद किया लेकिन ब्राजील इसका फायदा नहीं उठा पाया।

इटली ने भी कोलंबिया को 3-1 से पराजित करके अंतिम चार में जगह बना ली है। ब्राजील और इजराइल के बीच मैच में पहला हाफ गोल रहित रहा। इसके बाद मार्कोस लियोनार्डो ने ब्राजील के लिए पहला गोल किया लेकिन इजराइल ने चार मिनट बाद ही अनन खलैली के हेडर से बराबरी कर ली।

माथियस नैसिमेंटो ने अतिरिक्त समय के पहले मिनट में ब्राजील को 2-1 से बढ़त दिला दी लेकिन हमजा शिबी ने इसके दो मिनट बाद इजराइल के लिए दूसरा गोल कर दिया। उसकी तरफ से डोर डेविड तुर्गमैन ने अतिरिक्त समय के पहले हाफ के इंजरी टाइम में दो रक्षकों को छका कर विजयी गोल दागा। दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में इटली को कोलंबिया को हराने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई।




# आरबीआई की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग आज से




**एजेंसी। मुंबई**
भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआइ की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग मंगलवार से शूरू हो रही है। 8 नवंबर को एमपीसी के फैसलों का ऐलान किया जाएगा। मई 2022 से फरवरी 2023 तक आरबीआइ ने दरों में 2.50% की बढ़ोतरी की है। पिछली मीटिंग जो अप्रैल में हुई थी उसमें रेपो रेट को 6.50% पर अपरिवर्तित रखा गया था। मॉनेटरी पॉलिसी की मीटिंग हर दो महीने में होती है। एसबीआइ का मानना है कि 6-8 जून को होने वाली आगामी बैठक में भी आरबीआइ रेपो रेट को अपरिवर्तित रखेगा। एफवाई 24 के लिए महंगाई के अनुमान को भी घटाया जा सकता है। पिछली मीटिंग में आरबीआइ गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा था, इकोनॉमी में जारी रिकवरी को बरकरार रखने के लिए हमने पॉलिसी रेट में बदलाव नहीं किया है, लेकिन जरूरत पड़ने पर हम स्थिति के हिसाब से कदम उठाएंगे। आरबीआइ के पास रेपो रेट के रूप में महंगाई से लड़ने का एक शक्तिशाली टूल है। जब महंगाई बहुत ज्यादा होती है तो, आइबीआइ रेपो रेट बढ़ाकर इकोनॉमी में मनी फ्लो को कम करने की कोशिश करता है। रेपो रेट ज्यादा होगा तो बैंकों को आरबीआइ से मिलने वाला कर्ज महंगा होगा। बदले में बैंक अपने ग्राहकों के लिए लोन महंगा कर देते हैं। इससे इकोनॉमी में मनी फ्लो कम होता है। मनी फ्लो कम होता है तो डिमांड में कमी आती है और महंगाई घट जाती है। इसी तरह जब इकोनॉमी बुरे दौर से गुजरती है तो रिकवरी के लिए मनी फ्लो बढ़ाने की जरूरत पड़ती है। ऐसे में आरबीआइ रेपो रेट कम कर देता है। इससे बैंकों को आरबीआइ से मिलने वाला कर्ज सस्ता हो जाता है और ग्राहकों को भी सस्ती दर पर लोन मिलता है। इस उदाहरण से समझते हैं। कोरोना काल में जब इकोनॉमिक एक्टिविटी ठप हो गई थीं तो डिमांड में कमी आई थी। ऐसे में आरबीआइ ने ब्याज दरों को कम करके इकोनॉमी में मनी फ्लो को बढ़ाया था। आरबीआइ ने एफवाई 24 के लिए अपने महंगाई अनुमान को घटा सकता है। पिछली बार भी प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरबीआइ गवर्नर ने महंगाई के अनुमान में कटौती की जानकारी दी थी। वायसरॉय प्रॉपर्टीज के फाउंडर और मैनेजिंग पार्टनर साइरस मोदी के मुताबिक, इकोनॉमी में सुधार के संकेत दिख रहे हैं लेकिन सेंट्रल बैंक महंगाई को काबू में रखना चाहता है। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि आगे चलकर आरबीआइ इस स्तर पर दरों को रोक देगा और कैलेंडर ईयर 2025 से दरों को कम करना शुरू कर देगा।

## 40 मिमी और 44 मिमी साइज में आएगी गैलेक्सी वॉच 6 स्मार्टवॉच

**सैन फ्रांसिस्को।** टेक जायंट सैमसंग की अपकमिंग गैलेक्सी वॉच 6 स्मार्टवॉच दो साइज 40 मिमी और 44 मिमी में उपलब्ध होगी। गिज्मोचाइना की रिपोर्ट के अनुसार, अपकमिंग लाइनअप ने हाल ही में फेडरल कम्युनिकेशंस कमीशन (एफसीसी) सर्टिफिकेशन पास किया है। 40 मिमी वर्जन में मॉडल नंबर 'एसएम-आर 930' है, जबकि 44 मिमी वर्जन को एसएम-आर 940 कहा जाता है। टेक जायंट को गैलेक्सी वॉच 6 के अलावा गैलेक्सी वॉच 6 क्लासिक भी जारी करने की उम्मीद है। वॉच 6 क्लासिक में संभवतः 470 ए- 470 पिक्सल के रिजॉल्यूशन के साथ रोटेटिंग बेजेल्स और 1.47 इंच का सुपर एमोलेड डिस्प्ले होगा।

# सोने और चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट



**एजेंसी। नई दिल्ली**
आज यानी सोमवार (5 जून) को सर्राफा बाजार में सोने-चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक, आज सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोने का दाम 707 रुपए गिरकर 59,601 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। वहीं 22 कैरेट सोने की कीमत 54,595 रुपए हो गई है। आइबीजेए की वेबसाइट के अनुसार आज चांदी की कीमत में भी बड़ी गिरावट देखने को मिली है। ये 935 रुपए सस्ती होकर 71,423 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई है। इससे पहले ये 72,358 रुपए पर थी। इस साल अब तक सोने में शानदार तेजी देखने को मिली है। इस साल की शुरूआत यानी 1 जनवरी 2023 को ये 54,867 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो अब 59,601 रुपए पर है। यानी इसके दाम में 4,734 रुपए की तेजी आई है। अगर आप इन दिनों सोना खरीदने का प्लान बना रहे हैं तो, ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। नए नियम के तहत एक अप्रैल से छह डिजिट वाले अल्फान्यूमेरिक हॉलमार्किंग के बिना सोना बेचने पर रोक लगा दी गई है।

# शेयर बाजार में आई तेजी

**एजेंसी। नई दिल्ली**
आज यानी कारोबारी हफ्ते के दिन यानी सोमवार (5 जून) को बाजार में तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स 240 अंक मजबूत होकर 62,787 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 59 अंकों की तेजी रही, ये 18,593 के लेवल पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 16 में तेजी और 14 में गिरावट देखने को मिली है। आज महिंद्रा एंड महिंद्रा (एम&एम) का शेयर 3.99% चढ़ा है। ऑटो सेक्टर में 1.26% और मीडिया सेक्टर में 0.88% की तेजी रही। प्राइवेट बैंक 0.68% चढ़ा। ऑयल एंड गैस सेक्टर भी 0.25% चढ़कर बंद हुआ। एफएमसीजी 0.45% और आइटी 0.30% टूटकर बंद हुए। सोमवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 29 पैसे कमजोर होकर 82.68 रुपए पर बंद हुआ। कच्चा तेल ब्रेंट क्रूड 78 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इंजीनियरिंग और मेडिकल की तैयारी कराने वाली कंपनी आकाश एजुकेशन सर्विसेज लिमिटेड क्ढड लाने जा रही है। यह दुनिया की सबसे बड़ी एडटेक कंपनी बायजू की सहयोगी कंपनी है। बायजू के बोर्ड ने इस क्ढड के लिए मंजूरी दे




दी है। ये आइपीओ अगले साल यानी 2024 में आ सकता है। अप्रैल में महंगाई में आई कमी और जनवरी-मार्च के जीडीपी की ग्रोथ रेट में बढ़त को देखते हुए जानकारों का मानना है कि 6 जून से शुरू होने वाली रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग में ब्याज दरों में बदलाव न करने का फैसला लिया जा सकता है। 3 दिन की इस पॉलिसी मीट का फैसला 8 जून को आएगा। हालांकि, जानकारों का ये भी कहना है कि आरबीआइ अभी दरों में कटौती नहीं करेगा। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने मई में भारतीय इक्विटी बाजार में 43,838 करोड़ रुप, का निवेश किया है। ये 9 महीनों में उच्चतम स्तर है। देश के मजबूत मैक्रोइकॉनॉमिक फंडामेंटल और वैल्यूशन अच्छा होने पर भारत में विदेशी निवेश बढ़ा है। पिछले कारोबारी सप्ताह के आखिरी दिन शुक्रवार यानी 2 जून को बाजार में खरीदारी देखने को मिली थी। सेंसेक्स करीब 118 अंक मजबूत होकर 62,547 के स्तर पर बंद हुआ था। निफ्टी में भी 46 अंकों की तेजी रही थी, ये 18,534 के लेवल पर बंद हुआ था।

## यूपी के चंदौली में जल्द खुलेगा एशिया का सबसे बड़ा फिश मार्केट

**वाराणसी।** पूर्वी उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले में जल्द ही एशिया का सबसे बड़ा मछली बाजार खुलेगा। बाजार का निर्माण अगले साल जुलाई तक पूरा हो जाएगा। उत्तर प्रदेश के मत्स्य पालन मंत्री संजय निषाद ने कहा कि चंदौली में अत्याधुनिक थोक मछली बाजार के निर्माण से लगभग 1500 लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। मंत्री ने कहा कि मछली बाजार को पूरी क्षमता से संचालित करने पर सालाना करीब 75 हजार मीट्रिक टन मछली का कारोबार होगा। मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार का कार्यकाल सुशासन और गरीबों के कल्याण के लिए समर्पित रहा है। मौजूदा व्यवस्था के तहत मछुआरा समुदाय के सर्वांगीण कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। मत्स्य पालन ने भारत की जीडीपी विकास दर में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मछुआरा कल्याण कोष का इस्तेमाल समुदाय के लिए किया जाएगा। पिछली सरकारों ने मछुआरा समुदाय को वोट बैंक माना, लेकिन उनके कल्याण के लिए काम नहीं किया। उत्तर प्रदेश में भाजपा की सहयोगी निषाद पार्टी के प्रमुख मंत्री ने यह भी कहा कि प्रयागराज में भगवान राम और निषाद राज की 56 फीट की प्रतिमा जल्द ही स्थापित की जाएगी।

# एसबीआई अमृत कलश स्कीम में मिल रहा ज्यादा रिटर्न




**एजेंसी। नई दिल्ली**
स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की नई फिक्स डिपॉजिट स्कीम अमृत कलश इसी महीने यानी 30 जून को खत्म होने वाली है। इसके तहत सीनियर सिटिजन को एफडी पर 7.60% और अन्य को 7.10% सालाना ब्याज दिया जा रहा है। इस फिक्स डिपॉजिट स्कीम में 400 दिन के लिए निवेश करना होता है। ऐसे में अगर आप एफडी पर ज्यादा ब्याज चाहते हैं तो इस स्कीम में निवेश कर सकते हैं। हम आपको इसके बारे में बता रहे हैं। अमृत कलश एक स्पेशल रिटेल टर्म डिपॉजिट यानी एफडी है। इसमें सीनियर सिटीजन को 7.60% और आम नागरिकों को 7.1% के दर से इंटरेस्ट रेट मिलता है। इसमें अधिकतम 2 करोड़ रुपए की एफडी करा सकते हैं। अमृत कलश स्कीम के तहत आपको ब्याज का भुगतान प्रति महीना, प्रति तिमाही और हर छमाही किया जाता है। आप अपनी सुविधा के अनुसार एफडी ब्याज का पेमेंट तय कर सकते हैं। इस स्कीम में निवेश करने के लिए आप बैंक के ब्रांच जाकर भी निवेश कर सकते है। वहीं नेटबैंकिंग और एसबीआइ योनो ऐप के जरिए भी इसमें निवेश किया जा सकता है। अमृत कलश पर आम एफडी की तरह ही लोन लेने की सुविधा भी मिलती है। पंजाब नेशनल बैंक 444 दिन की खास एफडी पर आम नागरिकों को 7.25% और सीनियर सिटीजन (वरिष्ठ नागरिक) को 7.75% ब्याज ऑफर कर रहा है। वहीं सुपर सीनियर सिटीजन (अति वरिष्ठ नागरिक) को 8.05% ब्याज दिया जा रहा है। यह ब्याज दरें 2 करोड़ से कम के डिपॉजिट के लिए है।

# वी का नया अनलिमिटेड नाइट डेटा पैक-'वी छोटा हीरो'लॉन्च

**संवाददाता**
**रांची।** अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने दो नए अनलिमिटेड नाईट डेटा पैक्स ह्यवी छोटा हीरो पैक्स के लॉन्च के साथ अपने हीरो प्रोपोजिशन का विस्तार किया है। ये पैक प्रीपेड उपभोक्ताओं के लिए डिजाइन किए गए हैं, जिनके द्वारा वे मध्यरात्रि से सुबह 6 बजे तक रात भर बिंज कर सकते हैं। वे मात्र रु 17 में एक दिन के लिए और रु 57 में 7 दिनों के लिए नाईट बिंज का लाभ उठा सकते हैं। इस अनूठी पहल के माध्यम से वी समाज के निम्नतम वर्ग को अनलिमिटेड डेटा एक्सेस की उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान कर प्रीपेड उपभोक्ताओं के लिए पसंदीदा दूरसंचार सेवा प्रदाता बनना चाहता है।ये पैक खासतौर पर कॉलेज/हॉस्टल के छात्रों और उन युवाओं के लिए डिजाइन किए गए हैं, जिन्होंने अभी-अभी नौकरी शुरू की है और जिनके पास ब्रॉडबैण्ड सेवाएं नहीं है, किंतु उन्हीं रात में मुवीज देखने, वीडियो स्ट्रीमिंग, म्युजिक सुनने, गेम्स खेलने, सर्फिंग, चैटिंग, काम और पढ़ाई के लिए हाई स्पीड डेटा की जरूरत होती है। वी के उपभोक्ता इन पैक्स का उपयोग वी मुवीज एण्ड टीवी पर वी गेम्स खेलने, नई मुवीज और वीडियोज का आनंद उठाने के लिए भी कर सकते हैं या वी ऐप पर वी म्युजिक पर अपने पसंदीदा संगीत का लुत्फ उठा सकते हैं। वी भारतीयों की जरूरतों को पूरा कर उनके आज और आने वाले कल को बेहतर बनाने और उन्हें असीम संभावनाएं उपलब्ध कराने के लिए तत्पर है। वी की यह पेशकश इसे यूजर्स के लिए पसंदीदा प्रीपेड सेवा प्रदाता के रूप में स्थापित करेगी।

**विदेश**

# अफगानिस्तान में 80 बच्चियों को जहर दिया, अस्पताल में भर्ती

**एजेंसी। काबुल**
अफगानिस्तान के उत्तरी इलाके में दो अलग-अलग मामलों में प्राइमरी स्कूल की 80 लड़कियों को जहर दिया गया। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इलाके के शिक्षा अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अगस्त 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद ये पहला ऐसा मामला है। तालिबान पहले ही देश में लड़कियों के छठी कक्षा से आगे पढ़ाई करने पर प्रतिबंध लगा चुका है। जिन स?कूलों में लड़कियों को जहर दिया गया है वो अफगानिस्तान के सर-ए-पुल प्रांत में हैं। दोनों स्कूल आस-पास बताए जा रहे हैं। एक के बाद एक इन स?कूलों को निशाना बनाया गया। सर-ए-पुल के एजुकेशन डिपार्टमेंट के अधिकारी ने बताया कि वो मामले की जांच कर रहे हैं। अभी ये नहीं पता चल पाया है कि लड़कियों को जहर कैसे दिया गया। शुरूआती जांच से



ये किसी की साजिश लग रही है। किसी ने थर्ड पार्टी के जरिए इन लड़कियों को जहर दिलाया है। जिन लड़कियों को जहर दिया गया वो एक से छठी क्लास की बताई जा रही हैं। अफागानिस्तान में 2015 में भी ऐसी घटना हुई थी। तब हेरात प्रांत में स्कूल की 600 बच्चियों को जहर दिया गया था। तब भी किसी संगठन ने इसकी जिम्मेदारी नहीं ली थी। हालांकि उस समय कई मानवाधिकार संगठनों ने तालिबान को घटना का जिम्मेदार ठहराया था। घटना तब हुई है जब 4 दिन पहले अफगानिस्तान की तालिबान हुकूमत ने दुनिया के तमाम देशों से उसे मान्यता देने की बात कही है। इसी सिलसिले में बातचीत के लिए कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन थानी 12 मई को अफगानिस्तान के कंधार गए थे। थानी ने अफगान तालिबान के सुप्रीम लीडर हेबुतुल्लाह अखुंदजादा से कंधार में सीक्रेट मीटिंग की थी। इसकी जानकारी बुधवार को सामने आई।

# रूस ने किया 250 यूक्रेनी सैनिकों को मारने का दावा

**एजेंसी। रूस**
रूस ने डोनटेस्क इलाके में यूक्रेन के बड़े हमले को नाकाम करने का दावा किया है। रूसी सेना ने कहा है कि उन्होंने यूक्रेन के 250 सैनिकों को मारा है और 16 टैकों और कई सैन्य वाहनों को तबाह किया है। रूस की डिफेंस मिनिस्ट्री ने सोमवार को टेलीग्राम चैनल पर बताया की दुश्मन की तरफ से 4 जून को बड़ा हमला लॉन्च किया गया था, जिसमें उन्हें कामयाबी नहीं मिल पाई। यूक्रेन की तरफ से रूस के इस दावे पर अभी तक कोई बयान नहीं दिया गया है। यूक्रेनी सेना के अधिकारी ने सिर्फ ये कहा कि वो लुहांस्क और डोनटेस्क में रूस के कब्जे को पूरा होने से रोकने के लिए पूरी कोशिश की जा रही है। रूस के 23 हमलों को नाकाम किया गया है। रूस ने बताया है कि यूक्रेनी सेना पर हमले के दौरान लड़ाई के मैदान में खुद चीफ ऑफ स्टाफ वैलेरी गैरिसिमोव मौजूद थे। वहीं, रूस के दावे पर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शाम को दिए गए संबोधन में भी कोई जिक्र नहीं किया। उन्होंने सिर्फ ये कहा कि यूक्रेन हमले के लिए तैयार है। दरअसल, काफी समय से यूक्रेन के रूसी सेना पर बड़ा अटैक करने की तैयारियों की बात कही जा रही है। इसके लिए यूक्रेनी सैनिकों को अमेरिका, ब्रिटेन और जर्मनी में बने हथियार चलाने की ट्रेनिंग दी जा रही है। रूस लगातार यूक्रेन की राजधानी कीव समेत दूसरे शहर पर मिसाइलें बरसा रहा है। इसके बदले में यूक्रेन ने भी रूस की सीमा वाले इलाकों में हमले करने शुरू कर दिए हैं। अब लड़ाई रूस के बेल्गोरोद क्षेत्र में पहुंच चुकी है। हमलों से रूस के लोगों में वैसी ही दहशत बैठ गई है, जिससे कीव के लोग 15 महीने से गुजर रहे हैं। यूक्रेन के हमलों में वो क्षेत्र भी शामिल हैं, जो रिहायशी हैं।

# धोखाधड़ी के आरोप में भारतीय मूल की महिला को ब्रिटेन में पढ़ाने पर रोक

**एजेंसी। लंदन**
भारतीय मूल की एक महिला को ब्रिटेन के शिक्षा विभाग ने कम से कम दो साल के लिए शिक्षण से प्रतिबंधित कर दिया है, क्योंकि उसने 2018 में एक स्कूल में अपने खिलाफ धोखाधड़ी के आरोपों को छुपाया था। द बोल्टन न्यूज ने बताया कि दीप्ति पटेल लंदन से बोल्टन चली गईं, जब वह 2018 में मॉस साइड में मैनचेस्टर अकादमी में शारीरिक शिक्षा की प्रमुख बनीं। पटेल ने कहा कि इसका कारण उनके घर पर सशस्त्र चोरी थी, और घटना के बाद परिवार ने दसियों हजार पाउंड के लिए बीमा का दावा किया। लेकिन जांच में पाया गया कि यह एक काल्पनिक चोरी थी और बीमा दावा धोखाधड़ी था। पटेल पर धोखाधड़ी अधिनियम के तहत अपराध का आरोप लगाया गया था, लेकिन जब दोषी ठहराया गया, तब उसने स्कूल को मामले के बारे में बताया। रिपोर्ट में कहा गया है कि उसने छुट्टी के आवेदन पर भी झूठ बोला, यह कहते हुए कि बच्चे को अपॉइंटमेंट पर ले जाना है, जबकि उसे सेंट अल्बंस क्राउन कोर्ट में पेश होना था। फिर उसे मैनचेस्टर अकादमी द्वारा टीचिंग रेगुलेशन एजेंसी (टीआरए) के लिए भेजा गया। पटेल के आचरण पर गौर करने वाले एक स्वतंत्र पैनल ने अपनी रिपोर्ट में कहा, शिक्षकों को स्कूल के लोकाचार, नीतियों और प्रथाओं के लिए उचित और पेशेवर सम्मान होना चाहिए, जिसमें वे पढ़ाते हैं और अपनी उपस्थिति और समय की पाबंदी में उच्च मानकों को बनाए रखते हैं।

**बढ़ी सुरक्षा** — ब्लू स्टार ऑपरेशन की बरसी मनाने के लिए हुए इकट्ठे

# अमेरिका में फिर लहराये गये खालिस्तानी झंडे

**एजेंसी। अमृतसर**
पंजाब में ब्लू स्टार ऑपरेशन की बरसी को लेकर तनाव की स्थिति बनी हुई है। वहीं विदेशों में एक बार फिर खालिस्तानी समर्थक युवाओं को भड़काने की कोशिशों में लगे हैं। बीते रविवार अमेरिका के कैलिफोर्निया में खालिस्तानी समर्थकों बड़ी संख्या में खालिस्तान के झंडे लिए खुलेआम दिखे। गौरतलब है कि 6 जून, यानी कि मंगलवार, स्वर्ण मंदिर में ब्लू स्टार ऑपरेशन की 39वीं बरसी मनाई जाएगी। पुलिस की कोशिश है कि इस साल माहौल को तनावपूर्ण ना होने दिया जाए। जिसके लिए अहम कदम उठाए जा रहे हैं। अर्ध-सैनिक बलों की टुकड़ियां पंजाब



पुलिस के साथ तैनात की गई हैं। ऊ्द्ध (स्पेशल) लॉ एंड ऑर्डर पंजाब अर्पित शुक्ला खुद अमृतसर में हैं। इन सबके उलट विदेश में जा चुके खालिस्तानी समर्थक विदेश व पंजाब दोनों जगह माहौल खराब करने की कोशिशों में जुटे हैं। बीते रविवार कैलिफोर्निया में साउथ फ्रांसिस्को स्थित सिविक सेंटर के बाहर हजारों सिख परिवार इकट्?ठे हुए। इनमें खालिस्तानी समर्थक भी पहुंचे, जिन्होंने खालिस्तानी झंडे फहराए और लोगों व युवाओं को गुमराह करने के भी प्रयास किए। ब्लू स्टार ऑपरेशन की बरसी के अवसर पर पूरे पंजाब में सुरक्षा को बढ़ा दिया गया है। हर जिले में अतिरिक्त फोर्स भेजी गई है। अमृतसर में 3500 जवान तैनात किए गए हैं और 5 टुकड़ियां अर्ध-सैनिक बलों की तैनात की गई हैं। 6 जून को अमृतसर में बंद का आह्वान किया गया है, लेकिन पुलिस ने इसका समर्थन करने व ना करने का निर्णय जनता पर ही छोड़ा है। बीते दिनों ऊ्द्ध शुक्ला ने भी साफ किया कि पुलिस लोगों को सुरक्षा उपलब्ध करवाएगी। जबरदस्ती दुकानें व मार्किट बंद नहीं करने दी जाएंगी। गोल्डन टेंपल में सुबह के समय हर साल की तरह ही ब्लू स्टार ऑपरेशन में मारे गए सिखों के लिए अरदास की जाएगी। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी व उनकी फोर्स की कोशिश रहेगी कि इस साल कोई भी परिसर के अंदर तलवार ना लहराए। हर साल इस तरह की घटना के बाद विश्व में इसका गलत संदेश पहुंचता है।

## पेज एक के शेष

### चतरा : टीएसपीसी के...

अपराधियों स्वीकारोक्ति बयान में पुलिस को बताया है कि कांड का सरगना लातेहार जिले के बारियातु थाना क्षेत्र स्थित रहिया निवासी प्रेम गंझू पिता चमन गंझू प्रभात जी बनकर टीएसपीसी नक्सली संगठन के नाम पर ठेकेदारों व कोल व्यवसायियों को व्हाट्सएप कॉल कर लेवी की मांग व धमकी देता है। उक्त व्यक्ति का कई नक्सली कांडों में संलिप्त रहने का नामजद आरोपी है। एसआइटी में एसडीपीओ के साथ इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह, थाना प्रभारी पिपरवार गोविंद कुमार, पुअनि अशोक कुमार, पुअनि भोलानाथ दास, पुअनि रोहित यादव समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

### स्वास्थ्य मंत्री ने ...

के जरिए मंत्री के दुबई और हैदराबाद से आने को लेकर सीएम से सवाल पूछने की बात कही थी। 17 मई को सोशल मीडिया के माध्यम से यह बातें सरयू राय ने कहीं थी। इस मामले पर विधायक सरयू राय ने कहा कि पहली बार सुना है कि किसी व्यक्ति के कुछ कहे जाने पर मानहानि होता है। अगर यही बात है तो आने वाले दिनों में ऐसे कई अवसर मैं मंत्री को प्रदान करुंगा। यदि उनके मान.सम्मानए मानहानि का फैसला न्यायालय करेए तो इससे बढ़िया और क्या हो सकता है। इसके पहले भी मेरे खिलाफ बन्ना गुप्ता की तरफ से दो केस किए गए हैं। उन मामलों में अब भी अपनी बात पर कायम हूं। मैं कोर्ट के समक्ष अपना जवाब देने के लिए मौका मिलने का इंतजार कर रहा हूं। अब सभी बातें मैं कोर्ट के समक्ष ही रखूंगा।

### झारखंड व आदिवासियों का...

स्वयंसेवकों से कहा कि आप लोग ग्रामों में भी जाकर कार्यक्रम का आयोजन करें तथा ग्रामीणों से संवाद करें। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रत्येक व्यक्ति को महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करना है। लोगों को स्वयं के साथ अन्य को भी पर्यावरण के महत्व के संदर्भ में अवगत कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोग प्लास्टिक का उपयोग कर रहे हैं। उसे कहीं भी फेंक देते हैंए नदियां प्रदूषित हो रही हैं। उन्होंने लोगों से प्लास्टिक को अपने व्यवहार में न अपनाने की अपील की। साथ ही स्वच्छता की दिशा में ध्यान देने के लिए कहा। राज्यपाल सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राज भवन में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ ओ एन सिंह सहित बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के अधिकारी एवं एनएसएस के स्वयंसेवक उपस्थित थे। इस अवसर पर एनएसएस के स्वयंसेवक दिवाकर आनन्द, फलक फातिमा एवं आस्था दीप ने राज्यपाल के समक्ष विचार प्रकट करते हुए पौधरोपण के संदर्भ में अपने अनुभव प्रकट किए। राज्यपाल ने राज भवन में पौधरोपण के क्षेत्र में अच्छे कार्य करने वाले और विचार प्रकट करने वाले एनएसएस के स्वयंसेवकों को सम्मानित किया। इससे पूर्व विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राज्यपाल ने राज भवन में पौधरोपण किया। राज भवन में सोमवार को कुल 50 से अधिक पौधे लगाये गए।

### साइबर ठगों से ...

कॉल और मैसेज आ रहे हैं तो उसकी शिकायत पुलिस में जरूर करें।पार्ट टाइम जॉब स्कैम भी आजकल बूम पर है। पिछले कुछ महीनों से लोगों के पास पार्ट टाइम जॉब को लेकर टेक्स्ट मैसेज आ रहे हैं। इन मैसेज में दावा किया जा रहा है कि सिर्फ यूट्यूब वीडियो लाइक करके आप पैसे कमा सकते हैं। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि ये ठग लोगों के अकाउंट में कुछ पैसे भी भेज दे रहे हैं। ऐसे में लोगों को यकीन हो जा रहा है कि वास्तव में पैसे मिलेंगे। इस तरह के फ्रॉड से भी आपको बचकर रहना है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# भारत ने सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्ति के लिए 5 साल पहले शुरू किया काम: पीएम

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर कहा कि इस वर्ष की थीम सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्ति का अभियान है। जिसकी बात विश्व अब कर रहा है, उस पर भारत ने 5 साल से पहले से ही लगातार काम करना शुरू कर दिया था। देश में साल 2018 में ही एकल उपयोग प्लास्टिक के लिए दो स्तर से काम कर रहा है। एक सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाया और दूसरी तरफ प्लास्टिक की रिसाइकलिंग पर तेजी से काम किया गया। देश में 30 लाख टन प्लास्टिक की पैकेजिंग जरूरी कर दी गई है, जो कि देश का कुल उत्पादन का 75 फीसदी है। विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम को दिए अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी के भारत ने जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण की रक्षा के लिए स्पष्ट दिशा में काम शुरू कर दिया है। भारत ने एक तरफ गरीब लोगों की मदद की है, तो दूसरी तरफ भविष्य की ऊर्जा की आवश्यकता को देखते हुए कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि ग्रीन इकोनॉमिक्स अभियान को जारी रखते हुए भारत ने पिछले 9 सालों में रामसर साइट में तीन गुना बढ़ोतरी की है। उन्होंने कहा कि आज लांच हुए अमृत धरोहर योजना के तहत जनभागीदारी की मदद से रामसर साइट्स का संरक्षण सुनिश्चित हो सकेगा। इसके साथ मिस्टी योजना के माध्यम से मैंग्रोव इकोसिस्टम को जीवन मिलेगा। इससे नौ राज्यों में मैंग्रोव को पुनर्स्थापित किया जा सकेगा और इससे जीवन और आजीविका को साधने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि दुनिया का विकास मॉडल विरोधाभासी है। कुछ विकसित देशों की गलत नीतियों का खमियाजा विकासशील देश उठा रहे हैं। भारत ने विश्व के सामने जलवायु न्याय का सवाल उठाया है। भारत आज अपने इंफ्रास्ट्रक्चर पर अभूतपूर्व तरीके से फोकस कर रहा है।

## भारत क्लाइमेट जस्टिस का मुद्दा उठाता रहा है : प्रधानमंत्री

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत जलवायु न्याय का मुद्दा उठाता रहा है। कुछ विकसित देशों की 'गलत नीतियों' की कीमत गरीब और विकासशील देशों को चुकानी पड़ रही है। विश्व पर्यावरण दिवस के कार्यक्रम में एक वीडियो संदेश में मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि सभी राष्ट्रों को अपने स्वार्थों से ऊपर उठकर विश्व जलवायु की रक्षा के बारे में सोचना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा, लंबे समय तक बड़े और विकसित देशों में विकास का मॉडल विरोधाभासी रहा है। इससे उन्होंने विकास का लक्ष्य हासिल किया लेकिन पर्यावरण को उनके विकास की कीमत चुकानी पड़ी। आज भी दुनिया के विकासशील और गरीब देश कुछ विकसित देशों की गलत नीतियों की कीमत चुका रहे हैं। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि दशकों से विकसित देशों के इस रवैये का विरोध करने वाला कोई नहीं था, हालांकि उन्हें खुशी है कि भारत जलवायु न्याय का सवाल उठाने में कामयाब रहा है।

# भाजपा के खिलाफ गोलबंद विपक्षी पार्टियों की प्रस्तावित बैठक टली

### अब 23 जून को होने की संभावना

**एजेंसी। पटना**

पटना में 12 जून को विपक्षी पार्टियों की प्रस्तावित बैठक टल गयी है। अब यह बैठक 23 जून को होने की संभावना है। यह तीसरा मौका है जब विपक्षी एकता की बैठक को स्थगित किया गया है। बिहार कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि राहुल गांधी विदेश दौरे पर हैं और 12 जून तक उनके लौटने की उम्मीद नहीं है। इसलिए 12 जून की बैठक में वे शामिल नहीं हो सकते। साथ ही तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन भी पटना आने में असमर्थ थे। ऐसे में बैठक को स्थगित करने का यही कारण हो सकता है। उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने रविवार देर रात बैठक टलने के सवाल पर कहा कि बैठक से जुड़ी विस्तृत जानकारी जल्द ही दी जायेगी।

**तीसरी बार टली बैठक :** विपक्षी पार्टियों की बैठक सबसे पहले 19 मई को होने वाली थी लेकिन कर्नाटक विधानसभा चुनाव और वहां कांग्रेस की सरकार बनने के बाद शपथ ग्रहण समारोह को देखते हुए पटना में विपक्षी एकता की बैठक टाल दी गई।

### आरबीआई के डिप्टी गवर्नर ने कहा

# बैंकों की प्रशासनिक खामियां दूर करने के लिए सही समय

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विभिन्न बैंकों में पिछले दिनों पाई गई खामियों और उसके बाद केंद्रीय बैंक द्वारा की गई कार्रवाई की पृष्ठभूमि में आरबीआई के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा है कि बैंकों के प्रशासनिक ढांचे की कमियां दूर करने के लिए यह सही समय है। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर राजेश्वर राव ने कहा, इस मोड़ पर भारत में बैंकिंग क्षेत्र मजबूत, जोखिमों का सामना करने के लिए



तैयार और वित्तीय रूप से सशक्त है। इसलिए, बेहतर भविष्य के लिए प्रशासनिक ढांचे, एश्योरेंस फंकशन और रणनीति की खामियों को दूर करने के लिए यह सही समय है। वह हाल ही में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए आरबीआई द्वारा आयोजित बैंक निदेशकों के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। राव की यह टिप्पणी आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास के उस बयान के कुछ दिन बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि इस मामले में दिशा-निर्देश जारी करने के बावजूद केंद्रीय बैंक ने बैंकों के कॉरपोरेट प्रशासन में कुछ खामियां पाई हैं।

# ओडिशा हादसा क्यों हुआ ?

### भारतीय रेल की सबसे बड़ी खामी व अगले 20 साल का रोडमैप

**एजेंसी। नई दिल्ली**

2 जून की शाम ओडिशा के बालासोर के लिए किसी बुरे सपने से कम नहीं रही। पहले कोरोमंडल एक्सप्रेस की मालगाड़ी से टक्कर, फिर यशवंतपुर एक्सप्रेस की कोरोमंडल की ही बिखरी हुई बोरियों से टक्कर। हुआ क्या- 275 लोगों की दर्दनाक मौत, 1000 से ज्यादा लोग घायल, कई की हालत गंभीर। किसी ने हाथ गंवाया, किसी का पैर गया तो किसी का सिर ही धड़ से अलग हो गया। सब जगह लाशें बिछ गईं और मातम पसर गया। जांच शुरू हो गई है, मुआवजे का ऐलान किया जा चुका है, राजनीति भी चरम पर चल रही है। लेकिन एक सवाल तो वहीं का वहीं रह गया- भारत में रेल हादसे होते क्यों हैं? आजादी के 75 साल हो गए हैं,लेकिन ये विनाशकारी दुर्घटनाएं रुकती क्यों नहीं? कहां चूक रहा है भारतीय रेल? इस समय किन चुनौतियों का सामना कर रहा है रेल? आने वाले 20 सालों का रोडमैप क्या रहना चाहिए? अब इन सभी सवालों का जवाब सरकार दे सकती है, लेकिन वो आकलन कितना निष्पक्ष होगा, ये बताना मुश्किल है। इस पर द इंडियन एक्सप्रेस ने रेलवे के एक सेवानिवृत्त अफसर से बात की। आईआरएसई के पूर्व अधिकारी आलोक कुमार वर्मा ने द इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत में ओडिशा हादसे की वजह से लगायत भारतीय रेल के सामने बड़ी चुनौतियों तथा आने वाले 20 सालों का क्या रोडमैप हो सकता है, इस बारे में बताया।

### सवाल जवाब के रूप में प्रस्तुत है

**सवाल- ओडिशा हादसे का कारण क्या रहा- तकनीकी खराबी या फिर मानवीय भूल?**

देखिए, प्रमुख रूप से तो हम ये मानवीय भूल ही मानेंगे। मान भी लीजिए अगर किसी मशीन में कोई खराबी आई हो, या डिजाइन में कुछ इशू रहा तो, तो भी अंत में इसके तार तो 'ह्यूमन एरर' से ही जुड़ते हैं। वैसे भी हमे हर घटना के हमेशा मानवीय पहलू को ज्यादा तवज्जो देनी चाहिए। उसे टेक्निकल फेलियर बता देना या मशीन में खराबी बताना गलत है। मशीन ठीक तरह से बनी है कि नहीं, वो चेक करना जरूरी रहता है। वो ठीक तरह से मेंटेन हो रही है या नहीं, कोई दिक्कत है तो ठीक किया जा रहा है या नहीं, वो देखना जरूरी रहता है। ऐसे में रेलवे तो पूरी तरह Human Intensive है। कितने लोग काम कर रहे हैं, ट्रैक मैन से लेकर स्टेशन मास्टर, गार्ड तक। ऐसे में अब किसी एक आदमी की गलती हो सकती है या एक से ज्यादा लोग भी जिम्मेदार हो सकते हैं। इस ओडिशा हादसे को लेकर तो मैं साफ कहना चाहूंगा कि जिम्मेदारी तय होना बहुत जरूरी है। ये सरकार इस समय काफी नरम दिखाई दे रही है।मतलब कोई दूसरा देश हो तो वहां तो ऐसे हादसों के बाद जिम्मेदार लोगों को जेल भेज दिया जाता है, कोर्ट में उन पर आपराधिक मामले दर्ज होते हैं। इसी तरह भारत में भी बेमान, झूठे, लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्त एक्शन होना बहुत जरूरी है।

**सवाल- कोरोमंडल और यशवंतपुर में LHB कोच थे, इन्हें काफी सेफ माना जाता है, लेकिन इस हादसे के बाद कहा जाए कि जरूरत से ज्यादा भरोसा कर लिया?**

नहीं, मेरी नजरों में ऐसा निष्कर्ष निकालना गलत है। वर्तमान स्थिति में LHB कोच ही बेस्ट हैं। समझने वाली बात ये है कि हमने 1998 के करीब इन LHB कोच को खरीदा था, ऐसे में ये कहा जा सकता है कि उनमें अपग्रेडेशन की जरूरत है। लेकिन वो काफी अच्छे और अभी कई और सालों तक उनका इस्तेमाल किया जा सकता है। वो सुरक्षा के लिहाज से भी सही हैं, ऐसे में हादसे के बाद सीधे कोच को जिम्मेदार बता देना गलत है। मुझे इस बात पर कोई संदेह नहीं है कि LHB मजबूत और सुरक्षित कोच हैं।

**सवाल- आप कह रहे हैं कि LHB बेस्ट हैं, लेकिन सच्चाई ये है कि 275 लोगों की मौत हुई है, इस पर क्या बोलेंगे?**

हमे ये नहीं भूलना चाहिए कि इस हादसे में सबसे ज्यादा क्षति जनरल क्लास की बोगियों को हुई है, स्लीपर डिब्बों में भी काफी नुकसान हुआ है। ऐसे में बड़ा मुद्दा ओवरक्राउडिंग का है, इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। कोच आपको कुछ चोटों से बचा सकता है,लेकिन अगर इतनी भीड़ होगी, और फुल स्पीड में दो ट्रेनों की टक्कर होगी, तो ऐसी स्थिति में तो कोच भी क्या ही कर लेगा। ऐसे में हमे तो ओवरक्राउडिंग की चिंता करनी चाहिए। ये सुरक्षा के लिहाज से खतरनाक है। यात्रियों का भी इसमें नुकसान ही है, वो पूरी टिकट का पैसा देते हैं, लेकिन कितनी खराब स्थिति में उन्हें ट्रैवल करना पड़ता है।

**सवाल- आपने ये बहुत बड़ा मुद्दा उठाया है, आप कहना चाहते हैं कि इस हादसे में जो ज्यादा मौते हुई, उसका कारण ये भीड़ है?**

मैं ये बात पिछले कई सालों से कह रहा हूं। मैंने 2017 में इंडियन एक्सप्रेस में इसे लेकर एक आर्टिकल भी लिखा था। भारत की सबसे बड़ी चुनौती ही Over Congestion है। हमारे ट्रंक रूट्स बहुत ज्यादा इस्तेमाल हो रहे हैं, उन पर काफी आवाजाही है। मैं तो यहां तक कहूंगा कि हम एक तरह से अपने ट्रैक्स का शोषण कर रहे हैं, जितनी क्षमता नहीं है, उससे कई ज्यादा ट्रेनें चलाई जा रही हैं।

# दिल्ली हाईकोर्ट से सिसोदिया का जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में आप के नेता मनीष सिसोदिया को अंतरिम जमानत देने से सोमवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने हालांकि सिसोदिया को हिरासत में रहने के दौरान एक दिन सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे के बीच अपनी बीमार पत्नी से मिलने की अनुमति दे दी। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री ने अंतरिम जमानत का अनुरोध करते हुए कहा था कि उनकी बीमार पत्नी की देखभाल करने वाला उनके अलावा कोई और नहीं है। मामले में नियमित जमानत के लिए सिसोदिया की याचिका उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित है।

### अंबानी-एंटीलिया मामला

# प्रदीप शर्मा को सुप्रीम राहत छह माह की अंतरिम जमानत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने उद्योगपति मुकेश अंबानी के घर एंटीलिया को 2021 में बम से उड़ाने की साजिश रचने और व्यवसायी मनसुख हिरेन की हत्या के आरोपित व पूर्व पुलिस अधिकारी प्रदीप शर्मा को राहत दी है। जस्टिस अनिरुद्ध बोस की अध्यक्षता वाली अवकाशकालीन बेंच ने प्रदीप शर्मा को छह हफ्ते की अंतरिम जमानत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने प्रदीप शर्मा को बीमार पत्नी से मिलने के लिए अंतरिम जमानत दी है। 29 मई को कोर्ट ने अंतरिम जमानत के लिए अलग से अर्जी दाखिल करने की मांग को स्वीकार कर ली थी। प्रदीप शर्मा की ओर से कहा गया कि इस मामले में वह दो सालों से जेल में बंद हैं। याचिकाकर्ता की पत्नी का 2015 में गैस्ट्रिक बाइपास सर्जरी के लिए ऑपरेशन किया गया था। अभी उनको गंभीर समस्या है उनका वजन 6 किलो कम हो गया है। शर्मा की ओर से मानवीय आधार पर अंतरिम जमानत देने की मांग की गई। सुनवाई के दौरान एएसजी एसवी राजू ने कहा कि प्रदीप शर्मा की पत्नी नियमित रूप से अस्पताल में उनसे मिलने आती रही हैं। मेरे पास इसका रिकॉर्ड भी हैं। तब कोर्ट ने पूछा कि अतिरिक्त दस्तावेज दाखिल करने की मांग वाली अर्जी में आप अंतरिम जमानत कैसे ले सकते हैं।

# मणिपुर में सुरक्षा बलों ने लूटे गए 790 हथियार बरामद किए

**इम्फाल।** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने 790 परिष्कृत और स्वचालित हथियार तथा 10,648 गोला-बारूद बरामद किए हैं, जो 3 मई को हुए जातीय दंगों के दौरान पुलिस और विभिन्न अन्य प्रतिष्ठानों से लूटे गए थे। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस बीच, मणिपुर के विभिन्न जिलों से पिछले 24 घंटे में हिंसा की कई घटनाओं की खबरें आ रही हैं, हालांकि अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मीडिया रिपोर्टें में कहा गया है कि इम्फाल पश्चिम जिले में भीड़ द्वारा कम से कम तीन लोगों को जिंदा जला दिया गया या पीट-पीटकर मार डाला गया।




# अपने पति की मौत का बदला लेने के लिए 'मिजार्पुर 3' में आ रही ईशा तलवार



**एक्ट्रेस** ईशा तलवार फिलहाल 'मिजार्पुर 3' का इंतजार कर रही हैं। अपनी भूमिका के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि जब कोई एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, तो दिलचस्प ड्रामे के अलावा किसी और चीज की उम्मीद न करें। एक्ट्रेस माधुरी यादव की भूमिका में हैं। सीजन 3 में वह मुन्ना भैया की पत्नी के रूप में नजर आएंगी और अपने पति की मौत का बदला लेने के लिए गुड्डू पंडित (अली फजल) और गोलू गुप्ता (श्वेता त्रिपाठी शर्मा) से मुकाबला करेंगी। ईशा ने कहाः माधुरी यादव, जैसा कि हमने पहले ही मिजार्पुर सीजन 2 में देखा था, कालीन भैया से सत्ता लगभग छीन ली थी, जिसका किरदार पंकज त्रिपाठी ने निभाया था। जब आप शो में इस तरह के एक महत्वपूर्ण किरदार को देखते हैं, तो ड्रामा के अलावा कुछ भी उम्मीद न करें। यह अगला भाग शो के करीब एक और कहानी के लिए छोड़ा जा सकता है क्योंकि मुन्ना की मौत के बारे में दर्शक अभी भी भ्रमित हैं, मैं इसे व्यक्तिगत अनुभव से जानती हूं।



# नहीं रहे महाभारत के शकुनि मामा

**लोकप्रिय** सीरीज "महाभारत" में शकुनि मामा का किरदार निभाने वाली गुफी पेंटल का निधन हो गया है। पिछले कुछ दिनों से उनका इलाज अस्पताल में चल रहा था लेकिन इलाज के दौरान सोमवार को उनका निधन हो गया। उनके को-स्टार सुरेंद्र पाल ने अभिनेता के निधन की खबर की पुष्टि की है। उनका पिछले 10 दिनों से मुंबई के एक अस्पताल में इलाज चल रहा था। दिलचस्प बात यह है कि पिछले दो दिनों से उनकी हालत में सुधार हो रहा था। ऐसे में परिवार को उम्मीद थी कि वह जल्द ही घर लौट आएंगे। वह कुछ सालों से दिल और किडनी से जुड़ी बीमारियों से पीड़ित थे। गुफी पेंटल का आज सुबह करीब साढ़े नौ बजे निधन हुआ। उनके पार्थिव शरीर का आज दोपहर चार बजे ओशिवारा श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया जाएगा। फैंस गुफी पेंटल के जल्द ठीक होने की दुआ कर रहे थे लेकिन आखिरकार इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। अब सेलेब्रिटीज के साथ-साथ फैंस भी उनके निधन पर शोक जता रहे हैं।

# 3 दिवसीय चित्रपट झारखंड फिल्म फेस्टिवल का आयोजन 23 जून से

**रांची।** चाईबासा लाइव समूह के संस्थापक जितेंद्र ज्योतिषी द्वारा निर्मित निर्देशित फिल्म 'आदिविद्रोही' को जून माह में होने वाले चित्रपट फिल्म समारोह के लिये चयनित किया गया है,यह फिल्म वर्ष 1831-32 के कोल विद्रोह पर आधारित है। फिल्म के पहले स्थान पर चयनित होने पर फिल्म के निमार्ता निर्देशक जितेंद्र ज्योतिषी ने इसे पूरी टीम की उपलब्धि बताया है। यह फिल्म आगामी 23 -24-25 जून को राजधानी रांची में सरला बिरला विश्वविद्यालय, टाटीसिलवे में होने वाले फिल्म फेस्टिवल में बिग स्क्रीन पर प्रदर्शित होगी। इस फिल्म की शूटिंग 2020 में चाईबासा और मशहूर सेरेंगसिया घाटी में हुई थी। फिल्म में मुख्य भूमिका में है फिल्म के निर्देशक जितेंद्र ज्योतिषी और संदीपिका राय,राहुल शर्मा, रवि वर्मा, राकेश पांडे। छायांकन सोलमेंन और संगीत बाबुल का है।

# हिट मशीन खेसारीलाल का गाना 'हमार जिला' रिलीज



**हिट** मशीन व भोजपुरी अभिनेता खेसारीलाल यादव का नया धमाकेदार गाना 'हमार जिला' रिलीज होने के साथ ही सोशलमीडिया पर वायरल हो गया। यह गाना सोमवार को ही आदिशक्ति फिल्म्स के यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है, जिसे लाखों लोगों ने अब तक देख चुके हैं। इस गाना के रिलीज होने के अवसर पर पटना में खेसारीलाल यादव ने कहा कि मैं अपने काम को सर्वोपरि मानता हूँ, जो भोजपुरी समाज के दर्शकों के लिए मनोरंजन का काम करती है। मैं दिन रात एक कर अपने फिल्म और गानों की मेकिंग में खुद को झोंक देता हूं। यही वजह है कि आज मैं एक बार फिर से आपने श्रोताओं के सामने एक नए धमाकेदार गाने के साथ खड़ा हूँ। खेसारी लाल यादव ने कहा कि मेरा गाना 'हमार जिला' आज आदिशक्ति फिल्म्स से रिलीज हुआ है। मैंने इस चैनल के लिए ढेर सारे गाने गाये हैं, जहां दर्शकों ने मेरे गाने को तो खूब पसंद किया ही। साथ ही इस चैनल को भी नई ऊंचाईओं पर लेकर गए।

### दौरा: रक्षा मंत्री ने रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन के साथ की द्विपक्षीय बैठक

# दोनों देशों की साझेदारी महत्वपूर्ण : राजनाथ

**एजेंसी। नई दिल्ली**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में संयुक्त राज्य अमेरिका के रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। दो दिवसीय यात्रा पर रविवार को भारत पहुंचे अमेरिकी रक्षा सचिव ने आज राष्ट्रीय राजधानी में मानेकशॉ सेंटर में राजनाथ सिंह की उपस्थिति में तीनों सेनाओं के गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। ऑस्टिन की यह यात्रा प्रमुख रूप से भारत-अमेरिका के नए रक्षा नवाचार, औद्योगिक सहयोग की पहल को आगे बढ़ाने, अमेरिका और भारतीय सेनाओं के बीच परिचालन सहयोग का विस्तार करने के प्रयासों को जारी रखने पर केंद्रित होगी।

भारत आने के बाद अमेरिकी रक्षा सचिव ने ट्वीट किया, ₹मैं अपनी प्रमुख रक्षा साझेदारी को मजबूत करने के बारे में चर्चा के लिए प्रमुख नेताओं से मिलने के लिए भारत आ रहा हूं। हम एक मुक्त और खुले इंडो-पैसिफिक के लिए भारत के साथ साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ा रहे हैं।₹ वहीं भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ट्वीट किया कि नई दिल्ली में अपने दोस्त ऑस्टिन से मिलकर खुशी हुई। हमारी वार्ता रणनीतिक हितों और सुरक्षा सहयोग में वृद्धि सहित कई क्षेत्रों में रक्षा सहयोग बढ़ाने के इर्द-गिर्द घूमती है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र को सुनिश्चित करने के लिए भारत-अमेरिका की साझेदारी महत्वपूर्ण है। हम सभी क्षेत्रों में अमेरिका के साथ निकटता से काम करने की आशा करते हैं और रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत कर रहे हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड जे ऑस्टिन क्क्क ने सोमवार को मानेकशॉ सेंटर में द्विपक्षीय वार्ता की। भारतीय सैन्य बलों के प्रमुख (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने और रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग (डीआरडीओ) के अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत भी वार्ता में शामिल हुए। भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गासेटी भी बैठक के दौरान उपस्थित थे।